

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो०: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार समाज जागरण RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्ष: 4 अंक: 99 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 17 जनवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## नगर निकाय चुनावों में जीत पर फडणवीस ने भाजपा प्रदेश इकाई को सराहा

समाज जागरण

महाराष्ट्रः भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन के 29 में से अधिकांश नगर निगमों में बढ़त हासिल करने और शुरूआती रुझानों में बीएमसी में भाजपा-शिवसेना गठबंधन के बहुमत का आंकड़ा पार करने के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने वीडियो कॉल के जरिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण और मुंबई इकाई के अध्यक्ष अमीत साटम को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

*मुख्यमंत्री फडणवीस ने रविंद्र चव्हाण के नेतृत्व में महाराष्ट्र में भाजपा की शानदार और ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी*

मुख्यमंत्री फडणवीस ने रविंद्र चव्हाण के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा, "आदरणीय रविंद्र चव्हाण जी, आपको बहुत-बहुत बधाई। आपके नेतृत्व में पार्टी ने पूरे महाराष्ट्र में उल्लेखनीय जीत हासिल की है। यह वास्तव में एक ऐतिहासिक और शानदार विजय है। मैं दिल से आपको बधाई देता हूं।"

फडणवीस और चंद्रशेखर बावनकुले ने अमीत साटम और भाजपा-महायुति की शानदार चुनावी सफलता पर बधाई दी

इसके बाद उन्होंने अमीत साटम को भी बधाई देते हुए कहा, "अमीत, बहुत-बहुत बधाई! आपने



बेहतरीन काम किया है। अब चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। आपका प्रदर्शन शानदार रहा है और मुझे आप पर गर्व है। आगे भी इसी तरह अच्छे परिणाम की उम्मीद है।" इस बीच, राजस्व मंत्री और 29 नगर निगम चुनावों के लिए भाजपा के प्रभारी चंद्रशेखर बावनकुले ने भी पार्टी की सफलता और महायुति के प्रदर्शन के लिए मुख्यमंत्री को बधाई दी।

*बावनकुले ने महायुति की प्रचंड बढ़त और देवाभाऊ नेतृत्व में महाराष्ट्र की प्रगति, सुशासन और विकास पर जोर दिया*

बावनकुले ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, "विकास का तूफान... विश्वास की अजेय लहर... और जनता की अटूट निष्ठा! महाराष्ट्र के हर कोने से गूंजती आवाज-देवाभाऊ का नेतृत्व ही महाराष्ट्र की नियति है।

# महाराष्ट्र नगर निकाय चुनाव में महायुति गठबंधन की प्रचंड जीत

महाराष्ट्र/ समाज जागरण - महाराष्ट्र में 'मिनी विधानसभा' माने जाने वाले नगर निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने शानदार प्रदर्शन किया। राज्य के 29 नगर निगमों में से अधिकांश में गठबंधन ने बढ़त हासिल की।

**पीएम मोदी ने जताई खुशी**

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखाः*

"धन्यवाद महाराष्ट्र! राज्य की ऊजार्वान जनता ने एनडीए के जनहितैषी सुशासन के एजेंडे को



आशीर्वाद दिया है। महाराष्ट्र भर की जनता के प्रति मेरी कृतज्ञता। यह वोट प्रगति को गति देने और राज्य की गौरवशाली संस्कृति का जश्न मनाने का प्रतीक है।"

पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए कार्यकर्ताओं ने महाराष्ट्र में जनता के बीच अथक परिश्रम किया और गठबंधन के उत्कृष्ट कार्यों को जनता के सामने रखा।

### जेपी नड्डा का बयान

**भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहाः**

"महाराष्ट्र के नगर निगम चुनावों में भाजपा एवं शिवसेना की प्रचण्ड विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में डबल इंजन सरकार की विकासोन्मुखी नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर जनता की मुहर है।"

उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उप-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण, मुंबई भाजपा अध्यक्ष अमित साटम और सभी कार्यकताओं को हार्दिक बधाई दी।

### अमित शाह का संदेश

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह प्रचंड जीत दशार्ती है कि महाराष्ट्र की जनता का विश्वास केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए की विकासनीति पर है।

महाराष्ट्र के नगर निकाय चुनाव परिणाम न केवल राज्य में महायुति गठबंधन की ताकत को दशार्ते हैं, बल्कि आने वाले समय में विकास और जनकल्याण के एजेंडे के लिए जनता की प्रतिबद्धता का भी संकेत हैं।

# सीबीआईसी का बड़ा फैसला, डाक द्वारा भेजे जाने वाले माल पर बढ़ाया इंसेंटिव, ई-कॉमर्स और MSME को मिलेगा फायदा

समाज जागरण

नई दिल्लीः भारत के ई-कॉमर्स और छोटे कारोबारियों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने एक अहम कदम उठाया है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने डाक के माध्यम से भेजे जाने वाले माल पर एक्सपोर्ट इंसेंटिव का दायरा बढ़ा दिया है। अब इलेक्ट्रॉनिक तरीके से डाक के जरिए किए गए निर्यात पर भी ड्यूटी ड्रॉबैक, आरओडीटीईपी और आरओएससीटीएल जैसी योजनाओं का लाभ मिलेगा।

सरकार के इस फैसले से खास तौर पर एमएसएमई, छोटे कारोबारी और छोटे शहरों व दूरदराज के इलाकों से निर्यात करने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। डाक के जरिए कम मात्रा में सामान भेजने वाले निर्यातक अब बड़े निर्यातकों के मुकाबले ज्यादा बेहतर तरीके से प्रतिस्पर्धा कर पाएंगे। इससे उनकी लागत घटेगी और विदेशी बाजारों तक पहुंच आसान होगी।

इन सुविधाओं को लागू करने के लिए सीबीआईसी ने डाक निर्यात (इलेक्ट्रॉनिक घोषणा और



प्रसंस्करण) विनियम, 2022 में संशोधन को मंजूरी दी है। इसके तहत डाक के रास्ते निर्यात किए गए माल पर अब आसानी से शुल्क वापसी और अन्य प्रोत्साहन मिल सकेंगे। इस संबंध में 15 जनवरी 2026 को अधिसूचना जारी की गई है, जिसमें नई प्रक्रिया और नियमों की जानकारी दी गई है।

पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने ई-कॉमर्स निर्यात को मजबूत करने के लिए कई डिजिटल और नीतिगत सुधार किए हैं। विदेश व्यापार नीति 2023 में पहली बार डिजिटल व्यापार और सीमा पार ई-कॉमर्स को बढ़ावा देने के लिए अलग अध्याय जोड़ा गया है। इसमें डाक, कोरियर और ई-कॉमर्स के जरिए निर्यात को आसान बनाने पर जोर दिया गया है।

फिलहाल देश में सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के तहत 28 विदेशी डाकघर अधिसूचित हैं। डाक निर्यात से जुड़ी प्रक्रियाओं को पूरी तरह डिजिटल बनाया गया है, ताकि निर्यातकों को कम कागजी काम करना पड़े। इसके अलावा, सितंबर 2024 से डाक निर्यात पर आईजीएसटी रिफंड की प्रक्रिया भी स्वचालित कर दी गई है, जिससे रिफंड जल्दी मिलने लगा है।

ई-कॉमर्स निर्यात को और आसान बनाने के लिए सीबीआईसी और डाक विभाग ने मिलकर 'हब एंड स्पोक' मॉडल शुरू किया है। इसके तहत देशभर में 1,000 से ज्यादा डाक निर्यात केंद्र बनाए गए हैं, जहां से निर्यात पार्सल की बुकिंग और प्रोसेसिंग होती है। इससे छोटे कारोबारियों को सीधे अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच मिल रही है।

डाक के जरिए निर्यात पर इंसेंटिव बढ़ाने का यह फैसला निर्यात को सरल, सस्ता और ज्यादा समावेशी बनाने की दिशा में सरकार का एक और अहम कदम माना जा रहा है। इससे न सिर्फ भारत के ई-कॉमर्स निर्यात को नई रफ्तार मिलेगी, बल्कि तेजी से बदलते वैश्विक व्यापार में देश की स्थिति भी और मजबूत होगी।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 392 मिलियन डॉलर बढ़कर 687 बिलियन डॉलर हुआ

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 9 जनवरी को समाप्त हुए हफ्ते में



392 मिलियन डॉलर बढ़कर 687 बिलियन डॉलर हो गया है। यह जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से शुक्रवार को दी गई।

आरबीआई ने कहा कि 9 जनवरी को समाप्त हुए हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार के अहम घटक गोल्ड रिजर्व की वैल्यू 1.56 बिलियन डॉलर बढ़कर 112.83 बिलियन डॉलर हो गई है। गोल्ड रिजर्व में बढ़ोतरी की एक वजह सोने की कीमतों का तेजी के बढ़ना है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने का दाम बीते एक हफ्ते में करीब 2.5 प्रतिशत और पिछले एक महीने में करीब 5.5 प्रतिशत बढ़ चुका है।

विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक फॉरेन करेंसी एसेट्स (एफसीए) की वैल्यू 1.12 बिलियन डॉलर कम होकर 550.86 बिलियन डॉलर रह गई है। एफसीए में डॉलर के साथ दुनिया की अन्य बड़ी करेंसी जैसे येन, यूरो और पाउंड शामिल होती हैं, जिनकी वैल्यू को डॉलर में व्यक्त किया जाता है।

# अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जापान के साथ काम भारत की सर्वोच्च प्राथमिकता: जयशंकर

समाज जागरण

नई दिल्लीः विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत और जापान के बीच बढ़ते संबंधों की सराहना करते हुए कहा कि भारत क्वाड, संयुक्त राष्ट्र और जी-20 जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जापान के साथ मिलकर काम करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के रिश्ते अब केवल आर्थिक सहयोग तक सीमित नहीं रहे, बल्कि व्यापक और रणनीतिक साझेदारी में बदल चुके हैं।



### 18वें इंडिया-जापान रणनीतिक डायलॉग में अहम बयान

नई दिल्ली में आयोजित 18वें इंडिया-जापान रणनीतिक डायलॉग के दौरान जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी के साथ शुरूआती टिप्पणी में एस जयशंकर ने कहा कि पिछले दो दशकों में भारत-जापान संबंधों ने नया आयाम हासिल किया है।

### क्वाड, संयुक्त राष्ट्र और जी-20 में साझा प्राथमिकता

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, "भारत जापान के साथ अपनी दोस्ती को बहुत अधिक प्राथमिकता देता है। आज हम अंतरराष्ट्रीय फोरम पर जापान के साथ काम करने को सबसे ज्यादा महत्व देते हैं, जिनमें क्वाड, संयुक्त राष्ट्र, जी4 सदस्यता और जी-20 प्रमुख हैं।"

### इंडो-पैसिफिक दृष्टिकोण में समानता

उन्होंने कहा कि इंडो-पैसिफिक को राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक ढांचे के रूप में उभारने की नींव जापान के एक प्रधानमंत्री ने भारतीय संसद में अपने भाषण के जरिए रखी थी। जयशंकर ने कहा कि भारत का इंडो-पैसिफिक विजन, जापान के 'फ्री और ओपन इंडो-पैसिफिक' दृष्टिकोण से काफी मेल खाता है।

### अनिश्चित वैश्विक हालात में साझा जिम्मेदारी

विदेश मंत्री ने मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत और जापान के साझा रणनीतिक लक्ष्यों पर मिलकर काम करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "हम अग्रणी लोकतंत्र हैं और बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं। आज हमारे पास सिर्फ अवसर नहीं, बल्कि वैश्विक व्यवस्था को आकार देने की जिम्मेदारी भी है।"

### 2027 में 75 साल पूरे करेंगे राजनयिक संबंध

जयशंकर ने कहा कि भारत और जापान वर्ष 2027 में अपने राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मनाएंगे। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की 'खास, रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी' लगातार मजबूत होती जा रही है।

### इंडो-पैसिफिक और वेस्ट एशिया में साझा हित

विदेश मंत्री ने कहा कि जापानी विदेश मंत्री की हालिया फिलीपींस, कतर, इजरायल और फिलिस्तीन यात्रा भारत और जापान के इंडो-पैसिफिक तथा वेस्ट एशिया में साझा हितों को दशार्ती है। उन्होंने कहा कि यह ऊर्जा संचार और क्षेत्रीय स्थिरता में दोनों देशों की समान सोच को भी रेखांकित करता है।

### भारत-जापान दोस्ती रणनीति से कहीं आगे

जयशंकर ने कहा कि भारत और जापान की दोस्ती केवल रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी तक सीमित नहीं है। इसकी झलक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान के वर्तमान व पूर्व प्रधानमंत्रियों-फ्यूमियो किशिदा और शिंजो आबे के बीच मजबूत व्यक्तिगत और राजनीतिक संबंधों में भी दिखाई देती है।

## श्रेयस अय्यर की टी20 टीम में वापसी, तिलक की जगह मौका

समाज जागरण

नई दिल्ली. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी पांच मैचों की T20कसीरीज से पहले टीम में हुए कुछ बदलावों का ऐलान किया है. 16 जनवरी को बोर्ड ने एक अपडेट में बताया कि टॉप-ऑर्डर बल्लेबाज श्रेयस अय्यर T20 वर्ल्ड कप से ठीक पहले भारत की T20कटीम में वापसी कर रहे हैं. हालांकि, उन्हें तिलक वर्मा की जगह शुरूआती तीन मैचों के लिए ही टीम से जोड़ा गया है. वहीं, दूसरा बदलाव रवि बिश्नोई के रूप में हुआ है. ये बदलाव ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर के चोटिल होने के चलते सीरीज से बाहर होने के बाद किया गया है. सुंदर को 11 जनवरी को वडोदरा के इउअ स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे के दौरान बॉलिंग करते समय साइड स्ट्रेन हो गया था.

## 'स्टार्टअप इंडिया' के 10 साल पूरे, पीएम मोदी ने दी बधाई

नई दिल्ली / समाज जागरण - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 'स्टार्टअप इंडिया' पहल के 10 साल पूरे होने पर सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप बदलाव के ऐसे इंजन हैं जो हमारी अर्थव्यवस्था और समाज के भविष्य को आकार दे रहे हैं।

**पीएम मोदी का संदेश**

**प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखाः**

*"राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के मौके पर स्टार्टअप की दुनिया से जुड़े सभी लोगों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। आज का दिन खास है, क्योंकि आज 'स्टार्टअप इंडिया' की शुरूआत को एक दशक पूरा हो गया है। यह दिन हमारे लोगों, खासकर हमारे युवाओं की हिम्मत, इनोवेशन की भावना और एंटरप्रेन्योरशिप के जज्बे का जश्न मनाने का है, जिन्होंने ग्लोबल स्टार्टअप इकोसिस्टम में भारत की तरक्की को आगे बढ़ाया है।"*

पीएम मोदी ने इस अवसर पर देश के युवाओं और उद्यमियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि स्टार्टअप केवल रोजगार के अवसर ही नहीं बढ़ा रहे हैं, बल्कि भारत को वैश्विक इनोवेशन हब बनाने में भी मदद कर रहे हैं।

# 16 जनवरी से बदलेगा मौसम, यूपी के कई जिलों में घने कोहरे का अलर्ट जारी

समाज जागरण

लोनी गाजियाबाद : उत्तर प्रदेश में सर्दी और कोहरे का असर लगातार बना हुआ है। मौसम विभाग ने 16 जनवरी को लेकर अपना नया पूर्वानुमान जारी किया है, जिसमें राज्य के कई जिलों में घने से बहुत घने कोहरे की चेतावनी दी गई है। कोहरे की गंभीरता को देखते हुए कई इलाकों में ऑरेंज और येलो अलर्ट भी घोषित किया गया है।

मौसम विभाग के सूत्रों के अनुसार देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर और सहारनपुर सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, का काबिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल और बदायूं जिलों में दृश्यता बेहद कम रहने की संभावना है। मौसम विभाग के सूत्रों का कहना है कि कुछ स्थानों पर विजिबिलिटी शून्य के करीब पहुंच सकती है। घने कोहरे के चलते दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा सकती है, जिससे कोल्ड डे की स्थिति बनने के आसार हैं। सूर्य की रोशनी पर्याप्त रूप से जमीन तक नहीं पहुंच पाएगी, जिससे ठंड का असर और बढ़ सकता है।

प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे खासकर हाईवे पर यात्रा करते समय सतर्क रहें। वाहन चलाते समय फॉग लाइट का इस्तेमाल करें और अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी गई है।


## समाज जागरण - न्यू ईयर कैलेंडर 2026

समाज जागरण आपके लिए ला रहा है विशेष एक-पेज न्यू ईयर कैलेंडर 2026।

यह कैलेंडर सरल, आकर्षक और संपूर्ण साल की महत्वपूर्ण तिथियों के साथ डिजाइन किया गया है। इसे घर, ऑफिस या दुकान में सजाया जा सकता है, जिससे आपका ब्रांड सालभर पाठकों की नजरों में रहेगा।

| पेकेज | मुल्य (₹) | लाभ |
|---|---|---|
| मुख्य प्रायोजक | ₹25,000 | ऊपर ब्रांड लोगो |
| गोल्ड प्रायोजक | ₹12,500 | नीचे ब्रांड लोगो |
| सिल्वर प्रायोजक | ₹6,500 | छोटा लोगो / संदेश |
| ब्रांड संदेश | ₹4,000 | 1 लाइन संदेश |

**प्रायोजक बनने का अवसर**

*हम इस विशेष कैलेंडर के लिए प्रतिष्ठित ब्रांड्स और व्यापारिक संस्थाओं को आमंत्रित करते हैं:*

आपका ब्रांड लोगो कैलेंडर के ऊपर या नीचे प्रमुख स्थान पर

एक पेज पर ही पूरी साल की दृश्यता

पाठकों के साथ सालभर निरंतर जुड़ाव

डिजिटल और प्रिंट दोनों संस्करणों में प्रचार

सीमित प्रायोजन स्थान - जल्दी करें और इस अवसर का लाभ उठाएँ।

//गाइडेंस//

## परीक्षाओं का मौसम - और भय, तनाव और चिंता

**प्रीतम कुमार पाठक**
**बेगूसराय, बिहार**

परीक्षाओं का मौसम शुरू हो गया है। केंद से राज्य स्तर तक की संस्था इसकी तैयारी में लगी हैं। इन सबके केन्द्र में है आज का छात्रवर्ग । इनके मन में एक अलग ही तनाव और चिंता का माहौल घर कर जाता है। छात्रों के बीच परीक्षा का भय इस कदर व्याप्त होता है कि वो अपनी सम्पूर्ण प्रतिभा और वर्षभर की मेहनत को बेकार कर देते हैं । ऐसे में इस पर बात करना आवश्यक प्रतीत होता है ।



क्योंकि यह समय उनके शैक्षिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो उन्हें भविष्य के लिए मानसिक और भावनात्मक विकास को मजबूती प्रदान करता है । छात्र और अभिभावक यदि कुछ
बातों का ध्यान में रखें तो परीक्षा के तनाव को बहुत हद तक कम किया जा सकता है ।

दवाब, चिंता, और तनाव का कारण-
परीक्षाओं के दरम्यान छात्रों के मन में तनाव और चिंता का इस कदर बढ़ जाना इसका प्रमाण है कि वे अपने भविष्य के प्रति अधिक चिंता करते हैं, अपने अभिभावकों की उम्मीदों को पूरा करने का दबाव महसूस करते हैं। यह तनाव और चिंता उनके मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। साथ ही, उनके प्रदर्शन को भी प्रभावित करता है।
परीक्षा का दबाव छात्रों के लिए बहुत अधिक होने पर उन्हें तनाव, अवसाद, और अन्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसी परीक्षा किस काम की जो अच्छे खासे स्वस्थ छात्र को मरीज बना दे!

परीक्षाओं का सामना करने के लिए छात्र और अभिभावक को कुछ सामान्य बातों को समझना होगा। जिसे अमल में लाकर इस भय, तनाव को भगाया जा सकता है-

1.समय प्रबंधन करना बहुत महत्वपूर्ण है। अध्ययन की अवधि को छोटे-छोटे अंतराल में बाँट कर पढ़ने से समझने में आसानी होती है। समय का सही प्रबंधन प्रत्येक छात्र के लिए जरूरी होता है। अपने स्वयं की समय-सारणी बनाकर
उसे उपयोग में लाये।

2. छात्रों को सम्बंधित विषय की पाठ्य-पुस्तक को अच्छी तरह से पढ़ना चाहिए। स्वयं के द्वारा तैयार नोट्स को नियमित रूप से अध्ययन करते रहना चाहिए।

3. छात्रों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान भी देना चाहिए। कहा गया है कि "स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का वास होता है।"
संतुलित और पोषणयुक्त आहार का सेवन नियमित रूप से करने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभ होता है।

4. छात्रों को नियमित रूप से पढ़ने के साथ-साथ व्यायाम
पर भी ध्यान देना चाहिए। ताकि यादाश्त बना रहे। नकारात्मक विचार मन में न आये।

5. सोच सकारात्मक हो तो नई ऊर्जा का संचार होता है। इसलिए छात्रों अपने आप पर विश्वास करना चाहिए। अपने आत्मबल को दृढ़ रखना चाहिए।

परीक्षाओं के इस माहौल में माता-पिता से यह आशा है कि अपने बच्चे के भय व तनाव को कम करने का प्रयास करें। व्यर्थ का दवाब बना कर उन्हें परेशान न करें । अपने अच्छे की तुलना अन्य से करके उनके भीतर हीनभावना को विकसित न होने दें। उनसे बातचीत करें। यदि बच्चा तनाव महसूस करे हो कारण जानने का प्रयास करें । इन सावधानी को अपना कर परीक्षा के तनाव को कम किया जा सकता है।

# आय अनुमान से बेहतर, मुनाफा उम्मीद से कम

## जियो ने दिखाई मजबूती




वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में रिलायंस का संचयी शुद्ध मुनाफा 0.4 फीसदी बढ़कर 18,645 करोड़ रुपये रहा जो वित्त वर्ष 2025 की समान तिमाही में 18,165 करोड़ रुपये था

रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) की आय चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में बाजार के अनुमान से बेहतर रही मगर मुनाफा थोड़ा कम रहा। कंपनी की संचयी शुद्ध आय वित्त वर्ष 2026 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 10.4 फीसदी बढ़कर 2.65 लाख करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2.4 लाख करोड़ रुपये थी। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी की आय करीब 2.55 लाख करोड़ रुपये थी। रिलायंस की आय विश्लेषकों के औसत अनुमान 2.61 लाख करोड़ रुपये से करीब 3 फीसदी अधिक रही।

वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में रिलायंस का संचयी शुद्ध मुनाफा 0.4 फीसदी बढ़कर 18,645 करोड़ रुपये रहा जो वित्त वर्ष 2025 की समान तिमाही में 18,165 करोड़ रुपये था। बीती 12 तिमाही के दौरान कंपनी का शुद्ध मुनाफा 17,000 करोड़ रुपये से 20,000 करोड़ रुपये के दायरे में रहा है। कंपनी का मुनाफा इसी हफ्ते बिजनेस स्टैंडर्ड द्वारा संकलित विश्लेषकों के औसत अनुमान 20,269.6 करोड़ रुपये से करीब 9.5 फीसदी कम रहा।

रिलायंस की एकल शुद्ध बिक्री चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 2.6 फीसदी घटकर 1.21 लाख करोड़ रुपये रही।
रिलायंस समूह की डिजिटल और दूरसंचार इकाई का प्रदर्शन दमदार रहा। इसकी तुलना में रिटेल और तेल एवं गैस कारोबार में नरमी देखी गई। रिटेल इकाई की आय वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में 8.4 फीसदी बढ़ी जबकि एबिटा महज 0.3 फीसदी बढ़ा। तीसरी तिमाही में रिलायंस की कुल आय में ओ2सी और डिजिटल सेवा कारोबार की हिस्सेदारी करीब 73 फीसदी रही।

नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में रिलायंस का समग्र प्रदर्शन सभी कारोबार में बेहतर रहा। उन्होंने कहा कि रिलायंस आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में निवेश के जरिये मूल्य सृजन के नए चरण में प्रवेश कर रही है और इन क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाएगी।

वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में कंपनी का एबिटा मार्जिन पिछली तीन तिमाहियों में सबसे कम रहा और 3 साल के औसत मार्जिन 19.3 फीसदी से लगभग 70 आधार अंक कम रहा।

जियो प्लेटफॉर्म्स का लाभ 11.2 फीसदी बढ़कर 7,629 करोड़ रुपये हो गया। तिमाही के दौरान इसके ग्राहकों की संख्या बढ़कर 51.53 करोड़ हो गई जबकि प्रति ग्राहक औसत राजस्व बढ़कर 213.7 रुपये रहा। जियो प्लेटफॉर्म्स की आय वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में 43,683 करोड़ रुपये रही।

समूह की खुदरा कारोबार इकाई रिलायंस रिटेल का शुद्ध मुनाफा 2.1 फीसदी बढ़कर 3,558 करोड़ रुपये रहा। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कंपनी ने 431 नए स्टोर खोले और क्विक कॉमर्स में रोजाना 16 लाख ऑर्डर हासिल किए। वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में रिटेल इकाई की आय 86,951 करोड़ रुपये रही जो पिछले साल की समान अवधि के 9.2 फीसदी अधिक है।

# मीडिया और लोकतंत्र के बेहतर संतुलन से समाज को नई दिशा।

***मीडिया समाज व सरकार के बीच विवेक का सेतु'***

**मीडिया का भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में बड़ी और महत्वपूर्ण भूमिका है'**

लोकतांत्रिक समाज में मीडिया की भूमिका केवल सूचना पहुँचाने तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि वह समाज की चेतना को दिशा देने, सत्ता को प्रश्नों के कटघरे में खड़ा करने और जनमानस के विवेक को जाग्रत रखने का दायित्व भी निभाता है। मीडिया वस्तुतः वह आईना है, जिसमें समाज स्वयं को देखता है और सरकार अपनी छवि पहचानती है। इसीलिए मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा गया है, जो विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका इन तीनों स्तंभों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखता है।
भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में मीडिया की भूमिका ऐतिहासिक रही है। राष्ट्रवादी चेतना के निर्माण में अखबारों और पत्रिकाओं ने जो भूमिका निभाई, वह किसी भी राजनीतिक आंदोलन से कम नहीं थी। इसी परंपरा के संवाहक, स्वतंत्रता सेनानी और महान पत्रकार स्वर्गीय माखनलाल चतुर्वेदी ने 'कर्मवीर' के पुनः प्रकाशन (1925) के अवसर पर जो आत्मसंयम और नैतिकता की बात कही थी।वह आज के मीडिया परिदृश्य में और भी अधिक प्रासंगिक हो उठती है। उन्होंने लिखा था कि "प्रभु करें, इस सेवा में मुझे अपने दोषों का पता रहे और आडंबर, अभियान और आकर्षण मुझे पथ से भटका न पाए।" यह वाक्य आज के मीडिया के लिए नैतिक उद्घोषणा की तरह है।
पिछले दो तीन दशकों में मीडिया के स्वरूप में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। प्रिंट मीडिया से आगे बढ़कर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, फिर डिजिटल और सोशल मीडिया तक की यात्रा ने सूचना को अत्यंत सुलभ बना दिया है। टेलीविजन, सिनेमा, इंटरनेट, फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और ट्विटर जैसे मंच आज गाँवझगाँव तक अपनी पहुँच बना चुके हैं। परिणामस्वरूप समाज के रहन-सहन, भाषा, व्यवहार, सोच और जीवनशैली पर मीडिया का गहरा प्रभाव पड़ा है। विशेषकर युवा वर्ग, महिलाएँ और बच्चे इस प्रभाव के सबसे संवेदनशील केंद्र बन गए हैं।
मीडिया की शक्ति का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि वह जनमत का निर्माण करने में सक्षम है। जनमत के निर्माण से ही समाज में परिवर्तन की प्रक्रिया प्रारंभ होती है चाहे वह जनक्रांति हो या लोकतांत्रिक सुधार। इतिहास गवाह है कि मीडिया के दबाव और खुलासों के कारण कई देशों में सरकारें बदलीं और सत्ता के समीकरण उलट गए। भारत में भी चारा घोटाला, 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला, कोयला घोटाला, राष्ट्रमंडल खेल घोटाला, मैच फिक्सिंग जैसे अनेक मामलों में मीडिया ने भ्रष्टाचार के पर्दे हटाकर सत्ता को जवाबदेह बनाया।
यूरोप के प्रसिद्ध पत्रकार जिम मॉरिसन का कथन–"जनसंचार माध्यमों पर नियंत्रण करना बुद्धि पर नियंत्रण करना है" मीडिया की शक्ति को रेखांकित करता है। इसी तरह नेपोलियन बोनापार्ट का यह कथन भी ऐतिहासिक है कि "मैं लाखों संगीनों की अपेक्षा तीन विरोधी समाचार पत्रों से अधिक डरता हूँ।" ये वक्तव्य सिद्ध करते हैं कि मीडिया केवल सूचना नहीं, बल्कि सत्ता का संतुलन है। परंतु आधुनिक मीडिया का दूसरा पक्ष भी उतना ही चिंताजनक है। ग्लैमर, टीआरपी की होड़, सनसनी और पीत पत्रकारिता ने मीडिया की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगाए हैं। पेड न्यूज, विज्ञापन आधारित कंटेंट और कॉर्पोरेट स्वामित्व ने मीडिया को कई बार जनहित से दूर कर दिया है। आज भारत के अधिकांश बड़े मीडिया संस्थानों का स्वामित्व बड़े औद्योगिक घरानों के हाथ में है, जिनके व्यावसायिक हित कई बार निष्पक्ष पत्रकारिता के मार्ग में बाधा बनते हैं।
सरकारें भी मीडिया प्रबंधन पर भारी धनराशि खर्च कर अपनी छवि गढ़ने का प्रयास करती हैं। विज्ञापन, सरकारी प्रचार और सूचना नियंत्रण के माध्यम से मीडिया को प्रभावित करने की प्रवृत्ति बढ़ी है। दूसरी ओर, मीडिया संस्थानों की आर्थिक मजबूरियाँ भी वास्तविक हैं—क्योंकि मीडिया चलाना अत्यधिक पूंजी, तकनीक और मानव संसाधन की माँग करता है। ऐसे में व्यावसायिक दबाव और नैतिक दायित्व के बीच संतुलन बनाना मीडिया के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गया है।
इसके बावजूद, मीडिया का दायित्व समाप्त नहीं होता। लोकतंत्र में निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदार मीडिया ही जनता का वास्तविक मार्गदर्शक बन सकता है। मीडिया का कार्य केवल मनोरंजन या सनसनी फैलाना नहीं, बल्कि राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक गतिविधियों की सच्ची तस्वीर प्रस्तुत करना है। चुनाव के समय तो मीडिया की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है, क्योंकि वही जनता को नीतियों, विचारधाराओं और नैतिक मूल्यों से अवगत कराता है।
आज जब समाज तीव्र आधुनिकता के दौर से गुजर रहा है, तब मीडिया को केवल आधुनिकता का वाहक नहीं, बल्कि संवेदनशीलता का संरक्षक भी बनना होगा। आधुनिकता यदि मानवीय मूल्यों से कट जाए, तो वह केवल उपभोक्तावाद बनकर रह जाती है। मीडिया को यह सुनिश्चित करना होगा कि तकनीक और सूचना की गति के साथ-साथ विवेक, संवाद और सत्य की गति भी बनी रहे।
अंततः कहा जा सकता है कि एक स्वतंत्र राष्ट्र में स्वतंत्र, सशक्त और उत्तरदायी मीडिया की नितांत आवश्यकता है। मीडिया यदि लोकतंत्र का प्रहरी है, तो उसे स्वयं भी नैतिक अनुशासन और आत्मालोचना के दायरे में रहना होगा। जब मीडिया समाज की आवाज बने, सरकार को जवाबदेह बनाए और सत्य के पक्ष में निर्भीकता से खड़ा हो–तभी वह अपने चौथे स्तंभ होने की गरिमा को सार्थक कर सकता है।

**संजीव ठाकुर**
**वरिष्ठ पत्रकार**
**स्तंभकार,चिंतक,लेखक,**
**रायपुर, छत्तीसगढ़,**
**9009415415,**

# डॉक्टर बीमार क्यों है और चपरासी सबसे ज्यादा समझदार क्यों?




आज का दौर अंकों और योग्यताओं के अजीब विरोधाभास से गुजर रहा है। जिस शिक्षा व्यवस्था का उद्देश्य प्रतिभा को निखारना और मेहनत को सम्मान देना था, वही व्यवस्था आज एक कड़वे व्यंग्य का विषय बन चुकी है। हालात इतने विचित्र हो गए हैं कि 40 प्रतिशत अंक पाने वाला "डॉक्टर" बनकर समाज का रक्षक कहलाता है, जबकि 90 प्रतिशत अंक लाने वाला उसी डॉक्टर के सामने फाइल थामे खड़ा दिखाई देता है। यह दृश्य सिर्फ किसी व्यक्ति की विडंबना नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम पर करारा तमाचा है।

शिक्षा अब ज्ञान का माध्यम नहीं, बल्कि कागजी प्रमाणपत्रों का खेल बनती जा रही है। अंकों का असली मूल्य मेहनत और समझ से नहीं, बल्कि कोटा, सिफारिश, रसूख और प्रबंधन सीटों से तय होने लगा है। जो छात्र वर्षों तक रात-रात भर जागकर पढ़ाई करता है, वह यह मानकर चलता है कि उसकी मेहनत एक दिन उसे ऊँचाइयों तक ले जाएगी। लेकिन जब वही छात्र देखता है कि कम अंक वाला व्यक्ति प्रभाव और धन के सहारे बड़े पदों पर पहुँच गया, तो उसके आत्मविश्वास पर गहरा आघात लगता है।
यह विडंबना केवल नौकरी तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की नैतिकता पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। जब जिम्मेदार पदों पर योग्यता के बजाय व्यवस्था की चालाकियाँ बैठा दी जाती हैं, तो परिणाम पूरे समाज को भुगतने पड़ते हैं। क्या हम सच में ऐसे डॉक्टर, इंजीनियर या अधिकारी चाहते हैं, जिनकी योग्यता अंकों से नहीं, बल्कि संपर्कों से तय हुई हो? और क्या हम उस प्रतिभा को हमेशा चपरासी, क्लर्क या अस्थायी कर्मचारी बनाकर कुचलते रहेंगे, जिसने सच में मेहनत की है?
यह व्यंग्य हमें हँसाता नहीं, बल्कि भीतर से बेचैन करता है। यह सोचने पर मजबूर करता है कि अगर यही क्रम चलता रहा, तो आने वाली पीढ़ियाँ मेहनत पर नहीं, जुगाड़ पर भरोसा करेंगी। शिक्षा का उद्देश्य तब केवल डिग्री पाना रह जाएगा, इंसान बनाना नहीं।
असल जरूरत व्यवस्था को आईना दिखाने की है। ताकि एक दिन ऐसा न हो कि समाज यह सवाल पूछे– "डॉक्टर बीमार क्यों है और चपरासी सबसे ज्यादा समझदार क्यों?" यही इस व्यंग्य की सबसे बड़ी सच्चाई और सबसे कड़वी हँसी है।

## अभावों की मिठास

//कहानी//
*डॉ.मधुछंदा चक्रवर्ती,*
*(सिलचर,असम से)*

---

सिलचर की सर्द हवाएं हड्डियों को कँपा रही थीं। रूपक ने अपनी फटी हुई चादर को थोड़ा और कस लिया। वह एक दिहाड़ी मजदूर था, जिसके हाथों की लकीरें ईंटें ढोते-ढोते घिस चुकी थीं। उसकी पत्नी नैनामती दूसरों के घरों में बर्तन मांजकर शाम को जब घर लौटती, तो दोनों की थकान एक-दूसरे को देख कर और बढ़ जाती।
"कल पौष संक्रांति है," नैनामती ने चूल्हे की राख साफ करते हुए धीरे से कहा। "मुन्ना पूछ रहा था कि क्या इस बार उसे भी ह्यचुंगा पीठाह्य खाने को मिलेंगे?"
रूपक खामोश रहा। जेब में सिर्फ कुछ सिक्के थे, जिनसे अगले दो दिन का राशन भी मुश्किल था। संक्रांति का मतलब था–नए कपड़े, खजूर का गुड़ (नोलन गुड़), बिरौन चावल का पीठा, तिल के लड्डू । गरीबी के इस दौर में ये चीजें किसी शाही दावत से कम नहीं थीं।
अगली सुबह, पूरा शहर उत्सव की तैयारी में था। रूपक काम की तलाश में चौक पर खड़ा रहा, लेकिन कड़ाके की ठंड के कारण कंस्ट्रक्शन का काम बंद था। वह खाली हाथ घर लौटने लगा, तो रास्ते में उसे खेतों से 'नेरा'(पराली) ले जाते लोग दिखे। उसने सोचा, 'भले पेट खाली रहे, पर अपने बच्चे के लिए छोटा सा 'मेड़ा-मेड़ी घर' तो बना ही सकता हूँ।' उसने कुछ गिरे हुए बाँस और पराली इकट्ठा की और शाम तक आंगन में एक नन्हा सा मेड़ाझमेड़ी घर खड़ा कर दिया। मुन्ना की आँखों में चमक देख उसे पल भर की खुशी मिली, पर पेट की भूख और त्योहार का अधूरापन उसे साल रहा था।
तभी नैनामती आई, उसकी आँखों में आँसू थे। जिस घर में वह काम करती थी, वहां उसे आज छुट्टी दे दी गई थी और पगार भी अगले हफ्ते मिलने वाली थी। उम्मीद की आखिरी किरण भी धुंधली पड़ गई।
तभी दरवाजे पर एक पुरानी साइकिल की घंटी बजी। वह उनके पुराने मालिक, प्रमोद बाबू थे। रूपक सालों पहले उनके बागान में काम करता था। प्रमोद बाबू के हाथ में एक भारी थैला था।
"रूपक रे! घर पर है क्या?" उन्होंने आवाज दी। "आज शहर आया था, सोचा तुझे पौष संक्रांति की कुछ सामग्री दे दूँ। तेरे हिस्से का पुराना बकाया भी बाकी था।"
थैले में चावल, मैदा,आटा, कुछ मीठे आलू , खजूर के गुड़ की एक भेली और ताजा नारियल था। रूपक और नैनामती की आँखों में कृतज्ञता के आँसू छलक आए। वह महज राशन नहीं, एक उम्मीद थी।
रात के सन्नाटे में, नैनामती ने सिलहटी परंपरा के अनुसार चूल्हा सुलगाया। उसने चावल के आटे को गूँथकर नन्हे-नन्हे चुंगा पीठा' और पाटीशापटा बनाए। दूध तो कम था, पर गुड़ की खुशबू ने पूरे झोपड़े को महका दिया। उधर रूपक ने आंगन में पवित्र 'बौनी' (धान की बालियां) बांधी, ताकि घर में बरकत बनी रहे।
अगली सुबह सूरज निकलने से पहले, उन्होंने मुन्ना के साथ मिलकर मेड़ाझ मेड़ी घर में अग्नि प्रज्वलित की। कड़कड़ाती ठंड में आग की तपिश और हाथ में गरम-गरम पीठे का कटोरा–रूपक और नैनामती के लिए यह किसी भी बड़े उत्सव से बढ़कर था।
अभावों के बीच, पुराने मालिक की उदारता और अपनी जड़ों के प्रति प्रेम ने उनकी संक्रांति को सार्थक कर दिया था। मुन्ना के चेहरे पर गुड़ की मिठास और मुस्कान देखकर रूपक को लगा कि उसकी दिहाड़ी आज वसूल हो गई है।

## बिरजू महाराज



बिरजू महाराज (वास्तविक नाम- बृजमोहन नाथ मिश्रा, अंग्रेजीः Birju Maharaj जन्म- 4 फरवरी, 1938, लखनऊ; मृत्यु- 17 जनवरी, 2022, दिल्ली) भारत के प्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्य कलाकारों में से एक थे। वे भारतीय नृत्य की 'कथक' शैली के आचार्य और लखनऊ के 'कालका-बिंदादीन' घराने के एक मुख्य प्रतिनिधि थे। ताल और घुँघुरूओं के तालमेल के साथ कथक नृत्य पेश करना एक आम बात है, लेकिन जब ताल की थापों और घुँघुरूओं की रूंझन को महारास के माधुर्य में तब्दील करने की बात हो तो बिरजू महाराज के अतिरिक्त और कोई नाम ध्यान में नहीं आता। बिरजू महाराज का सारा जीवन ही इस कला को क्लासिक की ऊँचाइयों तक ले जाने में ही व्यतीत हुआ। उन्हें भारत के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'पद्म विभूषण' (1986) और 'कालीदास सम्मान' समेत अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था। उन्हें बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय और खैरागढ़ विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की मानद उपाधि भी मिली थी।

### जन्म तथा शिक्षा

बिरजू महाराज का जन्म 4 फरवरी, 1938 को लखनऊ, उत्तर प्रदेश के 'कालका बिन्दादीन घराने' में हुआ था। पहले उनका नाम 'दुखहरण' रखा गया था, जो बाद में बदल कर 'बृजमोहन नाथ मिश्रा' हुआ।[1] इनके पिता का नाम जगन्नाथ महाराज था, जो 'लखनऊ खराने' से थे और अच्छन महाराज के नाम से जाने जाते थे। अच्छन महाराज की गोद में महज तीन साल की उम्र में ही बिरजू की प्रतिभा दिखने लगी थी। इसी को देखते हुए पिता ने बचपन से ही अपने यशस्वी पुत्र को कला दीक्षा देनी शुरू कर दी। किंतु इनके पिता की शीघ्र ही मृत्यु हो जाने के बाद उनके चाचाओं, सुप्रसिद्ध आचार्यों शंभू और लच्छू महाराज ने उन्हें प्रशिक्षित किया। कला के सहारे ही बिरजू महाराज को लक्ष्मी मिलती रही। उनके सिर से पिता का साया उस समय उठा, जब वह महज नौ साल के थे।
भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ा कत्थक नृत्य बिरजू महाराज को विरासत में मिला। उनके पूर्वज ईश्वरी प्रसाद मिश्र इलाहाबाद के हंडिया तहसील के रहने वाले थे और उन्हें कत्थक के पहले ज्ञात शिक्षक के रूप में जाना जाता है। इसी खानदान के ठाकुर प्रसाद नवाब वाजिद अलीशाह के कत्थक गुरु थे। कत्थक नृत्य के मामले में आज के समय में बिरजू महाराज का कोई सानी नहीं है। पिता अच्छन महाराज के साथ महज सात साल की उम्र में ही वह देश के विभिन्न हिस्सों में जाकर अपनी प्रस्तुति देने लगे थे, लेकिन उनकी पहली एकल प्रस्तुति रही बंगाल में आयोजित 'मन्मथनाथ गुप्त समारोह' में, जहाँ उन्होंने 'शास्त्रीय नृत्य' के दिग्गजों के समक्ष अपनी नृत्य कला का प्रदर्शन किया था। तभी उनकी प्रतिभा की झलक लोगों को मिल गई थी और इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।
उन्होंने नृत्य के पारंपरिक विषयों में जहाँ बोल्ड और बौद्धिक रचनाओं का समावेश किया वहीं उनकी समसामयिक कार्यों में भी ताजगी कूट कूटकर भरी है। पिता के देहांत के बाद ही बिरजू महाराज की गुरु बहन डॉ. कपिला वात्स्यायन उन्हें अपने साथ दिल्ली ले आई थीं।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

## नोएडा पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर का किया पदार्फाश, 5 साइबर ठग गिरफ्तार

नोएडाः नोएडा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ कर 05 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 01 लैपटॉप, 16 मोबाइल फोन, 45 कॉल डाटा शीट और 01 प्रिंटर बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार आरोपी बीमा पॉलिसी की राशि वापस दिलाने और लोन दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी करते थे तथा ठगी की रकम को फर्जी बैंक खातों में ट्रांसफर कराते थे।

नोएडा पुलिस ने आमजन से अपील की है कि अजनबी कॉल, लुभावने ऑफर और इनाम के लालच से बचें तथा किसी भी साइबर ठगी की सूचना तुरंत 1930 पर दें।

# वारंट ऑफिसर योगेश की हत्या के गुनहगारों को सजा दिलाने में कही पुलिस खुद ही ना कर बैठे कोई गुनाह

## (मृतक की पत्नी और साले के सनसनीखेज खुलासों से पुलिस जांच में झोल)

समाज जागरण

लोनी, 16 जनवरीः विगत 26 दिसंबर को लोनी थाना क्षेत्र में रिटायर्ड वारंट ऑफिसर योगेश हत्याकांड के मामले में उसकी पत्नी और साले ने जिस तरह कई सनसनीदार खुलासे किए हैं उससे पुलिस की जांच में कई झोल नजर आते है। अब ऐसा ना हो की कही गुनहगारों को सजा दिलाने के मामले में जाने-अनजाने पुलिस खुद ही कोई गुनाह न कर बैठे।



उल्लेखनीय है कि विगत 26 दिसंबर को वारंट ऑफिसर योगेश कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। संदर्भ में मृतक के पुत्र नीतेश ने पिता योगेश(58) की अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गोली मारकर फरार हो जाने के मामले में थाना लोनी पर धारा 103 (1) बी एनएस के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करवाया था। पुलिस जांच में अरविंद कुमार पुत्र रनवीर सिंह व नवीन कुमार पुत्र गजेंद्र सिंह के नाम सामने आए. पुलिस ने अरविंद को 31 दिसंबर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस हत्याकांड के मामले में पीसी के दौरान एसीपी लोनी ने पत्रकारो को बताया था कि पकड़े गए अभियुक्त अरविंद कुमार ने मृतक के पुत्रों नितेश व गुड्डू से 5 लाख की सुपारी लेकर अपने बहनोंई नवीन के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया हैं।

### पुलिस वार्ता में हुए नए खुलासे

मृतक के साले धीरज और पत्नी लता ने बताया कि अभियुक्त अरविंद व उसके बहनोई नवीन ने एक साजिश के तहत अपना बचाव व मुकदमे को कमजोर करने के उद्देश्य से इस घटना में मृतक योगेश के दोनों पुत्रों नितेश व गुड्डू की भूमिका बताते हुए पुलिस को गुमराह किया है। जबकि अभियुक्त अरविंद कभी घटना को अंजाम देने की योजना एक नाई की दुकान पर, तो कभी अपने मकान की छत पर बनाने की बात करता है. पुलिस ने इसकी जांच करना जरूरी नहीं समझा और ना ही आरोपियों के बताए समयनुसरा नितेश और गुड्डू दोनों भाइयों की लोकेशन जानने का प्रयास किया हैं!

मृतक के साले धीरज ने खुलासा किया है कि उसके बहनोई योगेश के कॉलोनी में रहने वाले अभियुक्त अरविंद (जो पहले से 8 से अधिक मर्डर कर चुका है) की बहन के साथ नाजायज संबंध थे. इस बात की जानकारी पाकर वह योगेश से रंजीस रखने लगा था. उसने एक षड्यंत्र के तहत अपने बहनोई नवीन (यूपी पुलिस में कांस्टेबल) संग मिलकर उसकी हत्या कर दी और इस मामले में उसी के पुत्रों पर 5 लाख की सुपारी देकर हत्या करने का आरोप मंढ दिया हैं। दरअसल न जाने क्यों.? पुलिस ने नितेश और गुड्डू के मामले में बिना जांच पड़ताल किए जल्दबाजी में उन्हें दोषी मान रही हैं।

## गौतमबुद्धनगरः 18 जनवरी को सभी मतदान केन्द्रों पर बीएलओ पढ़ेंगे आलेख्य निर्वाचक नामावलियां

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 16 जनवरी 2026ः अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रकाशित आलेख्य निर्वाचक नामावलियां दिनांक 06.01.2026 से समस्त मतदान केन्द्रों, बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ), निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय (तहसील) और जिला निर्वाचन कार्यालय में निःशुल्क निरीक्षण हेतु उपलब्ध हैं। निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण की अवधि में दिनांक 06.01.2026 से 06.02.2026 तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी।

उन्होने आगे बताया कि 18 जनवरी 2026 (रविवार) को प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक जनपद के सभी मतदान केन्द्रों/मतदेय स्थलों पर बीएलओ द्वारा मतदाताओं की उपस्थिति में आलेख्य निर्वाचक नामावलियां पढ़ी जाएंगी। इस दौरान पदाभिहित अधिकारी और सुपरवाइजर भी उपस्थित रहेंगे।

बीएलओ बैठक से पूर्व मतदाताओं को सूचना देंगे और अधिकतम मतदाताओं की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। बैठक में मतदाता सूची में त्रुटियां/अशुद्धियां होने पर नियमानुसार संशोधन किया जाएगा। सभी बीएलओ अद्यतन मतदाता सूची, फार्म-6, 7 व 8 और घोषणा पत्र (अनुलग्नक-4) साथ लाएँगे। 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी नए मतदाता अपने नाम निर्वाचक नामावलियों में सम्मिलित कराने के लिए फार्म-6 और दस्तावेज प्रस्तुत कर सकेंगे।

उप जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त विद्यालय और अन्य मतदेय स्थल 18 जनवरी को सुबह 10:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक खुले रहेंगे। पदाभिहित अधिकारी, बीएलओ और सहयोगी अध्यापक/कार्मिक इस कार्य में मदद करेंगे। सभी निर्वाचक और सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपने क्षेत्र में भ्रमण कर कार्य पूरा कराएँगे और शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ब्लैक आउट मॉक ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा बैठक

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 16 जनवरी 2026ः नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर 23 जनवरी 2026 को शारदा यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाली ब्लैक आउट मॉक ड्रिल की सफल तैयारी के लिए जिला प्रशासन व्यापक तैयारियों में जुटा है।



इस क्रम में जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा विभाग प्रियंका ने मॉक ड्रिल की संपूर्ण कार्ययोजना, प्रक्रिया और विभागीय सहभागिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिक सुरक्षा, राहत एवं बचाव कार्यों में जागरूकता बढ़ाना और विभागों के आपसी समन्वय का अभ्यास करना है।

**मॉक ड्रिल के दौरान निम्न गतिविधियां शामिल होंगीः**

हवाई हमले की चेतावनीः सायरन बजाकर प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित कर ब्लैक आउट।

सुरक्षा अभ्यासः नागरिकों द्वारा जमीन पर लेटकर सुरक्षित शरण लेने की प्रक्रिया।

अग्नि एवं राहत कार्यः

स्वयंसेवक छोटी आग पर काबू पाएंगे।

अग्नि शमन विभाग बड़ी आग बुझाने का प्रदर्शन करेगा।

घायलों को प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करना।

गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को एम्बुलेंस द्वारा अस्पताल पहुँचाना।

ध्वस्त भवनों से फंसे लोगों को सुरक्षित निकालना।

मॉक ड्रिल में न्यूनतम 50 नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक, पावर कारपोरेशन, अग्नि शमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, डीडीएमए, पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन सक्रिय रूप से सहभागिता करेंगे। आपदा मित्रों के माध्यम से राहत एवं बचाव कार्यों का प्रशिक्षण और तकनीकी सहयोग भी प्रदान किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को सुरक्षित, प्रभावी और समन्वित कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल के माध्यम से आमजन को आपात स्थितियों में सतर्कता और आत्म सरक्षा के उपायों की जानकारी मिले, जिससे किसी भी आपदा की स्थिति में जानमाल की हानि न्यूनतम की जा सके।

इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उबैद, जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुर्वेदी, शारदा यूनिवर्सिटी कर्नल सुरेंद्र सिंह, परिवहन विभाग, पुलिस विभाग और जिला प्रशासन के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

## उत्तर प्रदेश दिवस-2026: भव्य व ऐतिहासिक आयोजन की तैयारियों में जुटा जिला प्रशासन

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 16 जनवरी 2026ः उत्तर प्रदेश की स्थापना की ऐतिहासिक स्मृति को चिरस्थायी बनाने और प्रदेश की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं विकासात्मक उपलब्धियों को जनता तक पहुँचाने के उद्देश्य से 24 से 26 जनवरी, 2026 तक मनाए जाने वाले 'उत्तर प्रदेश दिवस-2026' के भव्य आयोजन को लेकर जिला प्रशासन सभी संबंधित विभागों के साथ तैयारियों में जुट गया है।



इस क्रम में जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा एवं समन्वय बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने बैठक में बताया कि इस वर्ष उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन "विकसित उत्तर प्रदेश–विकसित भारत" की थीम पर किया जाएगा। राज्य स्तरीय मुख्य समारोह लखनऊ के राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर आयोजित होगा, जबकि जनपद स्तर पर सांस्कृतिक, साहित्यिक, सामाजिक एवं विकासपरक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों, साहित्यकारों, कवियों और सांस्कृतिक संस्थाओं को विशेष मंच प्रदान किया जाएगा।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और प्रदर्शनियों, संगोष्ठियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन सुनिश्चित करें। साथ ही उत्तर प्रदेश दिवस के अंतर्गत युवा दिवस, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती, राष्ट्रीय पर्यटन दिवस, मतदाता जागरूकता दिवस एवं गणतंत्र दिवस जैसे महत्वपूर्ण अवसरों को भी कार्यक्रमों में शामिल किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद-एक उत्पाद (ODOP), स्टार्टअप, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, मिशन शक्ति, पर्यटन, कला-संस्कृति, इतिहास और सरकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं, महिलाओं, किसानों, शिल्पकारों, उद्यमियों, चिकित्सकों और प्रतिभाशाली व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आग्रह किया ताकि यह आयोजन जनसहभागिता के साथ भव्य, अनुकरणीय और स्मरणीय बन सके।

इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार सहित प्राधिकरण, नगर पालिका, नगर पंचायत एवं अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रमः नए मतदाताओं के पंजीकरण एवं संशोधन हेतु विशेष अभियान तिथियां घोषित

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 16 जनवरी 2026ः अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों का आलेख्य प्रकाशन 06.01.2026 को किया गया तथा दावे/आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 06.01.2026 से 06.02.2026 तक रहेगी।

**विशेष अभियान के तहत चार तिथियां निर्धारित की गई हैं:**

17 जनवरी 2026 (शनिवार)
18 जनवरी 2026 (रविवार)
31 जनवरी 2026 (शनिवार)
01 फरवरी 2026 (रविवार)

इन दिनों बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने मतदेय स्थलों पर प्रातः 10:30 बजे से सायं 04:30 बजे तक उपस्थित रहकर फार्म-6, 7 और 8 प्राप्त करेंगे।

फार्मों का विवरण इस प्रकार हैः

फार्म-6ः प्रथमवार पंजीकरण हेतु नए मतदाता।

फार्म-6कः प्रवासी निर्वाचक द्वारा पंजीकरण हेतु।

फार्म-7ः नाम सम्मिलित करने/अपमार्जित करने के प्रस्ताव पर आपत्ति हेतु।

फार्म-8ः निवास परिवर्तन, संशोधन या मतदाता पहचान पत्र का प्रतिस्थापन, दिव्यांग चिन्हांकन।

**आवेदन जमा करने के स्थानः**

अपने पोलिंग बूथ के इछड के पास तहसील स्थित मतदाता पंजीकरण केंद्र (VRC)

तहसील के तहसीलदार/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय

उप जिलाधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय

जो मतदाता 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं, वे फार्म-6 (घोषणा पत्र सहित) भर सकते हैं।

24 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाता विशेष रूप से फार्म-8 का उपयोग करके नाम जोड़वा सकते हैं। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रमः विशेष रोल प्रेक्षक की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक सम्पन्न

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 16 जनवरी 2026ः भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिले में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा हेतु आज कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विशेष रोल प्रेक्षक/संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार निखिल गजराज ने की।



इस अवसर पर विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम और उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार उपस्थित रहे।

विशेष रोल प्रेक्षक निखिल गजराज ने बताया कि 06 जनवरी 2026 को निर्वाचन नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन सफलतापूर्वक किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि 06 जनवरी से 06 फरवरी 2026 तक सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ के माध्यम से दावे और आपत्तियां प्राप्त की जा रही हैं। इस दौरान नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, नाम हटाने या संशोधन के लिए फॉर्म-6, 7 एवं 8 का प्रयोग किया जा रहा है।

उन्होंने आगे बताया कि मतदाता सूची को सटीक, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से 17, 18, 31 जनवरी और 01 फरवरी 2026 को विशेष अभियान दिवस आयोजित किए जाएंगे, जिनमें अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में सम्मिलित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अब तक की गई कार्यवाही पर विस्तृत फीडबैक प्राप्त किया गया। राजनीतिक दलों ने जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि प्रशासन द्वारा उन्हें पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। उनके सझावों और आपत्तियों पर समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई की गई।

विशेष रोल प्रेक्षक ने निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए कि अरऊ (एब्सेंट, शिफ्टेड, डेड) सूची और नो-मैपिंग मतदाताओं की सूची राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई जाए, जिससे मतदाता सूची और अधिक विश्वसनीय और शुद्ध बने। उन्होंने राजनीतिक दलों से अपील की कि वे अपने स्तर पर नए और योग्य मतदाताओं को जागरूक करें और अधिक से अधिक लोगों को मतदाता सूची में नामांकन हेतु प्रेरित करें।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की अब तक की कार्यवाहियों की बिंदुवार जानकारी दी और आश्वस्त किया कि बैठक में दिए गए सभी दिशा-निर्देशों का पालन संबंधित अधिकारियों द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा।

**बैठक में उपस्थित प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिः**

भाजपाः जिला महामंत्री धर्मेंद्र कोरी

कांग्रेसः जिला महासचिव कपिल भाटी

सपाः जिला अध्यक्ष सुधीर भाटी, सचिव अनुज तिवारी

बहुजन समाज पार्टीः जिला सचिव एड0 ओम प्रकाश सिंह

सीपीआई(एम): प्रभारी अरुण प्रताप सिंह

आम आदमी पार्टीः पूर्व दादरी विधानसभा अध्यक्ष विवेक कुमार शर्मा

\सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

## घने कोहरे के दृष्टिगत जनहित में जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरीः क्या करें, क्या न करें

गौतमबुद्धनगर, 16 जनवरी 2026ः अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार के निर्देश पर जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुर्वेदी ने नागरिकों को घने कोहरे और सर्दियों में सुरक्षा से संबंधित एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने बताया कि कोहरे के दौरान दृश्यता कम होने के कारण दुर्घटनाओं का जोखिम बढ़ जाता है।

**कोहरे में वाहन चालक के लिए सावधानियांः**

**क्या करें (Do's):**

रफ्तार कम रखें - तेज गति में वाहन नियंत्रण मुश्किल।

लो-बीम/फॉग लाइट का प्रयोग करें।

आगे चल रहे वाहन से पर्याप्त दूरी बनाए रखें।

अनावश्यक ओवरटेकिंग और लेन बदलने से बचें।

मोड़, चौराहा और ओवरटेक से पहले इंडिकेटर और हॉर्न का सही उपयोग करें।

दृश्यता बहुत कम होने पर सुरक्षित स्थान पर वाहन रोकें।

**सर्दियों में क्या करें और क्या न करें:**

**क्या करें:**

गर्म कपड़े पहनें - टोपी, मफलर और मोजे सहित।

गरम भोजन और पेय लें - सूप, हर्बल चाय।

सुबह हल्की धूप लें - विटामिन-D और इम्यूनिटी के लिए लाभदायक।

बुजुर्गों और बच्चों का ध्यान रखें।

**क्या न करें:**

हल्के कपड़े पहनने से बचें।

ठंडा पानी या ठंडी चीजें न खाएँ।

बंद कमरे में हीटर/अंगीठी न चलाएँ।

ठंड में भी पर्याप्त पानी पीते रहें।

अलाव जलाने में सुरक्षाः

Do's:

खुली और हवादार जगह पर अलाव जलाएँ।

केवल सूखी लकड़ियों का प्रयोग करें।

बुजुर्गों और बच्चों के लिए सुरक्षित दूरी बनाएँ।

पानी/रेत पास रखें।

Don'ts:

भीड़-भाड़ या बंद जगह में अलाव न जलाएँ।

ज्वलनशील चीजें पास न रखें।

कपड़े अलाव के पास न सुखाएँ।

अलाव को बिना देखरेख के न छोड़ें; पूरी तरह बुझाएँ।

**सर्दियों में इम्यूनिटी बढ़ाने के उपायः**

संतुलित और पौष्टिक आहार - मौसमी फल-सब्ज़ियाँ, आंवला, अदरक, लहसुन, हल्दी, प्रोटीन।

नियमित व्यायाम और धूप झ हल्का व्यायाम, योग और विटामिन-DÜ

पर्याप्त नींद और तनाव नियंत्रण -7-8 घंटे नींद, तनाव से बचाव।

स्वच्छता और पर्याप्त तरल पदार्थ - हाथ धोते रहें, गर्म पानी, हर्बल काढ़ा/सूप।

सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

**गौमाता पर आधारित फिल्म**

## गौमाता पर आधारित फिल्म 'गोदान' का पोस्टर हुआ लांच, 6 फरवरी को होगी रिलीज

समाज जागरण

नौएडा के सेक्टर 12 स्थित भाउराव देवरस सरस्वती विद्या मंदिर में गौमाता पर आधारित फिल्म 'गोदान' का पोस्टर, टीजर और गीतों का विमोचन किया गया। इस विशेष अवसर पर सनातन संस्कृति के प्रतिनिधियों के रूप में देश की जानी-मानी आध्यात्मिक एवं सामाजिक विभूतियों ने गौमाता पर अपने विचार प्रगट किये।




इस विशेष कार्यक्रम में सद्गुरु ऋतेश्वर जी महाराज, आचार्य बाल कृष्ण जी, स्वामी दीपांकर जी, महामंडलेश्वर भैयादास जी, आचार्य



प्रतिष्ठा जी, बाबा सत्य नारायण मौर्य जी, सुरेश चव्हाणके जी, कवि डॉ. हरिओम पंवार जी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गौ सेवा गतिविधि के अखिल भारतीय सह संयोजक नवल किशोर जी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह सेवा प्रमुख सेंथिल कुमार जी, उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के प्रचार प्रमुख कृपा शंकर जी, पश्चिम क्षेत्र के प्रचार प्रमुख पदम जी एवं संघ के अनेक अधिकारी, नोएडा के सांसद डॉ. महेश शर्मा एवं नगर के गणमान्य व्यक्तियों समेत अनेक परिवारों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सोशल मीडिया से जुड़े 50 से अधिक एनफ़्लुएन्सर्स ने भी सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारम्भ गौपूजन के साथ हुआ। सभी अतिथियों ने गौमाता का पूजन कर गौ पालन और गौ संरक्षण का सन्देश दिया।

इस अवसर पर आचार्य बाल कृष्ण जी ने भारत की संस्कृति में गौमाता के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कृषि प्रधान भारत में गौमाता की उपादेयता को हमारे पूर्वजों ने समझ लिया था। उन्होंने कहा गौमाता का संरक्षण हमारे अस्तित्व को बचाने का प्रयास है। उन्होंने कहा गाय हमसे लेती नहीं है बल्कि देती है।

सद्गुरु ऋतेश्वर जी महाराज ने कहा कि यह फिल्म गौ माता के महत्त्व को देश और दुनिया के सामने उजागर करेगी। 1857 में गौमाता की चर्बी ने इस देश में क्रान्ति ला दी थी। गौशाला और वृद्धाश्रम भारत की परम्परा नहीं। जब तक घर-घर में गौ नहीं होगी तब तक गौ का संरक्षण नहीं होगा। उन्होंने कहा जब तक गौमाता को कृषि के साथ प्रत्यक्ष रूप से नहीं जोड़ा जाएगा तब तक गौमाता की रक्षा नहीं होगी।

स्वामी दीपांकर जी ने कहा कि गौमाता हिन्दू संस्कृति का प्राण है। उसमें सभी देवी देवताओं का वास है। गौसेवा से ही राष्ट्र क्रान्ति होगी। महामंडलेश्वर भैयादास जी ने कहा कि जब से उन्होंने गौसेवा प्रारम्भ की गौमाता की कृपा से उन्हें प्रतिदिन एक लाख व्यक्तियों को भोजन कराने की सामर्थ्य मिली। उन्होंने कहा एक बार गौसेवा करके देखो, किसी प्रमाण की आवश्यकता नहीं रह जायेगी।

आचार्य प्रतिष्ठा जी ने कहा कि देश गौ, गंगा, गायत्री, यज्ञ, योग और आयुर्वेद के माध्यम से ही पूरे विश्व में कीर्तिवान बनेगा।

बाबा सत्य नारायण मौर्य जी ने अपनी कविता और गीत के माध्यम से उपस्थित जनसमुदाय को गौमाता के संरक्षण की प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्रसिद्ध कवि हरिओम पंवार जी ने अपनी कविताओं से राष्ट्रबोध का दर्शन कराया और भारत की वर्तमान सशक्त होती छवि, शक्ति सम्पन्न भारत के प्रादुर्भाव को अभिव्यक्त किया।

फिल्म के निमार्ता हैं- विनोद कुमार चौधरी एवं डॉ. पारुल चौधरी (दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति), सह-निमार्ता चेतन गोस्वामी। निर्देशन अमित प्रजापति ने किया है। फिल्म की कहानी को एक बछिया और उसके नायक पर केंद्रित करते हुए बनाया गया है, जो हिंदू धर्म में गाय को विशेष तौर से रेखांकित करती है। फिल्म 6 फरवरी को देश भर में रिलीज होगी।

फिल्म के निमार्ता विनोद चौधरी का कहना है कि गोदान फिल्म गाय के धार्मिक, वैज्ञानिक और सामाजिक पहलुओं पर प्रकाश डालती है। निमार्ता का कहना है कि यह फिल्म संस्कृति और मानवता के बंधन को भी दशार्ती है।

फिल्म के प्रमोशन के लिए देश के सभी राज्यों के विभिन्न नगरों में कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इस अवसर पर दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति, दीनदयाल धाम मथुरा के अध्यक्ष महेश गुप्ता जी एवं मंत्री हरिशंकर जी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 1500 लोगों ने सहभागिता कर गौमाता के संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई। मंच का संचालन युवा कवि अमित शर्मा ने किया।

## सिद्धार्थ विहार रेज़िडेंट्स एसोसिएशन गठन पर खिचड़ी महाप्रसाद व कंबल वितरण

समाज जागरण

गाजियाबादः सिद्धार्थ विहार क्षेत्र के समग्र विकास और नागरिक समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से सिद्धार्थ विहार रेज़िडेंट्स एसोसिएशन का गठन किया गया। गठन के उपलक्ष्य में प्रथम कार्यक्रम के रूप में खिचड़ी (महाप्रसाद) वितरण एवं कंबल वितरण का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान 600 से अधिक जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए, जबकि 2000 से अधिक लोगों ने खिचड़ी महाप्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने सहभागिता की।

इस अवसर पर शहर विधानसभा गाजियाबाद के विधायक संजीव शर्मा ने कार्यक्रम में पहुंचकर एसोसिएशन की पहल की सराहना की और क्षेत्र की समस्याओं के समाधान हेतु हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

एसोसिएशन अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने बताया कि संस्था सड़क, जल निकासी, पार्क निर्माण सहित क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए संगठित रूप से कार्य करेगी। कार्यक्रम में एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# भाकियू ने संगठन विस्तार एवं किसानों की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण को लेकर चलाया जन जागरण अभियान





**समाज जागरण**

संभल।भारतीय किसान यूनियन (बी आर एस एस) भारत राष्ट्रीय सेवक संघ द्वारा ग्राम - हिसामपुर में शुक्रवार को चौ. ऋषिपाल सिंह के नेतृत्व में जन जागरण अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया ! बैठक की अध्यक्षता सेवक सैनी एवं संचालन निर्देश कुमार उर्फ मोनू ने किया !
बैठक को संबोधित हुए जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी ने कहा कि सरकार किसान एवं आवाम के हित में सराहनीय कार्य कर रही है परंतु जनपद स्तर पर फैले प्रशासनिक भ्रष्टाचार के कारण आम जनमानस को योजनाओं का भरपूर लाभ नहीं मिल पा रहा है ! जिससे किसान व आवाम निराश है ! सरकार द्वारा चलायी जा रही एकमुश्त समाधान योजना अव्यवहारिक है ! आधे से ज्यादा उपभोक्ता योजना के लाभ से वंचित है ! योजना को बेहतर बनाया जाए जिससे कि आम जनमानस को लाभ मिल सके ! आधे से ज्यादा मीटर गलत बिल निकाल कर जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं ! जिसमें सुधार अति आवश्यक है ! अन्य योजनाओं जैसे आवास योजना, राशन कार्ड का मामला रहा हो, वृद्धा पेंशन से लेकर विधवा पेंशन तक पलीता लगाने का काम किया जा रहा है ! पात्रों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है जबकि अपात्र लाभ ले रहे हैं ! तहसील स्तर पर फैले हुए भ्रष्टाचार के कारण आम जनमानस को प्रमाण पत्र बनवाने से लेकर वारिसान दर्ज कराने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें सुधार नितांत आवश्यक है ! जिसको लेकर जल्द ही बड़े पटल पर आंदोलन की तैयारी की जाएगी ! वहीं संचालन करते हुए युवा मीडिया प्रभारी निर्देश कुमार उर्फ मोनू ने कहा कि जन जागरण अभियान के तहत की जाने वाली बैठक का उद्देश्य किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा, संगठन विस्तार एवं किसानों को एकजुट करना है ! जन जागरण अभियान किसान, मजदूर एवं और मजलूमों की आवाज बुलंद करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है ! जिससे कि किसान एवं मजदूर अपनी समस्या से निजात पा सके ! कार्यकारिणी द्वारा संगठन विस्तार करते हुए सुफियान पाशा को जिला मंत्री (अ. मोर्चा) संभल, मो. हसन को युवा ब्लॉक उपाध्यक्ष, यूनुस मलिक को ग्राम सचिव, मनीष कुमार को ग्राम प्रभारी, जाकिर अली को ग्राम सचिव, बब्बू को ग्राम प्रभारी, ताहिर सलमानी को ग्राम सचिव नियुक्त किया गया !
मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मिंकू चौधरी, जिला सलाहकार सरदार गुरुवचन सिंह, जिला संगठन मंत्री चौ. ऋषिपाल सिंह, जिला महामंत्री (अ. मो.) इस्माइल खां, युवा जिला मीडिया प्रभारी निर्देश कुमार उर्फ मोनू, जिला महासचिव अनमोल कुमार, जिला सचिव मोहम्मद अशरफ, जिला मंत्री खेमपाल यादव, तहसील अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह, ब्लॉक महासचिव पवांसा श्रीपाल यादव, तहसील महासचिव राजीव कुमार उर्फ बाबूजी, तहसील अध्यक्ष (अ. मो.) मेहंदी हसन, ब्लॉक अध्यक्ष (अ. मोर्चा) डॉ. वसीम, सतेन्द्र चौधरी, तहसील संरक्षक सेवक सैनी, ब्लॉक महासचिव मनीराम गूर्जर, वरिष्ठ कार्यकर्ता अनवार अली, दाउद अहमद, रफीक अहमद पधान, शाहिद पाशा, हिलाल पाशा, शकील हाफिज जी, जाहिद पाशा, मो. नसीम मलिक इमरान मलिक, मुनाजिर अली, जमाल पाशा, मुस्कुरान अली एवं महिला मोर्चा से ब्लॉक प्रभारी प्रदेव देवी, ब्लॉक उपाध्यक्ष अतलेश देवी आदि सहित सैकड़ो किसान उपस्थित रहे

# सरकारी नाली के नाम पर पेड़ कटवाने का आरोप, पीड़ित किसान ने डीएम से लगाई न्याय की गुहार




**समाज जागरण**

संभल।सम्भल जिले के गैलुआ गांव में एक भूमि विवाद का मामला सामने आया है, जहां एक किसान ने आरोप लगाया है कि उसके पड़ोसी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों से मिलीभगत कर सरकारी नाली को उसके खेत में दिखाकर दोनों तरफ के यूकेलिप्टस के पेड़ कटवा दिए। पीड़ित किसान ने जिला अधिकारी को शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें लेखपाल की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए हैं।
शिकायतकर्ता विजयपाल सिंह, पुत्र धर्म सिंह जो गैलुआ गांव के निवासी हैं, ने बताया कि चकबंदी के बाद उन्हें गाटा संख्या 160 आवंटित किया गया था। इस खेत के एक हिस्से में उन्होंने अपना घर बनाया है, और चकबंदी के दौरान विजय पाल द्वारा लगाया गया ठिया आज भी मौजूद है। शिकायत में कहा गया है कि उसी समय दोनों खेतों के बीच सरकारी नाली दर्शाई गई थी, जिसके एक तरफ पड़ोसी ने और दूसरी तरफ विजय पाल सिंह ने यूकेलिप्टस के पेड़ लगाए थे।
घटना 10 जनवरी 2026 की बताई जा रही है, जब अनंत चाहल पुत्र बृजपाल ने लेखपाल किरण यादव और पुलिस प्रशासन को साथ लेकर बिना किसी पूर्व सूचना के दोनों तरफ के पेड़ कटवाने शुरू कर दिए। विजय पाल सिंह का आरोप है कि लेखपाल किरण यादव को राजस्व विभाग की पर्याप्त जानकारी नहीं है और वे एक मुंशी रखती हैं। अनंत चाहल ने इसी मुंशी से मिलीभगत कर सरकारी नाली को उनके खेत में दर्शा दिया, ताकि पेड़ों को हड़प सकें।
शिकायत में आगे उल्लेख है कि पड़ोसी गाटा संख्या (रिक्त) के मालिक अघयवीर पुत्र होमपाल गांव के बाहर रहते हैं, और अनंत चाहल का इस जमीन से कोई सीधा लेना-देना नहीं है। फिर भी, वे रस्सी दिखाकर पेड़ों पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। विजय पाल सिंह ने जिला अधिकारी से न्याय की मांग की है और मामले की जांच की अपील की है।

# पाक्सो एक्ट में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नगीना। पुलिस ने पाक्सो एक्ट में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।




24.दिसंबर 2025 को दी तहरीर में अंकित मोबाइल नम्बर का धारक अज्ञात अभियुक्त वादी की पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया पुलिस ने थाना नगीना पुलिस द्वारा अपहता की बरामदगी की गई विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान अभियोग में अभियुक्त गौरव पुत्र स्व० सत्यवान निवासी ग्राम खेडकी थाना हल्दौर का नाम प्रकाश में आया। अभि० गौरव पुत्र स्व० सत्यवान नि० ग्राम खेडकी थाना हल्दौर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभि० गौरव को माननीय न्यायालय भेजा गया।

# कच्ची शराब बेचने वालों पर कार्यवाही किए जाने की मांग

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना। ग्रामीणो ने पुलिस क्षेत्र अधिकारी अंजनी चतुर्वेदी को शिकायती पत्र सौप कर गांव में अवैध रूप से बिक रही कच्ची शराब बेचने वालों पर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।
सीओ सर्किल क्षेत्र के ग्राम लुहारवाली (बढापुर) पर के बाहुबली और दबंग किस्म के लोग हल्का पुलिस कर्मियों की मिली भगत से गांव में खुलेआम अवैध रूप से जहरीली कच्ची शराब बेच रहे हैं शराब विक्रेताओं के घरों के पास सड़क पर शराब पीने वालों का जमघट लगा रहता है जो आपस में गंदी- गंदी गालियां देते रहते हैं और मारपीट करते रहते हैं जिससे सड़क से आने जाने वाली महिलाओं को शर्मसार होना पड रहा है। और गांव के युवाओं बच्चों विशेष कर छात्रों पर बुरा असर पढ़ रहा है। यदि हम ग्रामीण उन्हें शराब बेचने और पीने से मना करते हैं तो वह गाली गलौज और मारपीट पर आमादा हो जाते हैं। ग्रामीणों ने पुलिस क्षेत्राधिकार से गांव में कच्ची शराब की बिकरी पर रोक लगाते हुए शराब माफिया के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है। सीओ अनजनी चतुर्वेदी नए- नए ग्रामीणों को आश्वासन दिया के गांव में कच्ची शराब बिकने नहीं दी जाएगी और शराब तस्करों को भी बक्शा नहीं जाएगा। शिकायती पत्र पर कलवा, सुनील, सोनू कुमार, उमा देवी, काजँ, सरोज, चमनो, प्रमोद कुमार, चिरंजी, राजकुमार, बलराम, किरन, अनुप कुमार, आरती, ओमप्रकाश, परवेद्रं कुमार, इमृत सिंह, रोहतास सिंह, सोमपाल, संजय सिंह, कमल कुमार, दौलत सिंह, अनीता, निशा,नन्दकिशोर, माया, रिंकू, आदि महिलाएं और पुरुष के हस्ताक्षर मौजूद हैं।

# ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकताओं ने सोपा ज्ञापन




**समाज जागरण**

संभल । उपजिला अधिकारी संभल के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देने पहुंचे कार्यकर्ता उप जिला अधिकारी की व्यस्तता के कारण तहसीलदार ने धरना स्थल पर पहुंचकर लिया लिया ज्ञापन संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने किसान व मजदूरों की समस्याओं को लेकर सोपा ज्ञापन जिसमें महत्वपूर्ण मांगे दिल्ली किसान आंदोलन के दौरान किए गए वादे के अनुरूप सभी फसलों की खरीद लागत में डेढ़ गुना दर सी2 +50% पर सुनिश्चित की जाए तथा उसकी कानूनी गारंटी दी जाए प्रमुख मांगे
विद्युत विधायक 2025 को तत्काल वापस लिया जाए विकसित भारत गारंटीड ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका मिशन अधिनियम 2025 को निरस्त किया जाए बीज विधायक 2025 को वापस लिया जाए अमेरिका के साथ एफडीए पर हस्ताक्षर पर कृषि व डेयरी क्षेत्र को खोले जाने से रोका जाए कृषि बाजार में संबंधित प्रस्तावित मसौदा नीति को तत्काल वापस लिया जाए सभी किसानों एवं खेत मजदूर के समस्त ऋण पूर्णता माफ किए जाएंग्रामीण क्षेत्र के सभी सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ शिक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए सभी किसान एवं खेत मजदूर के लिए वर्ष में एक बार संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार निशुल उपलब्ध कराया जाए श्रमिक वर्ग विरोधी चारों श्रम संहिता को पूर्णता निरस्त किया जाए सभी किसान एवं खेत मजदूर को 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर न्यूनतम 10000 प्रतिमा पेंशन प्रदान की जाए जिला अध्यक्ष सोमपाल सिंह, जिला कार्यकारी अध्यक्ष भगवान सिंह, जिला सचिव संजय राघव, लायक सिंह कुशवाह, विजयपाल सिंह, यदुवीर, नफीस, नवकेश चाहल , जैविन्दर, विजय सिंह, वेदपाल, निर्भय शर्मा, प्रमोद कुमार, वीर सिंह, विशंभर, गजराज, तेजपाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे

# राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन द्वारा विशाल निशुल्क उपकरणों का किया जाएगा वितरण-- एम आर पाशा

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर / बुढनपुर । राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के संस्थापक / राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि दिव्यांग,वृद्ध,विधवा,,युवा गरीब-मजदूर आदि के लिए निशुल्क उपकरणों का कैम्प का आयोजन आज 17 जनवरी 2026 को आयोजन किया जाएगा जिसमें निशुल्क सिलाई मशीन, कंबल, रजाई, ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, वैशाखी,कैलिपर्स आदि का विशाल वितरण कार्यक्रम का आयोजन दिव्यांग, गरीब, जरूरतमंद, वृद्ध,विधवा आदि को निशुल्क वितरण किया जाएगा।



राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने कहा कि हमारा संगठन हर वर्ष जनवरी माह में विशाल कार्यक्रम जैसे सिलाई मशीन, कंबल, लिहाफ,ट्राई साइकिल,व्हीलचेयर, कैलिपर्स, वैशाखी, आदि का विशाल निशुल्क वितरण किया जाता है। इस वर्ष भी विशाल कार्यक्रम का आयोजन आज 17 जनवरी 2026 को पार्कर पब्लिक स्कूल बुढ़नपुर में सुबह 10:00 बजे किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष एम आर पाशा ने सभी दिव्यांग,वृद्ध,विधवा,युवा, गरीब-मजदूरों आदि से अपील कि सभी समय से पहुंच कर निशुल्क सिलाई मशीन, कंबल, रजाई , ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, वैशाखी, कैलिपर्स आदि का लाभ उठाए।

# बाइक को पुलिस ने बाइक चोर सहित किया बरामद

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना। चार दिन पूर्व बैंक के सामने से चोरी हुई बाइक को पुलिस ने बाइक चोर सहित बरामद कर ली। पुलिस ने बाइक चोर का चालान कर जेल भेज दिया है।




थाना क्षेत्र के ग्राम सुखमपुर निवासी हिमांशु कुमार पुत्र प्रीतम सिंह मंगलवार को स्टेशन रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया से बाइक द्वारा पैसे निकालना आया था। हिमांशु कुमार बैंक के बाहर अपनी बाइक खड़ी कर बैंक के अंदर चला गया उसने बाइक का लॉक नहीं लगाया था जब वह बाहर आया तो वहां से बाइक गायब मिली हिमांशु ने अपने बाइक को इधर-उधर तलाश किया लेकिन बाइक का पता नहीं चलने पर वह थाने पहुंचा और बाइक चोरी की तहरीर थाना प्रभारी अवनीश मान को दी। पुलिस ने अज्ञात में बाइक चोरी की घटना दर्ज कर ली है
पुलिस ने बाइक चोरी की घटनाओं पर कुछ लगाने एवं बाइक चोरी का खुलासा करने के लिए कड़ी मेहनत की जिसमें पुलिस को सफलता उसे समय हाथ लगी जब हिमांशु की मोटरसाइकिल को चुरा कर ले जाने वाले आरोपी मौ फैजान पुत्र शमशाद निवासी रहमुल्ला कॉलोनी कोतवाली को बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने आरोपी मौ फैजान का सबधित धाराओ चलान कर जेल भेज दिया।

# चैयरमेन मुअज्जम इंजीनियर ने भारतीय किसान यूनियन टिकैत के धरने में दिया अपना समर्थन

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नजीबाबाद मुअज्जम इंजीनियर ने भारतीय किसान यूनियन टिकैत के अपनी मांगों को लेकर वन विभाग डीएफओ कार्यालय नजीबाबाद मे लगातार कई दिन से चल रहे धरने मे अपना पूर्ण समर्थन दिया उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया और उम्मीद जताई कि किसानो की समस्या की निष्पक्ष जांच कर उनका समाधान जल्द से जल्द कराया जाए और वह किसानो की हक की लड़ाई के लिए उनके साथ कधां से कंधा मिलाकर खड़े है भारतीय किसान यूनियन टिकैत का 19वां दिन वन विभाग डी फ ओ कार्यालय नजीबाबाद पर धरना प्रदर्शन जारी है।
ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार के नेतृत्व में धरना जारी है।
जांच करने पर पता चला कि वन विभाग का नोटिफिकेशन त्रुटि पूर्ण है। जिस कारण किसानों को कृषि भूमि नहीं मिल पा रही है। लड़ाई आर पार की होगी। इस कड़कड़ाती ठंड के बावजूद धरना दिन-रात जारी हैं ।
धरने मे ज्ञान सिंह, मुकुल, सोनूगिरिराज, , सत्यपाल सिंह, प्रमोद,सूरज, अर्जेंद्र सिंह, विनीत, रोहित,युसूफ, ,रजत , जाहिद ,बलराम सिंह, ,अनिल चौहान,नीतू, पवन, मोनू, आदि मौजूद रहे

# विधान परिषद चुनाव को लेकर अनियमितताओं का आरोप

**समाज जागरण**

शामली। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (ठकुराई गुट) के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को मेरठ खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 2026 में होने वाले विधान परिषद चुनाव को लेकर गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त के नाम एक ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा।
संघ पदाधिकारियों का आरोप है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निदेशों का खुला उल्लंघन करते हुए निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन किया गया है। फार्म-19 के साथ संलग्न शिक्षकों के सेवा प्रमाण पत्रों का आवश्यक दस्तावेजी सत्यापन किए बिना ही बड़ी संख्या में नाम मतदाता सूची में शामिल कर दिए गए,



जिससे शिक्षकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। बताया कि 1 अक्टूबर 2025 को जारी अधिसूचना के बावजूद नामावलियों में नाम शामिल कराने के लिए निर्धारित बूथों पर बीएलओ की उपलब्धता नहीं रही। केवल नवंबर 2025 में एक-दो दिन ही फार्म-19 लिए गए। इसके अलावा नियमों के विपरीत अंशकालिक, अनर्ह, अपात्र व बोगस शिक्षकों के नाम भी सूची में शामिल कर दिए गए हैं। नियमों के अनुसार केवल वास्तविक एवं पूर्णकालिक शिक्षकों के सेवा प्रमाण पत्रों को ही सक्षम शिक्षा अधिकारी द्वारा दस्तावेजों के सत्यापन के बाद प्रतिहस्ताक्षरित किया जाना चाहिए था, लेकिन यह प्रक्रिया पूरी तरह नजरअंदाज की गई। वर्ष 2020 के चुनाव में भी इसी प्रकार की अनियमितताओं की पुनरावृत्ति होने का आरोप लगाया गया। संघ ने मांग की कि अवैध ढंग से तैयार की गई निर्वाचक नामावलियों को जांच के बाद निरस्त किया जाए तथा फर्जी, अनर्ह व अपात्र शिक्षकों के सेवा प्रमाण पत्र जारी करने वाले संस्था प्रमुखों, प्रतिहस्ताक्षर करने वाले शिक्षा अधिकारियों और संबंधित निर्वाचन अधिकारियों के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की जाए। चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो शिक्षक संगठन आंदोलनात्मक कदम उठाने को बाध्य होगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार, जियाउल हक अंसारी, सुनील शर्मा, देवेन्द्र कुमार, पूजा मलिक आदि मौजूद रहे।

# हज में इस बार खाना नहीं मिलेगा, गंभीर बीमारी वाले नहीं जा पाएंगे:- तकी अशरफ एडवोकेट

**समाज जागरण**

संभल।हज कमेटी ऑफ इण्डिया द्वारा हज हाउस मुम्बई में दो दिवसीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बताया गया कि इस साल यानी 2026 में हज की पवित्र यात्रा पर जाने वाले हाजियों के लिए सऊदी सरकार ने कई सारे बदलाव किए हैं।
जिला हज ट्रेनर तकी अशरफ एडवोकेट ने बताया कि इस बार मक्का शरीफ में अजीजिया बिल्डिंग्स(जहाँ भारतीय हाजियों को ठहराया जाता है) वहाँ खाना नहीं पकाने दिया जाएगा। वहाँ होटल में किसी भी तरह के किचन की कोई सुविधा नहीं दी जाएगी। हाजियों को अपने खाने का इन्तेजाम खुद ही करना होगा, हज कमेटी की जानिब से कैटरिंग की सुविधा भी नहीं दी जाएगी, हर एक को वहाँ होटल से खरीद कर खाना खाना होगा। हालाँकि इस कदम से हाजियों को काफी परेशनियों का सामना करना पड़ेगा लेकिन वहाँ सुरक्षा की दृष्टि से यह निर्णय लिया गया है।
हज ट्रेनर उम्मे हबीबा ने बताया कि मर्द और औरतें अब एक कमरे में नहीं रहेंगे, पहले साथ में जाने वाली औरतें एक ही कमरे में रुकती थीं लेकिन इस बार अलग अलग कमरों



में रुकना पड़ेगा। हालांकि एक ही होटल और जहाँ तक कोशिश होगी एक ही फ़्लोर पर ठहराया जाएगा, लेकिन साफ साफ ऑर्डर है कि रूम अलग अलग रहेंगे।
हज ट्रेनर हाजी नदीम ने बताया कि मिना में टैंट में हर एक हाजी को इस बार सोफा-कम-बैड दिया जाएगा जिसपर हर एक हाजी का नाम, फोटो और अन्य जानकारी चस्पा होगी। पहले टैंट में सिर्फ गद्दे बिछे हुए होते थे।
हज ट्रेनर मुहम्मद अहमद रजा ने बताया कि इस बार हज कमेटी ऑफ इंडिया की तरफ से हर एक हाजी को स्मार्ट वॉच दी जाएगी जोकि हज सुविधा एप से कनेक्ट रहेगी। हज सुविधा एप में हर एक हाजी की पूरी जानकारी, मैप, ज्यारत, रडर सुविधाएं मौजूद हैं जिससे हर एक हाजी को काफी आसानी रहती है।
हज ट्रेनर डॉक्टर इफ़्तेखार अहमद ने बताया कि इस बार हाजियों का जाने से पहले मेडिकल चेकअप होगा। गंभीर बीमारियों वाला व्यक्ति हज को नहीं जा पाएगा, जैसे डायलिसिस पर चल रहे किडनी मरीज, हल्की सी मेहनत करने पर हार्ट फेल्योर वाले, ऑक्सिजन पर निर्भर फेफड़ों की बीमारी, लीवर की गंभीर बीमारी, न्यूरोलॉजिकल डिमेंशिया(याददाश्त) से पीड़ित, गर्भावस्था के आखिरी तीन महीने वाली महिलाएं, टीबी, हैमरेजिक फीवर, कैंसर जैसे मरीजों को नहीं भेजा जाएगा।
हज प्रशिक्षक अब्दुल खालिक ने बताया कि इस बार सम्भल जिले से इस बार 438 लोगों ने फॉर्म भरा था सभी का चयन हो गया है, और इस बार काफी बदलाव हैं जिसके लिए सभी को आगाह किया जाएगा, और वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन जाने से पहले ही कराया जाएगा।
सम्भल जिले में हाजियों के काम कराने के लिए हज कमेटी ऑफ इंडिया एंव उत्तर प्रदेश द्वारा अब्दुल खालिक, तकी अशरफ एडवोकेट, हाजी मुहम्मद नदीम, मुहम्मद अहमद रजा, उम्मे हबीबा, डॉक्टर इफ़्तेखार, ट्रेनर के रूप में रहेंगे।

# जायट्स ग्रुप महिला शक्ति की गोष्ठी सम्पन्न, इंदु अग्रवाल तीसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित

**समाज जागरण**



चंदौसी।जायट्स ग्रुप महिला शक्ति ने सीता रोड स्थित श्री गीता सत्संग भवन में अपने सदस्यों के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया जिसमें इंदु अग्रवाल को तीसरी बार अध्यक्ष पद के लिए तथा ऊ.ड.अ डॉक्टर मीना वार्ष्णेय ऊ.ड. ऋद्धरेखा रस्तोगी को अपनी पूर्व अध्यक्ष एवं यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल द्वारा वैधानिक रूप से अपने ग्रुप की सभी सदस्यों की सहमति से चुनकर चुनाव प्रक्रिया को पूर्ण किया गया।
तदुपरांत आज मकर संक्रांति के अवसर पर कुछ ब्राह्मण एवं गरीब लोगों के लिए ऊनी वस्त्र भी वितरित किए गए।
अध्यक्ष- इंदु अग्रवाल प्रशासनिक निदेशक- मीना वाषणये वित्त निदेशक- रेखा रस्तोगी इस अवसर पर यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल, रानी अग्रवाल ,मंजू अग्रवाल, रेशमा, कविता ,नीलम ,सीमा ,आशा, कमलेश रितु ,अलका, बीना, सीमा, माधुरी ,शशि, मीरा ,ममता ,शैलेश, पूनम, चंचल, मंजू, अनु रस्तोगी ,शोभा ,नेहा बंसल,शारदा, पूजा आदि उपस्थित रहे।

# नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर ब्लैक आउट मॉकड्रिल का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर जिले में विशेष ब्लैक आउट मॉकड्रिल का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।
एडीएम सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि मॉकड्रिल के दौरान प्रदेश के सभी जनपदों में एक साथ सायरन बजाए जाएंगे। शामली नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत जिला मुख्यालय पर सायं 6:00 बजे से 6:15 बजे तक विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रखी जाएगी, जिससे ब्लैक आउट का वास्तविक अनुभव कराया जा सके। इस दौरान आपदा मित्र और सिविल डिफेन्स स्वयंसेवक सक्रिय रूप से भाग लेंगे। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि मॉकड्रिल से पूर्व आमजन को इसकी जानकारी देकर जागरूक किया जाए, ताकि किसी प्रकार की असुविधा या भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की मॉकड्रिल आपदा या ब्लैक आउट जैसी आपात परिस्थितियों में जनसामान्य को सतर्क रहने और त्वरित प्रतिक्रिया के लिए प्रशिक्षित करने का प्रभावी माध्यम है।
बैठक में एडिशनल एसपी अमित शुक्ला, उप नियंत्रक कश्मीर सिंह सहित लोक निर्माण विभाग, पूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग, फायर विभाग समेत अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया और मॉकड्रिल के सफल आयोजन में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# पालिका द्वारा प्रस्तावित नाले की दिशा को लेकर जताई आपत्ति

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के कौशांबी विहार कॉलोनीवासियों ने नगर पालिका परिषद द्वारा प्रस्तावित नाले की दिशा को लेकर गंभीर आपत्ति जताई है। कॉलोनी निवासियों ने डीएम को ज्ञापन देकर समस्या के समाधान की मांग की है।



उन्होने बताया गया कि बढ़ाना फाटक के पास कौशांबी स्कूल, दयानंद नगर शामली, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर तथा सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज स्थित हैं, जहां प्रतिदिन लगभग 3000 विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का आवागमन रहता है। कुछ वर्ष पूर्व नगर पालिका परिषद शामली द्वारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से शुगर मिल प्लांट के बीच नाले का निर्माण कराया गया था, लेकिन वह नाला बीच में ही अधूरा छोड़ दिया गया, जिससे आसपास के घरों में गंदा पानी भरने की समस्या उत्पन्न हो गई। आरोप है कि अब नगर पालिका उस नाले को गैस प्लांट की ओर ले जाने के बजाय बुढ़ाना रोड की कॉलोनी के बीच से निकालने की योजना बना रही है। यदि नाला कॉलोनी के बीच से निकाला गया तो करीब 70 से 80 मकान इसकी चपेट में आ जाएंगे और पूरी कॉलोनी को भारी नुकसान होगा। नाला बनने और सड़क को 3 से 4 फुट ऊंचा किए जाने की स्थिति में बरसात के दौरान मकानों में गंदा पानी भरने की आशंका है। कॉलोनीवासियों ने डीएम से मांग की है कि नगर पालिका द्वारा पहले से बनाए गए नाले को ही आगे गैस प्लांट की ओर बढ़ाया जाए या फिर वैकल्पिक रूप से सीवर लाइन बिछाई जाए। इस अवसर पर जितेन्द्र कुमार, संदीप मलिक, सतीश चौहान, नीरज शर्मा, अजय सैनी, पप्पू, चंद्रप्रकाश, सचिन, विनय कुमार, अमित कुमार, सचिन वर्मा आदि मौजूद रहे।

# कांधला देहात में जावेद हसन के समर्थन में माहौल गर्म, जनता ने कहा-इस बार प्रधान जावेद हसन ही होंगे

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**
ग्राम पंचायत चुनाव की अधिसूचना भले ही अभी जारी नहीं हुई हो, लेकिन शामली कांधला देहात में चुनावी माहौल पूरी तरह गर्म हो चुका है। ग्राम प्रधान पद के संभावित प्रत्याशी चौधरी जावेद हसन ने जैसे ही अपनी दावेदारी पेश की, वैसे ही उन्हें क्षेत्र की जनता का भरपूर समर्थन मिलना शुरू हो गया है।
कांधला देहात की जनता में चौधरी जावेद हसन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। कांधला देहात के लोगों का कहना है कि जावेद हसन एक ईमानदार, साफ छवि और हर समय जनता के बीच रहने वाले नेता हैं। ग्रामीणों का साफ कहना है कि इस बार ग्राम प्रधान जावेद हसन ही होंगे, जनता ने उन पर पक्की मोहर लगा दी है।चौधरी जावेद हसन बीते कई दशकों से सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं और हर सुख-दुख में जनता के साथ खड़े नजर आते हैं। उनके बड़े भाई चौधरी वाजिद हसन दो बार नगर



पालिका परिषद कांधला के अध्यक्ष रह चुके हैं, जिनके कार्यकाल को आज भी लोग सम्मान के साथ याद करते हैं। उसी सेवा परंपरा को आगे बढ़ाते हुए जावेद हसन अब ग्राम पंचायत स्तर पर विकास को नई दिशा देने के इरादे से चुनावी मैदान में हैं। कांधला देहात क्षेत्र की जनता का कहना है कि जावेद हसन 24 घंटे जनता की सेवा में तत्पर रहते हैं और किसी भी व्यक्ति को अपनी समस्या लेकर आने से कभी नहीं रोकते। क्षेत्र की गली-नालियों, शिक्षा, स्वास्थ्य, सफाई और मूलभूत सुविधाओं को लेकर उनकी सोच साफ और स्पष्ट है।चौधरी जावेद हसन का कहना है कि यदि जनता उन्हें ग्राम प्रधान चुनती है, तो कांधला देहात को एक आदर्श ग्राम बनाने की दिशा में ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है, और इस विश्वास पर मैं हमेशा खरा उतरने का प्रयास करूंगा।कांधला देहात में जिस तरह से जनता का समर्थन जावेद हसन को मिल रहा है, उससे साफ है कि आने वाले ग्राम पंचायत चुनाव में मुकाबला दिलचस्प होने वाला है।

## पार्क अस्पताल ने लगाया मेडिकल कैंप, सैकड़ों मरीजों को मिला लाभ

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**
कस्बे के पंजाब नेशनल बैंक के निकट शुक्रवार को पार्क अस्पताल पानीपत के तत्वावधान में एक दिवसीय निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। मेडिकल कैंप में क्षेत्र के सैकड़ों मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा



उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं।मेडिकल कैंप का शुभारंभ चेयरमैन प्रत्याशी मौबीन राणा एवं पार्क अस्पताल के डॉक्टरों की टीम द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। कैंप में पार्क अस्पताल के सीनियर डॉक्टर मोहम्मद लतीफ, डॉक्टर मिस्टर फाजिल सहित अन्य चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की ब्लड प्रेशर, शुगर, हृदय रोग, हड्डी एवं अन्य सामान्य बीमारियों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। मेडिकल कैंप में महिलाओं, बुजुर्गों एवं युवाओं ने अपनी जांच कराई।चेयरमैन प्रत्याशी मौबीन राणा ने कहा कि जनता की सेवा ही मेरा मुख्य उद्देश्य है। क्षेत्र में कई ऐसे लोग हैं जो महंगे इलाज का खर्च नहीं उठा पाते। इसी को ध्यान में रखते हुए निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन कराया गया है। इस दौरान मेडिकल कैंप में दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## ठगी का शिकार युवक को पुलिस ने दिलाई पूरी रकम वापसी

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**
कस्बे के बिजली घर रोड निवासी एक युवक के खाते से अज्ञात ठग द्वारा ऑनलाइन ठगी कर हजारों रुपये की नकदी निकाल ली गई थी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर क्राइम की मदद से पूरी धनराशि वापस करा दी।कस्बे के बिजली घर रोड निवासी आरिफ पुत्र शौकत ने 6 जनवरी को थाना कांधला पर शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया कि उसका खाता एक्सिस बैंक में है और अज्ञात ठग ने उसके क्रेडिट कार्ड का दुरुपयोग करते हुए 36,999 रुपये की रकम डेबिट कर ली। ठगी की जानकारी होते ही पीड़ित ने थाने पर संचालित साइबर सेवा केंद्र पर शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की थी।पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल साइबर क्राइम सेल को सूचित किया और आवश्यक प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद शुक्रवार को पीड़ित के खाते से डेबिट की गई पूरी धनराशि शत-प्रतिशत वापस करा दी गई।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि अज्ञात ठग द्वारा ऑनलाइन माध्यम से पीड़ित के खाते से रकम निकाली गई थी। साइबर क्राइम टीम की प्रभावी कार्रवाई के चलते पीड़ित को उसकी पूरी धनराशि वापस दिला दी गई है। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ऑनलाइन लेनदेन के प्रति सतर्क रहें और ठगी की स्थिति में तुरंत साइबर सेवा केंद्र या थाने पर शिकायत दर्ज कराएं।

## जानलेवा हमला व छेड़छाड़ के आरोप में मुकदमा

**समाज जागरण**
कैराना। दुकान में चोरी का प्रयास करने, जानलेवा हमला करने तथा छेड़छाड़ करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया है। नगर के मोहल्ला खैलकलां निवासी मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि उसकी मोहल्ले में ही वेल्डिंग की दुकान है। 27 दिसंबर की रात में दुकान बंद कर अपने घर चला गया। रात करीब दो बजे उसे सूचना मिली कि दुकान में चोरी का प्रयास किया जा रहा है। वह अपने बेटे के साथ मौके पर पहुंचा, तो दो बदमाश दुकान के बाहर खड़े थे, जो उन्हें देखकर फरार हो गए। आरोप है कि गांव अकबरपुर सुन्हेटी निवासी सादिक उर्फ बंदर व मुसाहिब उर्फ मन्नू उर्फ सरवर ने दुकान का शटर तोड़कर बोरों में वेल्डिंग मशीन व अन्य सामान चोरी करने की नीयत से भरा हुआ था। उसके बेटे ने दोनों बदमाशों को पहचानते हुए पकड़ लिया। इस दौरान बदमाशों ने लोहे की रॉड से उसके तथा उसके बेटे पर हमला कर दिया, जिस कारण उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। पड़ोसी बचाने आया, तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। पुकार सुनकर उसकी पत्नी मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपियों ने उसकी पत्नी के साथ छेड़खानी करते हुए उसके कपड़े फाड़ दिए। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

## किशोरी को ले जाने पर रिपोर्ट दर्ज

**समाज जागरण**
कैराना। किशोरी को ले जाने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। गांव पंजीठ स्थित एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि आठ जनवरी की रात करीब ढ़ाई बजे कॉलोनी का ही रहने वाला बल्लू उसकी 17 वर्षीय पुत्री को अपने साथ ले गया। घर से 9500 रुपये, सोने–चांदी के आभूषण व आधार कार्ड भी ले गए। पुलिस ने किशोरी व आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## खाना बनाते हुए महिला बुरी तरह से झुलसी, हालत गंभीर

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) एक महिला खाना बनाते हुए अचाकन दौरा पडने से गैंस चल्हे पर गिरकर बुरी तरह से झुलस गई। महिला को गंभीर अवस्था में शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक होने के कारण हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। शहर के मोहल्ला अटल विहार निवासी सतपाल की पत्नी नयनों शुक्रवार दोपहर अपने घर की रसोई में खाना बना रही थी। बताया जाता है कि इसी दौरान महिला



के अचानक दौरा पड गया, जिससे महिला मूछित होकर गैस के चूल्हे पर गिर पडी और उसके कपडों ने आग पगड ली। पास में सो रहे उसके बेटे प्रमोद ने जलने की दुगंध आई तो अचानक उसने रसोई में जाकर देखा तो मां नयनों मे आग लगी हुई थी। तभी उसने शोर शराबा कर किसी तरह आग को बुझाया। परिजनों ने महिला को जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने महिला को उपचार दिया, लेकिन हालत नाजुक होने के कारण महिला को मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया।

## महाविद्यालय में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न

**समाज जागरण कांधला।**
कस्बे के राजकीय महिला स्नात कोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नयना शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने लोक नृत्य एवं गायन की विभिन्न विधाओं में मनमोहक प्रस्तुतियां देकर खूब वाहवाही लूटी।कार्यक्रम के दौरान आयोजित लोक नृत्य समूह प्रतियोगिता में तानिया ग्रुप ने प्रथम, महविश ग्रुप ने द्वितीय तथा जेनाब ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष की छात्रा तरन्नुम पुत्री मीना प्रथम, तृतीय वर्ष की महक पुत्री शाहिद द्वितीय तथा जेनाब पुत्री नवाब तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं एकल




गायन प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष की समरीन पुत्री मोहसिन ने प्रथम, तृतीय वर्ष की आयशा पुत्री रहीस ने द्वितीय तथा तहरीन पुत्री आमिर अहमद ने तृतीय स्थान हासिल किया। सामूहिक गायन प्रतियोगिता में अर्शी ग्रुप ने प्रथम, आयशा ग्रुप ने द्वितीय एवं महविश ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।प्रतियोगिताओं का निष्पक्ष मूल्यांकन डॉ. सीमा सिंह एवं डॉ. अंकिता त्यागी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन पर विजेता एवं प्रतिभागी छात्राओं की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया गया।

## आधा दर्जन से अधिक ट्यूबवेलों से लाखों की चोरी

### -चोर रातों-रात उखाड़ ले गए कीमती उपकरण, किसानों में आक्रोश

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**
कस्बे के सलेमपुर रोड पर चोरों ने किसानों की मेहनत पर करारा वार करते हुए आधा दर्जन से अधिक ट्यूबवेलों को निशाना बनाया और लाखों रुपये कीमत के उपकरण चोरी कर ले गए। इस वारदात से क्षेत्र के किसानों में दहशत और आक्रोश का माहौल है। पीड़ित किसानों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान निवासी किसान शाहरुख, अजय, यामीन, कलीम, मेहरबान, इस्लाम, शरीफ और साधु के खेत सलेमपुर रोड पर स्थित हैं। गुरुवार की शाम किसान अपने-अपने खेतों पर कामकाज निपटाकर घर लौट गए थे। इसी का फायदा उठाते हुए रात्रि में अज्ञात चोरों ने खेतों में लगी ट्यूबवेलों पर धावा बोल दिया और मोटर, केबिल, स्टार्टर समेत अन्य कीमती उपकरण चोरी कर लिए।



शुक्रवार की सुबह जब किसान अपने खेतों पर पहुंचे तो ट्यूबवेलों से उपकरण गायब देख उनके होश उड़ गए। किसानों ने तुरंत मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल शुरू की। पीड़ित किसानों का कहना है कि ट्यूबवेलों से चोरी किए गए उपकरणों की कीमत लाखों रुपये में है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। किसानों ने प्रशासन से जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पीड़ित किसानों की तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और शीघ्र ही चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है।लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से किसानों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है।

## गैंगस्टर के दो आरोपियों के घरों पर कुर्की नोटिस चस्पा

**समाज जागरण**
कैराना। कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर के दो अलग-अलग मुकदमों में वांछित चल रहे दो आरोपियों के घरों पर कुर्की उद्घोषणा के नोटिस चस्पा किए हैं। छह जून 2025 को झिंझाना थाने पर गिरोह बनाकर गौकशी के अपराधों में लिप्त छह बदमाशों के विरुद्ध गैंगस्टर अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमे में आलीशान निवासी गुलाम मौलिया थाना गंगोह जनपद सहारनपुर वांछित चल रहा है। गुरुवार को कैराना कोतवाली पुलिस ने कोर्ट से आदेश प्राप्त कर आरोपी अलीशान के घर पर कुर्की उद्घोषणा का नोटिस चस्पा



किया। इस दौरान मोहल्ले में मुनादी भी कराई गई। इसके अलावा 24 जुलाई 2025 को झिंझाना थाने पर गौकशी में लिप्त छह बदमाशों के विरुद्ध गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसमें रहीस निवासी बसी चुंधियारी थाना झिंझाना फरार चल रहा है। गुरुवार को कोतवाली पुलिस ने कोर्ट से आदेश प्राप्त करने के बाद आरोपी रहीस के घर पर कुर्की उद्घोषणा का नोटिस चस्पा कर दिया। दोनों मुकदमों की विवेचना कैराना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री कर रहे हैं।

## 43 पेंशनभोगियों को चेयरमैन ने किया सम्मानित

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) शुक्रवार को नगर पालिका सभागार में 70 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पेंशनभोगी कर्मचारियों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। पहली बार वरिष्ठ पेंशनभोगियों को सम्मानित करते हुए उनके योगदान की सराहना की। समारोह को संबोधित करते हुए चेयरमैन अरविंद संगल ने कहा कि नगर के वरिष्ठ नागरिक एवं पेंशनभोगी शामली शहर की धरोहर हैं। उनका अनुभव और निस्वार्थ परामर्श नगर हित में सदैव उपयोगी रहा है। उन्होंने कहा कि आज नगर पालिका शामली जिस मुकाम पर है, उसमें पूर्व एवं वर्तमान कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों की मेहनत का बड़ा योगदान है। इस अवसर पर कुल 43 पेंशनभोगियों को चेयरमैन द्वारा सम्मान पत्र, गोल्डन मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया तथा सर्दी को देखते हुए सभी को कंबल भी भेंट किए गए। कार्यक्रम में पूर्व पेंशनभोगी ओम प्रकाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान कार्यकाल में 80 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनभोगियों को 20 प्रतिशत महंगाई भत्ते का




भुगतान किया गया है, साथ ही लगभग 50 से 60 लाख रुपये के पेंशन बकाये का एकमुश्त भुगतान भी कराया गया। मौके पर अरविन्द संगल को वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति शामली के संरक्षक पद पर मनोनीत किए जाने की घोषणा की। समिति की ओर से मोहल्ला बड़ियाल स्थित जिम पार्क कार्यालय के सामने बरामदा निर्माण तथा वरिष्ठ नागरिक पेंशन को वर्तमान 1000 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये किए जाने की मांग रखी गई। चेयरमैन ने बरामदा निर्माण का आश्वासन दिया तथा पेंशन वृद्धि के लिए शासन को पत्र भेजने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। मौके पर अनिल कुमार शर्मा, अमित शर्मा, सभासद गुलजार मूंसरी, कालू कुरैशी, सलमान अहमद, रोबिन गर्ग, राजीव मलिक, सत्यप्रकाश अग्रवाल, सरदार राजेन्द्र सिंह, सुभाषचन्द शर्मा, मौजूद रहे।

## वाहन चेकिंग अभियान, दर्जनों दोपहिया वाहन चालकों के काटे चालान

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**
पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कस्बे के मयूर तिराहे पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने दोपहिया वाहनों को रोककर उनकी बारीकी से जांच की।चेकिंग के समय वाहन चालकों से हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, आर सी, बीमा व प्रदूषण प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक कागजातों की गहनता से पड़ताल की गई। कागजात पूरे ना होने, यातायात नियमों का उल्लंघन करने तथा बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले दर्जनों वाहन चालकों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई।चेकिंग अभियान से मयूर तिराहे और आसपास के



इलाकों में कुछ समय के लिए हड़कंप की स्थिति बनी रही। कई वाहन चालक पुलिस को देखकर रास्ता बदलते नजर आए, जबकि कुछ ने मौके पर ही अपने दस्तावेज पूरे कराने का प्रयास किया।पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट पहनने तथा सभी आवश्यक कागजात साथ रखने की सख्त हिदायत दी। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना अभियान सड़क सुरक्षा को मजबूत करने और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाया गया है, आगे भी इस तरह की चेकिंग जारी रहेगी।

## भारी मात्रा में चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार भेजा जेल

**-चरस तस्करी पर करारा प्रहार, थाना प्रभारी सतीश कुमार की सख्ती से नशे का सौदागर सलाखों के पीछे**
**-820 ग्राम चरस के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार, लंबे समय से कर रहा था मादक पदार्थों की तस्करी**




**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**
थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार के कुशल नेतृत्व और सख्त कार्रवाई से क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी पर एक बार फिर बड़ा प्रहार हुआ है। पुलिस ने लंबे समय से सक्रिय एक चरस तस्कर को 820 ग्राम चरस के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि एक शातिर तस्कर कस्बे के जन्नत कॉलोनी रोड से चरस तस्कर चरस की सप्लाई करने की फिराक में है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी निरीक्षक ने तत्काल टीम गठित कर योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी साहिब पुत्र साकिर निवासी मोहल्ला शेखजादगान कांधला को धर दबोचा, जिसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 820 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में यह भी सामने आया है कि आरोपी काफी दिनों से मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त था और युवाओं को नशे की गर्त में धकेलने का काम कर रहा था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि क्षेत्र में नशा कारोबार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नशे के सौदागरों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त अभियान जारी रहेगा और समाज को नशामुक्त बनाने के लिए पुलिस पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी।

## कब्रिस्तान की भूमि कराई कब्जा मुक्त, अवैध कब्जेदारों में हड़कंप

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**
कस्बे के सलेमपुर मार्ग पर स्थित कब्रिस्तान की भूमि खसरा संख्या 618 पर लंबे समय से किए गए अवैध कब्जे को प्रशासन ने सख्ती से हटवा दिया। इस कार्रवाई से अवैध कब्जेदारों में हड़कंप मच गया, वहीं कस्बेवासियों ने प्रशा सनिक कदम की सराहना की है।
कब्रिस्तान की भूमि पर कस्बे के ही अबरार आदि ने पिछले चालीस साल से अवैध रूप से कब्जा कर रखा गया था। इस संबंध में मुकरिम पुत्र याकुब ने जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान एवं उपजिलाधिकारी निधि भारद्वाज को लिखित शिकायत कर कब्रिस्तान की भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए



प्रशासन ने मामले की जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए। शुक्रवार को एसडीएम के आदेश पर राजस्व विभाग की टीम, कानूनगो धर्मवीर सिंह एवं लेखपाल मिंटू पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने मौके पर पहुंचकर भूमि की विधिवत पैमाइश कराई और कब्जे की पुष्टि होने पर तत्काल प्रभाव से अवैध कब्जा हटवाते हुए कब्रिस्तान की भूमि को कब्जा मुक्त कराया। प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान पुलिस बल की मौजूदगी में पूरा अभियान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थलों की भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## जल संरक्षण विषय पर पेंटिंग एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) शहर के श्री सत्यनारायण इंटर कॉलेज में शुक्रवार को भारत सरकार के इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के अंतर्गत जल संरक्षण विषय पर पेंटिंग एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि जल ही जीवन है, इसलिए जल का संरक्षण करना हमारा प्रथम कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि जल का शुद्ध रहना भी उतना ही आवश्यक है, क्योंकि हाल के दिनों में दूषित जल के सेवन से कई लोगों की मृत्यु के मामले सामने आए हैं। उन्होंने



विद्यार्थियों से अपील की कि आवश्यकता अनुसार ही जल का उपयोग करें, जल को व्यर्थ न बहाएं तथा नदियों और तालाबों को प्रदूषित होने से बचाएं। साथ ही तालाबों को पाटकर उन पर अवैध निर्माण न करने का भी संदेश दिया। प्रतियोगिता के परिणामों में चित्रकला वर्ग में कु. फलक पुत्री शहजाद ने प्रथम स्थान, जबकि स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में आस्था प्रजापति पुत्र कुलदीप प्रथम रहीं। निर्णायक मंडल में घनश्याम सारस्वत, उमा रानी एवं पूनम देवी शामिल रहीं।

## श्रम कार्यालय पर महिला पुरूषों ने किया हंगामा प्रदर्शन

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) शुक्रवार को श्रम कार्यालय में दर्जनों महिला पुरूषों ने हंगामा व प्रदर्शन किया। उन्होने सहायक श्रम आयुक्त पर कार्यालय में न बैठने का आरोप लगाया और जिलाधिकारी से मामले में जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की। शुक्रवार को जिलेभर के विभिन्न क्षेत्रों से श्रम कार्यालय में आये दर्जनों महिला पुरूषों ने जमकर हंगामा और प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल कविका रज्जागनगर, जय वंग, जोगिन्द्र, नीला मुंडेट, कौशल बनत, राजेन्द्र आदि ने बताया कि वह कई महीनों से श्रम कार्यालय में श्रम कार्ड में मोबाईल नंबर बदलवाने व श्रम कार्ड बनाने वाले के लिए चक्कर काट रहे है। कई कई बार कार्यालय में आ चुके है, लेकिन



कार्यालय में सहायक श्रम आयुक्त नही बैठती है, जिस कारण उनको बिना कार्य के ही लौट जाना पडता है। उन्होने बताया कि वह गरीब श्रमिक है और आने जाने में भी काफी खर्च हो जाता है, लेकिन उनकी परेशानी समझाने के लिए कोई तैयार नही है। कार्यालय में उपस्थित बाबू भी उनको संतोष जनक जवाब नही देते है, जिससे परेशानियों का सामना करना पड रहा है। उन्होने जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान से मामले में जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# रैंप कार्यक्रम से एमएसएमई को तकनीक गुणवत्ता और निर्यात में नई पहचान

सरकारी योजनाओं और विश्व बैंक सहयोग से लघु उद्योगों को मिली मजबूती जीरो डिफेक्ट जीरो इफेक्ट के साथ आत्मनिर्भर भारत की ओर कदम यूपीएसआईसी कार्यशाला में एमएसएमई को बाजार वित्त और निर्यात की राह



**समाज जागरण**

बागपत। उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड (यूपीएसआईसी) द्वारा दिल्ली सहारनपुर रोड स्थित दी हरि क्रिस्टल में एमएसएमई उद्यमियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित इस कार्यशाला में रैंप (एमएसएमई प्रदर्शन को बढ़ाना और तेज करना) कार्यक्रम सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला का उद्देश्य लघु उद्योगों को तकनीक, गुणवत्ता, वित्त और निर्यात के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना रहा। कार्य शाला का शुभारंभ उप आयुक्त उद्योग अर्चना तिवारी, सहायक आयुक्त उद्योग आशा, लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अभय सिंह, उद्योग संगठनों के पदाधिकारियों एवं उद्यमी प्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। अर्चना तिवारी ने कहा कि एम एसएमई देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इनके सशक्तिकरण से ही औद्योगिक विकास संभव है। उन्होंने बताया कि रैंप कार्यक्रम भारत सरकार और विश्व बैंक के सहयोग से संचालित हो रहा है, जिसका उद्देश्य एमएसएमई को तकनीकी सहयोग, वित्तीय सहायता, कौशल विकास और नए बाजारों से जोड़ना है। तकनीकी सत्र में सोनल सग्गी ने जेडईडी सर्टिफिकेशन पर प्रकाश डालते हुए जीरो डिफेक्ट जीरो इफेक्ट को आज की अनिवार्य आवश्यकता बताया। ईसीजीसी सत्र में दीपक जैन ने निर्यात से जुड़े भुगतान जोखिम और बीमा सुरक्षा की जानकारी दी। ईएसजी विषय पर मीनाक्षी दीक्षित ने पर्यावरण और सामाजिक जिम्मेदारी को भविष्य का आधार बताया। वित्तीय सत्र में सिडबी की रंजना गुप्ता ने एमएसएमई के लिए उपलब्ध ऋण, क्रेडिट गारंटी और ग्रीन फाइनेंस योजनाओं की जानकारी देते हुए उद्यमियों से इनका लाभ उठाने का आह्वान किया।

## इस्लाम नगर में संदिग्ध परिस्थितियों में छप्पर में लगी आग

-दो मवेशी व एक कुत्ते की जलकर मौत, एक भैंस झुलसी

**समाज जागरण बागपत।**

नगर के इस्लाम नगर में शुक्रवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में झप्पर में आग लग गई। जिससे छप्पर में बंधी के एक गाय, एक भैंस और कुत्ते की जलकर मौत हो गई, जबकि एक भैंस बुरी तरह झुलस गई। लोगों ने मशक्त कर आग पर काबू पाया। सूचना पर पशुपालन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। नगर के इस्लाम नगर निवासी अकबर बुग्गी चलाता है। शुक्रवार की सुबह वह बुग्गी लेकर काम पर चला गया था। सुबह करीब छह बजे संदिग्ध परिस्थितियो में उसके छप्पर में आग लग गई। आग की सूचना पर पहुंचे लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, मगर तब तक छप्पर मे बंधी एक गाय, एक भैंस और पालतू कुत्ते की जलकर मौत हो गई। एक भैंस खुंटा उखाड़कर बाहर निकल गइ, मगर जग तक वह काफी झुलस चुकी थी। सूचना पर पशुपालन विभाग की टीम एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंची, मगर तक तक दोनों मवेशियों की मौत हो चुकी थी। आग में जलकर मवेशियों की मौत होने पर परिवार में कोहराम मच गया। उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. सुमित कुमार ने बताया कि छप्पर में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना पर विभाग की टीम एंबुलेंस के मौके पर पहुंची थी। घायल पशु का उपचार किया गया।



## पुलिस ने 108 गुम मोबाइल बरामद किए

25 लाख के फोन मालिकों को लौटाए, लोगों ने किया धन्यवाद

**समाज जागरण**

बागपत। पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 108 गुम हुए मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इन मोबाइलों की अनुमानित कीमत 25 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक सूरज राय ने सभी मोबाइल फोन उनके मालिकों को सौंप दिए। जानकारी के अनुसार, बागपत जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में एंड्रॉइड मोबाइल फोन गुम होने की शिकायतें लगातार दर्ज की जा रही थीं। इन शिकायतों के बाद, पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की। बागपत की सर्विलांस टीम और खेकड़ा, बड़ौत, बागपत सहित सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस टीमों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। पुलिस लगातार गुम हुए मोबाइलों का पता लगाने में जुटी थी, जिसके परिणामस्वरूप ये 108 मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस अधीक्षक सूरज राय ने बरामद किए गए सभी मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को वितरित किए। अपने गुम हुए मोबाइल वापस पाकर लोगों ने बागपत पुलिस का आभार व्यक्त किया और धन्यवाद कहा।



## सिटी प्लाजा में हुआ जीएसटी के नए कार्यालय का उद्घाटन

**समाज जागरण बागपत।**

एडिश्नल कमिश्नर ग्रेड 1 मेरठ हरीराम चौरसिया द्वारा सिटी प्लाजा बागपत में जी एस टी के नए कार्यालय का उदघाट्न किया गया। इस अवसर पर



उपयुक्त राज्य कर आर पी चौरसिया सहायक आयुक्त शशि प्रकाश अधिवक्ता श्री सुधीर जैन,बी यम मित्तल,जे पी गुप्ता राहुल अग्रवाल, ओमसरण बिपिन गुप्ता भट्टा व्यापारी विनोद गोयल नीरज नैन राजेंद्र सिंह आदि टैक्स बार एसोसिएशन बागपत के सभी सदस्य व व्यापारी गण उपस्थित रहे।

## पशुओं में फैली बीमारी से हो रही मौत, जांच कराने की मांग

**समाज जागरण**

बागपत। किसान एकता केंद्र के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को मुख्यमत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गांवों में पशुओं की अज्ञात बीमारी से मौत हो रही है। उन्होंने गांवों में पशुओं की जांच कराने की मांग की। उनका कहना था कि पशुओं को अचानक तेज बुखार आता है और फिर उनका मूंह और पैर गलने लगते हैं। पशुओं की मौत से पशुपालकों को आर्थिक संकट से जूझना पड़ रहा है। पशुपालन विभाग की ओर से जांच, टीकाकरण या उपचार की व्यवस्था नही कराई जा रही है। उन्होंने गांवों में पशु चिकित्सकों की टीम भेजकर पशुओं की जांच कराने, पशुओं का टीकाकरण कराने और मृत पशुओं के पशुपालकों को मुआवजे की मांग की।

## कंपनी पर लगाया दुध का भुगतान रोकने का आरोप

**समाज जागरण**

बागपत। पलड़ा गांव के शोमीन, नफीसा और फैजुनिशा ने दुध कंपनी पर दुध का भुगतान रोकने का आरोप लगाया है। उन्होंने एसपी से जांच कराकर उनका भुगतान कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि यह कंपनी उन्हें पिछले लगभग तीन वर्षों से दूध आपूर्ति का कार्य दे रही थी। वे नियमित रूप से दूध भेजते थे और इससे उनके परिवारों की आजीविका चलती थी। लेकिन अब कंपनी ने करीब तीन माह से उनका भुगतान रोक दिया है। भुगतान न मिलने से ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर हो गई है। पीड़ित ग्रामीणों ने कहा कि उन्होंने कई बार कंपनी के अधिकारियों से संपर्क किया, लेकिन हर बार केवल आश्वासन देकर भुगतान टाल दिया गया। उन्होंने बताया कि दूध की बिक्री से मिलने वाली रकम से ही वे अपने बच्चों की पढ़ाई, घर का खर्च और पशुओं के चारे-दवाइयों का इंतजाम करते थे। भुगतान रुकने के कारण बच्चों के पालन-पोषण और पशुओं की देखभाल में भी गंभीर परेशानी हो रही है। कुछ परिवारों पर कर्ज का बोझ बढ़ गया है और कई ग्रामीणों को मजबूरी में दूध बेचने का काम भी बंद करना पड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि बकाया भुगतान जल्द नहीं हुआ, तो उनका जीवन संकट में पड़ सकता है। एसपी कार्यालय में जमा हुए ग्रामीणों ने मांग की कि कंपनी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और उनका बकाया भुगतान तुरंत कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर प्रशासन ने समय पर कदम नहीं उठाया, तो वे बड़े पैमाने पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए आश्वासन दिया कि शिकायती पत्र के आधार पर पूरे मामले की जांच कराई जाएगी। जांच पूरी होने के बाद जो तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार कंपनी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर ग्रामीणों ने यह भी कहा कि उनकी मांग न्यायसंगत है और उन्हें सरकार से उम्मीद है कि उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। प्रशासन ने मामले की गंभीरता को समझते हुए जांच के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह आंदोलन केवल न्याय दिलाने के लिए है और उनका उद्देश्य किसी तरह का हंगामा करना नहीं है। उनका मुख्य लक्ष्य बकाया भुगतान दिलवाना और भविष्य में ऐसे मामले दोबारा न हों, यह सुनिश्चित करना है।



## सड़क सुरक्षा माह में बागपत में स्कूली वाहनों की सख्त जांच

घने कोहरे में बच्चों की सुरक्षा पर प्रशासन का विशेष जोर ओवरलोडिंग के खिलाफ कार्रवाई चार वाहन निरुद्ध यातायात सख्त अभियान जारी

**समाज जागरण बागपत।**

सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत शुक्रवार को जनपद में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर स्कूली वाहनों की सघन चेकिंग की गई और सुरक्षा मानकों का गहन निरीक्षण किया गया। जांच अभियान के तहत स्कूल बसों में अनिवार्य रूप से फायर एक्सटिंग्विशर, फर्स्ट एड बॉक्स, आपातकालीन उपकरण एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखा गया। संबंधित अधिकारियों ने बस चालकों से संवाद करते हुए उन्हें घने कोहरे, ठंड और सड़कों पर फिसलन को ध्यान में रखते हुए अत्यधिक सावधानी बरतने के निर्देश दिए। चालकों से कहा गया कि वे निर्धारित गति सीमा का पालन करें और बच्चों को सुरक्षित रूप से उनके गंतव्य तक पहुंचाना अपनी सर्वोच्च जिम्मेदारी समझें। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि स्कूली वाहनों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बच्चों की जान के लिए खतरा बन सकती है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही ओवरलोडिंग के खिलाफ टास्क फोर्स के साथ संयुक्त रूप से अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान नियमों का उल्लंघन करते पाए गए चार ओवरलोड वाहनों को निरुद्ध किया गया। अधिकारियों ने बताया कि ओवरलोडिंग न केवल यातायात व्यवस्था को प्रभावित करती है, बल्कि दुर्घटनाओं का बड़ा कारण भी बनती है। प्रशासन ने आमजन से भी अपील की कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।



## रौनक की विस्फोटक सेंचुरी से अयोध्या ने टीसीडी दुद्धी को 10 विकेट से हराया

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**

सोनभद्र/दुद्धी। टाउन क्रिकेट क्लब दुद्धी के तत्वावधान में खेले गए मुकाबले में टी.सी.डी. दुद्धी और अयोध्या की टीमें आमने-सामने रहीं। 16 जनवरी 2026 को खेले गए इस मैच में टॉस अयोध्या के कप्तान ने जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टी.सी.डी. दुद्धी बी की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 196 रन बनाए।
टीम की ओर से ध्रुवज ने 55 रन (6 छक्के, 3 चौके), निशांत ने 43 रन (5 छक्के, 2 चौके), गणेश ने 35 रन (2 छक्के, 2 चौके) और अनिकेत ने 16 रन (3 चौके) का योगदान दिया। अयोध्या की गेंदबाजी में राहुल ने 4 ओवर में 27 रन देकर 3 विकेट, चिरंजीवी ने 4 ओवर में 37 रन देकर 2 विकेट, सौरव ने 4 ओवर में 20 रन देकर 2 विकेट तथा आजाद ने 2 ओवर में 20 रन देकर 1 विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अयोध्या की टीम ने 16.1 ओवर में 6 विकेट खोकर 199 रन बना लिए। अयोध्या की ओर से रौनक ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 125 रन (12 छक्के, 10 चौके) बनाए, जबकि आजाद सैयद ने 65 रन (4 छक्के, 6 चौके) का योगदान दिया।
टी.सी.डी. दुद्धी बी की गेंदबाजी में आशु ने 2 ओवर में 20 रन देकर 2 विकेट, ध्रुवज ने 3 ओवर में 22 रन देकर 2 विकेट, अनिकेत ने 3 ओवर में 33 रन देकर 1 विकेट और निपा ने 4 ओवर में 28 रन देकर 1 विकेट लिया। इस प्रकार अयोध्या की टीम ने टी.सी.डी. दुद्धी बी को 10 विकेट से पराजित किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार रौनक को दिया गया। मैच के निर्णायक गौरव मौर्य एवं रजत राज रहे। कमेंट्री की भूमिका में अंकुर एवं राकेश मौजूद रहे, जबकि स्कोरर की जिम्मेदारी ओंकार शुक्ल ने निभाई। अगला मैचः 17 जनवरी 2026 को टी.सी.डी. दुद्धी और हिंडाल्को के बीच मुकाबला खेला जाएगा।




## अखण्ड भारत सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में बच्चे बच्चीयों का डांस प्रतियोगिता का ऑडिशन 18 जनवरी को

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**

सोनभद्र। हर वर्ष की तरह इस बार भी दद्धी तहसील प्रांगण में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांस्कतिक डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आज 18 जनवरी दिन रविवार को ऑडिशन होगा अखंड भारत सांस्कतिक मंच के अध्यक्ष संदीप गुप्ता व महामंत्री भोलू जायसवाल कोषाध्यक्ष मनीष जायसवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि नगर पंचायत चेयरमैन कमलेश मोहन के संरक्षण में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर दद्धी के तहसील प्रांगण में डांस प्रतियोगिता का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है इस डांस प्रतियोगिता में प्रतिभाग लेने के लिए 18 जनवरी दिन रविवार को समय सुबह 11 बजे दुद्धी के उत्सव वाटिका शिवाजी तालाब में ऑडिशन आयोजित किया गया है इस ऑडिशन में चयनित हुए प्रतिभागी 26 जनवरी 2026 को तहसील प्रांगण में प्रतिभाग करेंगे। आगे बताया कि जो प्रतिभागी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करेगा उसे भी नगद ईनाम दिया जाएगा। डांस प्रतियोगिता के आयोजक द्वारा अपील किया गया कि प्रतिभाग लेने हेतु बच्चे ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग ले।

## सही धाराओं में मुकदमा दर्ज कराकर निष्पक्ष जांच कराने की मांग

**समाज जागरण बागपत।**

एसपी कार्यालय पहुंची गौना गांव की महिला ने उसके पति की हत्या के मामले में धारा बढ़वाने और घटना की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। उसका कहना था कि पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज नहीं किया है। गौना निवासी निशा पत्नी शिवशंकर ने बताया कि गांव के तीन लोगों ने उसकी लडकियों की शादी कराने के नाम पर हरियाणा के किसी व्यक्ति से रुपए ले रखे थे। आरोपी शिवशंकर पर बेटियों की शादी कराने का दबाव बना रहे थे। इसका विरोध करने पर 7 जनवरी की रात्रि में आरोपियों ने उसे फोन कर बड़ा गांव बुलाया था। आरोप है कि रात्रि में करीब तीन बजे आरोपी शिवशंकर को लेकर घर पहुंचे और बताया कि उसने अधिक शराब पी ली है। जिसके कारण वह बेहोश हो गया है, जबकि उसके शरीर पर काफी चोटे थी। पुलिस को बुलाकर शिवशंकर की चिकित्सक के यहा जांच कराई गई थी, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में शिवशंकर के सिर की सीधी पेरेन्टल बोन मे फैक्चर और सिर में उल्टी ओर हेमाटोमा पाया गया था। उसकी पसली में भी फ्रेक्चर था ओर सिर की नशो में खून के थक्के जमे मिले थे। चिकित्सक ने अत्यधिक खून का रिसाव और आघात के कारण मौत होना बताया था। मृतक के पिता रामकुमार ने ईश्वर, विकास उर्फ हैकड व कर्मवीर उर्फ लीलू के खिलाफ नामजद तहरीर दी थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के आधार पर रिपोर्ट दर्ज नही की है। उसने एसपी से चांदीनगर थाना प्रभारी को सही धारा में मुकदमा दर्ज कराकर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। इस मौके पर करण सिंह, सोनिया, प्रमोद कुमार मौजूद रहे।



## विधुत विभाग के संविदा कर्मियों ने कार्य बहिष्कार किया।

समस्या का समाधान न होने पर जिले भर में होगी हड़तालः- बलराज उज्जवल

**समाज जागरण**

बागपत। बागपत में विद्युत विभाग में तैनात लाइनमैन साथियों की सेलरी समय से ना मिलना, और रुकी ही सैलरी ना मिलना आदि समस्याओं से जूझ रहे हे जिसके तहत जिले भर में लाइनमैनो ने 15 जनवरी से कार्य बहिष्कार किया हुआ हैं जिसको लेकर टीम निविदा संविदा कर्मचारी सेवा समिति ने अधीक्षण अभियंता के ऑफिस के बाहर टीडीएस कंपनी के सर्किल इंचार्ज ओर स्टाफ को बंधक बनाकर सड़क पर ही बैठाया गया है। कई घंटे के बाद कंपनी की तरफ से लिखित रूप से सभी समस्याओं का हल करने के आश्वाशन पर समझौता किया गया है। निविदा कर्मचारी की लिखित समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो सभी कर्मचारी हड़ताल करने पर मजबूर होगे। इस मौके पर निविदा संविदा कर्मचारी सेवा समिति बागपत के जिला अध्यक्ष बलराज उज्वल, महामंत्री भविचंद कश्यप, सुभाष गुज्जर, मांगेराम, मनोज राणा, परवीन शर्मा, सचिन कुमार, आस मोहमंद, हरेंद्र तोमर, आसिफ खान, सुरेन्द्र गुज्जर, संदीप शर्मा, अमित हट्टी,आदि काफी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।




## दो दिवसीय फल पटटी योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

-आम उत्पादको को फलो से कीट बचाव को दी गयी जानकारी

**समाज जागरण चांदीनगर।**

रटौल में दो दिवसीय फल पटटी योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को आम पर बौर से लेकर फलो पर लगने वाले कीटो के बारे में जानकारी दी गयी। रटौल में नगर पचायत अध्यक्ष जुनैद फरीदी के आवास पर फल पटटी योजना के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आम उत्पादको को फलो और बौर सम्बंधी जानकारी दी गयी। आम उत्पादको को सम्बोधित करते हुए ट्रेनिंग अफसर शिवानी श्रीवास्तव ने आम के पेड़ो पर लगने वाले बौर को कीटो से बचाव के बारे मे जानकारी दी उन्होंने बताया की बौर पर स्प्रे करने से पहले कृषि वैज्ञानिक से जरूर सलाह ले इसके अलावा डाक्टर सोनम सहारनपुर ने भी किसानों को फल के समय लगने वाले कीटो से बचाव की जानकारी दी। वही किसानों को सम्बोधित करते हुए सहायक उधान अधिकारी राकेश कुमार ने कहा की किसानों को बागवानी सम्बंधी कोई भी जानकारी चाहिए तो खेकड़ा कृषि वैज्ञानिक केन्द्र आकर जानकारी ले सकते है। इसके अलावा बागों का निरीक्षण कराकर बौर पर लगने वाले कीट से बचाव की जानकारी भी प्राप्त कर सकते है। इस मौके पर सत्यवीर सिंह, जुनैद फरीदी, डाक्टर शकील, उमर फरीदी, अख्तर, अलाऊदीन, हबीब खान सहित आम उत्पादक मौजूद रहे।



## बागपत में व्यापारी संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**समाज जागरण बागपत।**

शासन के द्वारा दिये गये निदेशों के क्रम में ईंट-भट्ठा समिति बागपत के साथ संयुक्त आयुक्त (वि ०अनु० शा ०) संभाग-बी मेरठ अमित कुमार पाठक की उपस्थिति में एक व्यापारिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अमित कुमार पाठक द्वारा भट्ठा व्यवसाईयों हेतु शासन द्वारा दिए गए निदेशों तथा बिना बिल या चालान के ईंट का परिवहन न करना कम कर जमा करने वाले ईंट भट्ठा स्वामियों को उत्पादन के सापेक्ष उचित नियमानुसार कर जमा करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। साथ ही आगे भी यदि कोई भट्ठा स्वामी उत्पादन के सापेक्ष कम कर जमा करता है तो उसके विरुद्ध वि०अनु०शा० द्वारा कार्यवाही की जाएगी। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने शासन की मंशा के अनुरूप सभी भट्ठा स्वामियों को कर जमा करने के लिए प्रेरित किया। व्यापारी संवाद कार्यक्रम में उपायुक्त राज्य कर आर पी चौरसिया सहायक आयुक्त शशि प्रकाश ईंट निमार्ता समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह विक्रम राणा महामंत्री नीरज नैन विनोद गोयल आनंदपाल राणा इंद्रपाल सिंह नवीन गुप्ता सतीश गुप्ता हरेंद्र शशि गुप्ता मुकेश मित्तल आदि उपस्थित रहे।



## मकर संक्रांति पर निशा बबलू सिंह ने पेश की सेवा की मिसाल, सैकड़ों जरूरतमंदों को मिला सहारा

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**

सोनभद्र/रेणुकूट। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर जहाँ पूरा देश उत्सव में डूबा था, वहीं सोनभद्र के रेणुकूट क्षेत्र में सेवा और समर्पण की एक अनुपम तस्वीर देखने को मिली। पूर्व अध्यक्ष रेणुकूट, निशा बबलू सिंह के परिवार द्वारा उनके कार्यालय पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया और भीषण ठंड को देखते हुए व्यापक स्तर पर कंबल वितरण का कार्य संपन्न हुआ। निशा सिंह की कहानी संघर्ष और आत्मबल की एक मिसाल है। अपने पति की हत्या के बाद उन्होंने टूटने के बजाय समाज सेवा का कठिन मार्ग चुना। आज वे सोनभद्र की पहली ऐसी आत्मनिर्भर महिला के रूप में उभरी हैं, जिन्होंने अपनी एक समर्पित टीम तैयार की है। यह टीम दिन-रात क्षेत्र के असहाय और निर्धन लोगों की सेवा में जुटी रहती है। स्थानीय लोगों का मानना है कि जो तत्परता जन प्रतिनिधियों(सांसदों और विधायकों) को दिखानी चाहिए थी, वह सेवा भाव निशा सिंह अकेले दिखा रही हैं। सोनभद्र जैसे औद्योगिक क्षेत्र में आज भी मजदूरों का शोषण एक बड़ी समस्या है। जहाँ कई जन प्रतिनिधि इन मुद्दों पर मौन साधे रहते हैं, वहीं निशा सिंह अपने पति के दिखाए गए मार्गदर्शन पर चलते हुए गरीब और लाचार मजदूरों की ढाल बनकर खड़ी रहती हैं। इस सेवा यात्रा में उनके बड़े पुत्र अभय प्रताप सिंह भी पूरी निष्ठा के साथ अपने पिता और परिवार के संस्कारों को आगे बढ़ा रहे हैं। युवाओं के लिए अभय आज एक प्रेरणा बन चुके हैं, जो राजनीति से ऊपर उठकर सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता दे रहे हैं। निशा सिंह की टीम का कार्य केवल भोजन और वस्त्र वितरण तक सीमित नहीं है। पूर्वांचल क्षेत्र में उनके परिवार की पहचान एक ऐसे मददगार के रूप में है जो संकट के समय सबसे पहले खड़ा होता है। यदि कोई गरीब व्यक्ति गंभीर रूप से बीमार पड़ता है, तो उनकी टीम उसे लखनऊ, बनारस या दिल्ली जैसे बड़े शहरों के अस्पतालों तक ले जाती है। इलाज की व्यवस्था से लेकर मरीज की देखभाल तक, टीम हर संभव प्रयास करती है ताकि कोई भी आर्थिक अभाव में दम न तोड़े। कहते हैं कि संस्कार ही व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। पूरे पूर्वांचल में ऐसे समाजसेवी बहुत कम देखने को मिलते हैं जो किसी भी हद तक जाकर पीड़ितों का साथ दें। निशा सिंह का कहना है कि वे ईश्वर से बस यही प्रार्थना करती हैं कि उन्हें इतनी शक्ति मिलती रहे ताकि वे समाज के वंचित वर्गों की सेवा निरंतर करती रहें। मकर संक्रांति के इस आयोजन ने एक बार फिर साबित कर दिया कि समाज में बदलाव लाने के लिए केवल पद की नहीं, बल्कि सेवा के सच्चे जज्बे की जरूरत होती है।



# आईटीआई में युवा सप्ताह का समापन, युवाओं को पुरस्कार राशि चेक में देकर किया सम्मानित

## दुनिया की नजर भारत के युवाओं पर टिकी हुई है: अशोक भारद्वाज



**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। स्थानीय आईटीआई प्रशिक्षण केंद्र भिवानी द्वारा 12 जनवरी से 16 जनवरी तक आयोजित युवा सप्ताह का समापन ह्लस्वामी विवेकानंद को जानो और युवा शक्तिह्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। समापन समारोह में युवाओं के उत्साह, आत्मविश्वास और राष्ट्रनिर्माण के संकल्प की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिली। समापन समारोह के दौरान आयोजित भाषण प्रतियोगिता में उन सर्वश्रेष्ठ युवाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने प्रभावशाली भाषणों के माध्यम से स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन, उनके विचारों और युवा शक्ति की भूमिका पर विशेष फोकस किया। प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे विषयों को अपने भाषणों में प्रमुखता से रखा, जिससे कार्यक्रम का वातावरण प्रेरणादायी बन गया।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में मुख्य वक्ता के रूप में भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने शिरकत की। उन्होंने उपस्थित युवाओं, शिक्षकों एवं पुरस्कार विजेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज केवल भारत की युवा शक्ति पर ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की नजर भारत के युवाओं पर टिकी हुई है। भारत का युवा आज देश ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहा है।

अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के लिए उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे लक्ष्य निर्धारित कर कठिन परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें। तभी एक सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित भारत का सपना साकार हो सकता है। उन्होंने कहा कि उनकी संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति व माय युवा भारत केंद्र भिवानी द्वारा जारी राष्ट्रीय युवा सप्ताह का समापन 19 जनवरी को यूथ हॉस्टल स्थित विवेकानंद जी की प्रतिमा स्थल पर किया जाएगा।

समापन समारोह कार्यक्रम में जीआई इंचार्ज वेदप्रकाश, जीआई कुलदीपक, जीआई वीरेंद्र कुमार, विशेष अतिथि के रूप में विजेंद्र पहलवान, समाजसेवी सुरेश सैनी, वरिंद्र कुमार, सुभाष, विकास कुमार, अशोक कौशिक प्रोजेक्ट मैनेजर भिवानी जॉन, जेपी सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की।

# विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम- विकसित भारत के सपने को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम- राजेंद्र चौधरी

- नया कानून पारदर्शिता, जवाबदेही और सामाजिक सुरक्षा का ढांचा स्थापित करता है : राजेंद्र चौधरी
- विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम 2025 पर मीडिय से वातार्लाप का आयोजन
-नया कानून एक आधुनिक, जवाबदेह और अवसंरचना-केंद्रित ढांचे को मजबूती प्रदान करता है: अजय तोमर, उपायुक्त




**समाज जागरण,**

चंडीगढ़/कालांवाली :16 जनवरी (सुरेश जोरासिया) सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रेस इनफॉर्मेशन ब्यूरो के अपर महानिदेशक (ग्रामीण विकास) श्री राजेंद्र चौधरी ने कहा कि विकसित भारत - जी राम जी कानून विकसित भारत के सपने को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है भारत में आत्मनिर्भर गाँवों के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है । हरियाणा के अंबाला में विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम 2025 पर आयोजित वातार्लाप को संबोधन करते हुए पत्र सूचना कार्यालय, दिल्ली में अपर महानिदेशक श्री राजेंद्र चौधरी ने इस महत्वाकांक्षी पहल के विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि यह कानून रोजगार सृजन को मजबूती देने, बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करने और गाँवों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए एक ठोस प्रयास है।

उन्होंने कहा कि पहले की व्यवस्था में मनरेगा के तहत 100 दिनों के रोजगार की गारंटी तो थी, लेकिन कई स्थानों पर न तो समय पर काम मिल पाता था और न ही मजदूरी का भुगतान समय पर हो पाता था। इसे गंभीर चिंता का विषय बताते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी कमियों को दूर करने और भ्रष्टाचार समाप्त करने के लिए सरकार ने विकसित भारत - जी राम जी कानून के माध्यम से सुधार किए हैं।

उन्होंने बताया कि नए कानून के तहत रोजगार गारंटी 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। यदि निर्धारित अवधि के भीतर काम उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो मजदूरों को बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। इसी प्रकार, यदि मजदूरी के भुगतान में 15 दिनों से अधिक की देरी होती है, तो उस पर ब्याज भी दिया जाएगा। श्री चौधरी ने कहा कि नए कानून के तहत ग्राम पंचायत को सशक्त बनाया गया है, और अब गाँव की सभाएँ स्वयं तय करेंगी कि उनके गाँव में कौन-से विकास कार्य कराए जाएँ। उन्होंने कहा कि विकास से संबंधित निर्णय अब गाँव स्तर पर ही लिए जाएँगे।

इस मौके पर अंबाला के उपायुक्त एवं कार्यक्रम के मुख्यातिथि श्री अजय सिंह तोमर ने कहा कि नया कानून एक आधुनिक, जवाबदेह और अवसंरचना-केंद्रित ढांचे के माध्यम से उनकी कमियों को दूर करते हुए पिछले सुधारों पर आधारित है। यह कानून ग्रामीण रोजगार को सतत विकास और यथोचित आजीविका के लिए एक कार्यनीतिक साधन के रूप में स्थापित करता है, जो पूरी तरह से विकसित भारत 2047 के विजन के साथ जुड़ा हुआ है।

उन्होंने मीडिया से आहवान किया कि इस कानून के बारे में लोगों को जागरूक करें और यदि कोई भी व्यक्ति इस कानून के बारे में भ्रमक भ्रांति फैलाता है तो मीडिया तथ्यों पर आधारित उसका सकारात्मक जवाब प्रस्तुत करें।

इससे पहले कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए पीआईबी चंडीगढ़ के मीडिया एवं संचार अधिकारी ने वातार्लाप कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कार्यशाला मीडिया और सरकार के बीच सेतु का काम करती है। इस मौके पर सूचना प्रसारण मंत्रालय की विभिन्न इकाइयों की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। उन्होंने पीआईबी की अनुसंधान इकाई द्वारा विभिन्न विषयों पर किए जा रहे विश्लेषण और तथ्य परक सूचनाओं के बारे में भी जानकारी दी।

उन्होंने इन विश्लेषक से जी राम जी एक्ट पर महत्वपूर्ण विश्वसनीय आंकड़ों एवं जानकारियों का उपयोग अपने लेख और समाचार लेखन में इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर श्री विराट, अतिरिक्त उपायुक्त, अंबाला ने योजना के विभिन्न प्रावधानों और विकसित भारत के लक्ष्य में ग्रामीण विकास की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला।

इस मौके पर जिला परिषद के सीईओ श्री गगनदीप सिंह ने भी विकसित भारत जी राम जी कानून 2025 के तहत महत्वपूर्ण जानकारी दी और कहा कि इस कानून के लागू होने से किसान व मजदूर को लाभ होगा, दोनों सशक्त और मजबूत भी होगे।

इस अवसर पर अंबाला के लोग संपर्क अधिकारी श्री धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि ग्रामीण विकास में मीडिया अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने मीडिया कर्मियों एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों का धन्यवाद प्रस्तुत किया । इस मौके पर एसीयूटी राहुल कनवरिया व जिला के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रतिष्ठित समाचार पत्र पंजाब केसरी के कार्यालय पर धावा बोलना अत्यंत निंदनीय :- महेश आजाद भाजपा



**समाज जागरण,**

कालांवाली 16 जनवरी (सुरेश जोरासिया) पंजाब की भगवंत मान सरकार द्वारा प्रतिष्ठित समाचार पत्र पंजाब केसरी के कार्यालय पर धावा बोलना अत्यंत निंदनीय, शर्मनाक और तानाशाही सोच का खुला प्रदर्शन है। यह घटना स्पष्ट करती है कि पंजाब सरकार आलोचना और सच्चाई से घबरा चुकी है।

लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कही जाने वाली मीडिया पर इस प्रकार का दबाव बनाना सीधे-सीधे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला है। जो सरकार स्वयं को ईमानदारी और पारदर्शिता की प्रतीक बताती थी, वही आज पत्रकारों की आवाज कुचलने पर उतारू है। यह न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान है, बल्कि संविधान की आत्मा के भी खिलाफ है।

यदि सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए अखबारों के दफ्तरों पर धावे बोलने लगे, तो यह साबित करता है कि शासन अहंकार और भय से संचालित हो रहा है। पंजाब की जनता यह सब देख रही है और समय आने पर इसका जवाब भी देगी।

हम इस कायराना कार्रवाई की कड़े शब्दों में भर्त्सना करते हैं और मांग करते हैं कि दोषी अधिकारियों पर तुरंत कार्रवाई की जाए तथा मीडिया संस्थानों की स्वतंत्रता और सुरक्षा की गारंटी दी जाए। अन्यथा यह माना जाएगा कि पंजाब में लोकतंत्र को योजनाबद्ध तरीके से कमजोर किया जा रहा है। लोकतंत्र में सरकारें सवालों से नहीं, जवाबदेही से मजबूत होती हैं।

# हरियाणा खेलों में हमेशा अग्रणी रहकर नये आयाम स्थापित किए हैं : एसडीएम विजया मलिक

## एसडीएम विजया मलिक ने कहा खेलों के प्रति जज्बा होना चाहिए फिर उम्र भी आड़े नहीं आती



बहल : महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से ब्लाक स्तरीय महिला खेलों के प्रतिभागी खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए एसडीएम व अन्य।

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 16 जनवरी। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के खेल प्रांगण में ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एसडीएम विजया मलिक ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर पुरस्कार वितरित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास अधिकारी उषा रानी व किरण ने की। खंड स्तरीय प्रतियोगिता में आंगनबाड़ी कार्यकताओं और गांव की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। एसडीएम ने महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि इन खेलों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभा में निखार लाना है ताकि ग्रामीण परिवेश से निकलकर खेलों के रूचि बनी रहे। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज के दिन किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा खेलों में हमेशा अग्रणी रहकर नये आयाम स्थापित किए हैं। निशाने बाजी में चंद्रों तोमर का उदाहरण देते हुए कहा कि खेलों के प्रति जज्बा होना चाहिए फिर उम्र भी आड़े नहीं आती। सीडीपीओ उषा रानी व किरण ने बताया कि एक दिवसीय महिला खेल कूद प्रतियोगिता में 6 प्रतिस्पर्धा रखी गई । जिसमें प्रथम पुरस्कार 2100, द्वितीय पुरस्कार 1100 तथा तीसरे स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 750 रुपये नगद पुरस्कार प्रदान किया गया । उन्होंने महिलाओं को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, एनीमिया, भ्रूण हत्या और कुपोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी और महिलाओं को स्वस्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर सीडीपीओ उषा रानी, किरण, एसिस्टेंट बीर सिंह,महावीर पुनिया,ब्लाक कार्डिनेटर मनोज जांगड़ा, मा. राजबीर,राजेश, रामचंद्र, सुरजीत सिंह, सुपरवाइजर प्रियंका, सुनीता, ज्योति एवं आंगन वाडी वर्कर, हेल्पर मौजूद थे।

# निशानेबाजी में चमके कक्षा 8 के वंश माहिवाल, राष्ट्रीय स्तर पर हासिल की बड़ी उपलब्धियाँ

**समाज जागरण, अश्विनी वालिया कुरुक्षेत्र**

सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल के कक्षा 8 के प्रतिभाशाली छात्र वंश माहिवाल ने कम उम्र में निशानेबाजी के क्षेत्र में असाधारण प्रदर्शन कर न केवल अपने विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। वंश ने हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता में 50 मीटर राइफल स्पर्धा में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ ही वंश माहिवाल का चयने 10 मीटर एयर राइफल अंतरराष्ट्रीय ट्रायल के लिए हुआ है, जो किसी भी युवा खिलाड़ी के



लिए गर्व की बात है। यह चयन उनके निरंतर अभ्यास, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण को दशार्ता है। अखिल भारतीय रैंकिंग में भी शानदार प्रदर्शन वंश ने 10 मीटर एयर राइफल सब-यूथ वर्ग में अखिल भारतीय रैंके 193 तथा यूथ वर्ग में अखिल भारतीय रैंके 360 प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया है कि वे आने वाले समय में देश के श्रेष्ठ निशानेबाजों में स्थान बनाने की पूरी क्षमता रखते हैं। बता दें की 68वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप भोपाल में आयोजित हुई थी 68वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप में वंश माहिवाल ने देशभर से आए अनुभवी खिलाड़ियों के बीच शानदार प्रदर्शन किया। इतनी कम आयु में राष्ट्रीय मंच पर खेलना स्वयं में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। स्कूल की प्रबंध निदेशिका अंजलि मारवाह ने कहा की स्कूल प्रबंधन वंश के हौंसले को सलूट करता है परिवार, विद्यालय व क्षेत्र में खुशी की लहर है` वंश की इस सफलता पर सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल के प्रबंधन, प्रधानाचार्य, शिक्षकों, अभिभावकों एवं खेल प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। सभी ने वंश को बधाई देते हुए अंतरराष्ट्रीय ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दी हैं। युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बने वंश अपनी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के बल पर वंश माहिवाल आज क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बनकर उभरे हैं। स्कूल प्रबंधन कमेटी के कार्तिकेय का मानना है कि यदि बच्चो को इसी प्रकार मार्गदर्शन और प्रोत्साहन मिलता रहा तो भविष्य में वे देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर सकते हैं।

# घर-घर तक कांग्रेस के विचारों को पहुंचाना है। कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाना है : सोमल सिंधु



**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 16 जनवरी। यूथ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सत्यवान गहलोत ने शुक्रवार को बहल ब्लाक के गोपालवास गांव में मनरेगा बचाओ संग्राम एवं मासिक बैठक के तहत हल्का उपाध्यक्ष नवीन श्योराण गोपालवास के नेतृत्व में महत्वपूर्ण बैठक हुई। भाजपा सरकार की गरीब विरोधी नीतियों के खिलाफ मजदूरों को लामबंद होने का आग्रह किया। इस दौरान यहां के यूथ कांग्रेस के नेताओं की टीम मौजूद रही। कांग्रेस नेता सत्यवान गहलोत ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा। गहलोत जी ने कहा कि उन्होंने कहा कि गली-गली भाजपा के इस षड़संयंत्र को बेपर्दा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में यह अभियान चलाया जा रहा है।

शुक्रवार को गहलोत पूरी युवा टीम के साथ लोहारू के गोपालवास गाव पहुंचे। युवा कांग्रेस के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोमल सिंधु ने संबोधित करते हुए कहा कि घर-घर तक कांग्रेस के विचारों को पहुंचाना है। कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाना है। अगले चुनाव में भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का लक्ष्य बताया। प्रदेश सह प्रभारी मीवांशा आर्य ने कहा की युवा कांग्रेस के संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए हम साथियों के सहयोग के लिए तैयार हैं। पूर्व शिक्षा अधिकारी एवं लोहारू कांग्रेस नेता करण सिंह गोठड़ा ने कहा कि सरकार की हर गलत नीतियों व बेकाइदियो को लोगों के सामने लाना केवल विपक्ष का ही कार्य नहीं समाज के हर प्रबुद्ध नागरिक और खासकर युवाओं को भविष्य को देखते हुए जरूर उजागर करना चाहिए। इस अवसर पर बीडीसी दलबीर, करन सिंह गोठड़ा, जिला चेयरमैन लीगल सेल भिवानी शक्ति सिंह गाढ़ा, बहल ब्लाक अध्यक्ष संदीप लाखलान, सिवानी ब्लाक अध्यक्ष प्रमोद गुढ़, दिनेश जोशी, मुकेश ,विनोद, पवन, राजकुमार सहित अनेकों युवा साथी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे

# संन्यास आश्रम सुधिवास में 25 से 31 जनवरी तक श्रीमद्भागवत कथा अमृत वर्षा का आयोजन

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 16, जनवरी। संन्यास आश्रम सुधिवास में वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में श्रीमद्भागवत कथा अमृत वर्षा ज्ञान प्रवाह आयोजन 25 जनवरी से 31 जनवरी तक शास्त्रोक्त विधि विधान के साथ होगी। कथा अमृत वर्षा ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ भोजानेश्वर महंतश्री नागा बाबा आजाद गिरी महाराज करेंगे वहीं समापन अवसर पर श्रीश्याम गिरी दरबार नागा बाबा श्री रत्नगिरि महाराज के सानिध्य में होगा। यह जानकारी देते हुए सन्यास आश्रम के महंत बाबा मोहन गिरी महाराज ने बताया कि कथा प्रवचन वारानसी के महाराज सत्यानंद गिरी के मुखारविंद से प्रतिदिन सुबह 11 बजे से 4 बजे तक व रात्रि जागरण सांय 8 बजे से प्रति संध्या देर रात्रि तक किया जाएगा। महिला कलश यात्रा 25 जनवरी को सुबह 9.15 बजे धूणावाला आश्रम से शुरू होकर नगर भ्रमण उपरांत कथा स्थल पर विधिवत संपन्न होगी। हवन व भंडारा 1 फरवरी को सुबह होगा।

# मकर संक्रांति पर कसौली कैंप में भावुक विदाई समारोह

## 41 वर्षों की गौरवपूर्ण सेवा के बाद सेवानिवृत्त हों रहे कम्पनी कमांडर पन्ना लाल

**समाज जागरण, सुनील चिंचोलकर**

दंतेवाड़ा,छत्तीसगढ़। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर जिला दंतेवाड़ा स्थित कसौली कैंप में कैंप प्रभारी कम्पनी कमांडर पन्ना लाल के सम्मान में एक गरिमामय एवं भावुक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। पन्ना लाल 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्होंने 31 अक्टूबर 1985 को मध्यप्रदेश विशेष सशस्त्र बल में भर्ती होकर 41 वर्ष 3 माह तक देश और समाज की निष्ठापूर्वक सेवा की।

विदाई समारोह की शुरूआत धार्मिक परंपराओं के अनुसार की गई। अधिकारी एवं जवानों द्वारा सर्वप्रथम इंद्रावती नदी में स्नान कर माँ दंतेश्वरी के दर्शन किए गए। इसके पश्चात कसौली कैंप परिसर में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों, जवानों एवं स्टाफ ने सहभागिता की।

इस अवसर पर एसपी आईपीएस गौरव राय एवं आईपीएस राजेश कुकरेजा, सेनानी प्रथम बटालियन के मार्गदर्शन में विशेष वेलफेयर एवं विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कसौली कैंप का प्रभार कम्पनी कमांडर घनश्याम सिंह को सौंपा गया। घनश्याम सिंह द्वारा पन्ना लाल को श्रीफल एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया, वहीं अन्य अधिकारियों एवं जवानों ने गुलदस्ता व पुष्पहार पहनाकर सम्मान व्यक्त किया।

विदाई समारोह के दौरान कैंप परिसर भावनाओं से सराबोर नजर आया। वर्षों तक साथ सेवा कर चुके अधिकारी एवं जवानों की आंखें नम रहीं, वहीं पन्ना लाल भी इस अवसर पर भावुक हो उठे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कम्पनी कमांडर घनश्याम सिंह ने पन्ना लाल के सेवा काल के अनुभवों को साझा करते हुए उनके अनुशासन, नेतृत्व एवं कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की।अपने उद्बोधन में पन्ना लाल ने नम आंखों से अपने सेवा काल की स्मृतियों को साझा किया। उन्होंने पुलिस सेवा में अनुशासन, ईमानदारी और समर्पण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जवानों को कर्तव्यनिष्ठा के साथ सेवा करने का संदेश दिया। समारोह के अंत में घनश्याम सिंह द्वारा पन्ना लाल के उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखद भविष्य की कामना की गई। इसके पश्चात कैंप परिसर स्थित माँ दुर्गा मंदिर में दर्शन एवं भजन कार्यक्रम के साथ समारोह का समापन किया गया।

# स्वामी विवेकानन्द जयंती पर ग्रेड्स इंटरनेशनल स्कूल में महासमूह गान का आयोजन



ईटा-2। आज शुक्रवार, 16 जनवरी 2026 को भारत विकास परिषद् विवेकानन्द शाखा द्वारा ग्रेड्स इंटरनेशनल स्कूल, ईटा-2 में स्वामी विवेकानन्द जयंती एवं महासमूह गान का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत वंदेमातरम् से हुआ, जिसके बाद सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने हम करें राष्ट्र आराधन महासमूह गान का सस्वर गायन किया। संगीत शिक्षिका संचारी भट्टाचार्य ने कार्यक्रम का संयोजन किया।

इस अवसर पर प्रो. विवेक कुमार ने स्वामी विवेकानन्द के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के नरेंद्र नाथ, जब स्वामी रामकृष्ण परमहंस के शिष्य बने, तब उन्होंने मानव सेवा ही ईश्वर सेवा हैह्व का महान सिद्धांत सीखा। उन्होंने कहा कि जैसे पक्षी एक पंख से नहीं उड़ सकता, वैसे ही समाज भी महिलाओं के बिना आगे नहीं बढ़ सकता। प्रो. कुमार ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा– उठो, जागो और अपने लक्ष्य की प्राप्ति तक मत रुको।

विद्यालय की प्रधानाचार्या अदिति बसु रॉय ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानन्द के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने अपने समय में थे, और आने वाले हजारों वर्षों तक मानव समाज को प्रेरणा देते रहेंगे।

भारत विकास परिषद् विवेकानन्द शाखा के अध्यक्ष विवेक अरोरा ने संस्कृति के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि स्वयं के लिए करना और खाना मनुष्य की प्रकृति है, दूसरों का छीनकर खाना विकृति है, जबकि समाज के साथ मिल-बांटकर करना और खाना ही हमारी सच्ची संस्कृति है।

कार्यक्रम में कोऑर्डिनेटर सुशीला, बबीता, तमन्ना, रवि मेहरा सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्रेरणादायक वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# कुरुक्षेत्र में भारतीय साधु समाज की बैठक, महंत बंसी पुरी जी सर्वसम्मति से बने हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष



**समाज जागरण, अश्विनी वालिया**

कुरुक्षेत्रः धर्मानगरी कुरुक्षेत्र में भारतीय साधु समाज की बैठक में जब सर्वसम्मति से महंत बंसी पुरी जी को प्रदेशाध्यक्ष घोषित किया गया तो साधू समाज मे खुशी की लहर देखते ही बनती थी वही नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष बंसी पूरी महाराज ने बताया कि संगठन विस्तार के साथ-साथ आधार कार्ड में गुरु नाम पर प्रश्न चिन्ह बारे सरकार को दिया ज्ञापन दिया जाएगा

भारतीय साधु समाज के राष्ट्रीय संगठन मंत्री स्वामी प्रबोधनन्द ने बताया कि सर्वसम्मति से भारतीय साधु समाज का बंसी पुरी महाराज को हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया गया है और कार्यकारिणी के गठन का अधिकार उन्हें दिया गया है वहीं उन्होंने आधार कार्ड में पिता के नाम के साथ-साथ गुरु नाम का कॉलम देने की मांग उठाई उन्होंने कहा कि संतों की पहचान गुरुओं से होती है वही महंत बंसीपुरी महाराज ने भी कहा कि समस्या आ रही है इस बड़े सरकार से बातचीत की जाएगी

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का बड़ा फैसला: आंगनवाड़ी कार्यकताओं को सुपरवाइजर पद पर मिलेगी पदोन्नति

**समाज जागरण,**

चंडीगढ़ः मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महिला एवं बाल विकास विभाग की घोषणाओं को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में आंगनवाड़ी कार्यकताओं के हित में एक अहम निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि 10 वर्ष की सेवा पूरी कर चुकी और सुपरवाइजर पद की पात्रता रखने वाली आंगनवाड़ी कार्यकताओं को सुपरवाइजर के पद पर पदोन्नत किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोक निर्माण विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की

**समाज जागरण,**

चंडीगढ़ः मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कें) की एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में राज्य सरकार की बजट घोषणाओं के अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं तथा विभिन्न लंबित निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर, उच्च गुणवत्ता और पूर्ण पारदर्शिता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि सड़कें और भवन आम जनता से सीधे जुड़े होते हैं, इसलिए इनकी गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि विकास परियोजनाओं में देरी से जनता को असुविधा होती है, इसलिए विभागीय अधिकारी नियमित मॉनिटरिंग करते हुए कार्यों में तेजी लाएं। उन्होंने बजट घोषणाओं के अनुरूप सभी परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं, निमार्णाधीन सड़कों, पुलों एवं भवनों की वर्तमान स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने आवश्यक स्थानों पर फील्ड निरीक्षण और तकनीकी गुणवत्ता जांच को भी सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए।

इस समीक्षा बैठक में लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा भी उपस्थित रहे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने का आश्वासन दिया।

# औरां में उमड़ा जनसैलाब, ऋण वितरण और बीमा दावों से ग्रामीण सशक्तिकरण की नई पहल

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ ब्लाक के ग्राम औरां(नंदघर)में आज उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक,शाखा आयर, द्वारा आयोजित 'वित्तीय समावेशन एवं ऋण वितरण शिविर' में विकास की नई इबारत लिखी गई। कार्यक्रम में बैंकिंग सेवाओं को अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुँचाने का संकल्प दोहराया गया।




प्रमुख ऋण योजनाओं की स्वीकृति मुख्य अतिथि क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव कुमार श्रीवास्तव एवं विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी ,हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा द्वारा कुल ₹60 लाख के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।

**मुख्य रूप से शामिल रहे**

डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना,रोशन पटेल ,सुभाष चंद्र,लालबहादुर सहित अन्य लाभार्थियों को स्वरोजगार हेतु ऋण पत्र सौंपे गए।

किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों को खेती-किसानी के विस्तार हेतु KCC लिमिट स्वीकृत की गई। तथा MSME व अन्य योजनाएं स्थानीय छोटे व्यवसायों को मजबूती प्रदान करने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

**सामाजिक सुरक्षा और सम्मान**

कार्यक्रम के दौरान PMJJBY के अंतर्गत लाभार्थी परिवार को 2,00,000 का चेक प्रदान किया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक ने जोर देते हुए कहा कि बैंक न केवल ऋण प्रदाता है, बल्कि संकट की घड़ी में परिवार का साथी भी है।

**आयोजन टीम और गणमान्य उपस्थिति**

शाखा प्रबंधक किसलय कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का सफल संचालन डी.पी. पांडेय ने किया। इस अवसर पर बैंक की ओर से कुमार गौरव, शैलेंद्र सिंह, रत्नेश जी, गोविंद यादव, शशांक एवं स्थानीय प्रतिनिधि के रूप में रोशन पटेल, शनि ,कुमार पाल, संत लाल, लक्ष्मण और मुन्ना लाल समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

ग्राम प्रधान (औरा) संजय कुमार ने बैंक के इस प्रयास की सराहना करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया और कार्यक्रम का समापन किया।

# नशे की विभीषिका पर गंभीर वैचारिक-विमर्श

- "जो व्यक्ति नशे के दर का होता है,
- वह हमेशा दर-बदर का होता है ।"

**समाज जागरण**
**संजीव ठाकुर, अंतरराष्ट्रीय कवि,**




रायपुर, नव छत्तीसगढ़ साहित्यिक,सांस्कृतिक संस्थान रायपुर छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में नशे के विरोध में "नशे की संगति जीवन की बड़ी विपत्ति"" विषय पर सारगर्भित वैचारिक,साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन वृंदावन हॉल सिविल लाइंस रायपुर में किया गया किया गया ।जिसके मुख्य अतिथि श्री राजीव चंद्र श्रीवास्तव पूर्व आईपीएस, , अध्यक्ष संजीव कुमार ठाकुर, चिंतक, लेखक, कवि, स्तंभकार, विशिष्ट अतिथि जयंत थोराट, पूर्व आई,पी,एस,शताब्दी पांडे कवयित्री कथा सामाजिक कार्यकर्ता, मनोज मसंद, कवि तथा सामाजिक कार्यकर्ता, और एम के गौतम पूर्व संचालक फोरेंसिक प्रयोगशाला,कवि अम्बर शुक्ल छत्तीसगढ़ थे। कार्यक्रम का संचालन शशांक खरे ने किया, सरस्वती वंदना कवयित्री सुषमा पटेल और संयोजन पल्लवी रूमा झा ने किया, कार्यक्रम की परिकल्पना सुमन शर्मा वाजपेई ने की। नशे के विरोध में काव्य गोष्ठी का संचालन कवि सुनील पांडे ने किया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चिंतक लेखक कवि संजीव ठाकुर ने कहा नशा देश समाज और व्यक्ति के लिए अभिशाप का एक भयानक संदेश है। व्यसन देश और समाज के लिए नैतिक पतन का कारण भी बना है। उन्होंने अपनी कविता में भी कहा

"व्यक्ति नशे के दर पर होता है,
वह हमेशा दर-बदर का होता है।

उन्होंने कहा जिस सामाज ने नशे को प्रश्रय दिया वह उसके पतन का भयानक कारण बना है। नशा देश की सामाजिक आर्थिक एवं अन्य संस्थागत संरचनाओं को खोखला कर रहा है। युवाओं को अधिक भ्रमित कर उनके भविष्य को नष्ट करने का कार्य भी करता है। युवाओं को नशे से सदैव दूर रहकर राष्ट्रीय हित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा कि नशे के विरोध में आदिकाल से ही हमारे वेदों पुराणों में उल्लेख होता आया है और नशा एक सामाजिक बुराई, विडंबना तथा बड़ी आपदा है। नशे के विरोध में जन सामान्य से लेकर संस्थाओं कॉलेज स्कूलों में एक अभियान छेड़ा जाना चाहिए जिससे राष्ट्र नशे से चाहे वह सूखा या गीला नशा हों मुक्त हो सके। नशे से जीवन में नैतिक पतन भी होता है। उन्होंने कहा मानव सभ्यता के साथ नशे का इतिहास भी लगभग उतना ही पुराना है जितना स्वयं समाज। इतिहास साक्षी है कि जहाँ नशे का प्रवेश हुआ, वहाँ सामाजिक, नैतिक और आध्यात्मिक पतन की छाया भी गहराने लगी। पूर्व आईपीएस व डीजीपी राजीव श्रीवास्तव नशे को महामारी बताते हुए इसके विरोध में एक जन अभियान चलाने की अपील की है। उन्होंने कहा अपनी सर्विस में संकल्पित होकर नशे के विरुद्ध अभियान सदैव चलाया था उन्होंने कहा कि नशे को किसी भी कीमत पर परिवार या समाज को हल्के से नहीं लिया जाना नहीं चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता,कवयित्री श्रीमती शताब्दी पांडे ने कहा समाज में स्त्रियों की भी इस संदर्भ में नशा को दूर करने में एक महती एवं बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है यदि माताएं अपने आने वाली पीढ़ी को नशे के विरोध में दिशा दें तो राष्ट्र हर कीमत में महान हो सकता है और नशा मुक्त भी हो सकता है इस अभियान में माता बहनों तथा स्त्री शक्ति का बहुत ज्यादा सक्रियता से अपनी भूमिका का निर्वहन करना होगा। उन्होंने इस संदर्भ में अपनी कविता भी सुनाइ। डॉ एम,के गौतम पूर्व निदेशक फोरेंसिक प्रयोगशाला रायपुर ने कहा कि नशे के ऐसे कई प्रकरण हमने देखे जिम नशे के कारण उनकी न सिर्फ जिंदगी बर्बाद हुई वरना पूरा परिवार बबार्दी के कगार पर खड़ा हो गया है ।पूर्व पुलिस महानिरीक्षक जयंत थोराट ने नशे के खिलाफ अपने अभिमत रखें, कवि अंबर शुक्ला ने अपनी बात गद्य और पद्य में रखी। डॉ सुरेश तिवारी, चेतन भारती,डॉक्टर कर्नल चारु चंद्र दीवान डॉ मनीष श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित थे।

दूसरे सत्र में कवि सम्मेलन कि अध्यक्षता वरिष्ठ कवि संजीव कुमार ठाकुर ने की विशिष्ट अतिथि राज कुमार धर द्विवेदी,शोभा मोहन श्रीवास्तव, मनोज मसंद, डॉ बिना रागी,और अंबर शुक्ला रहे में , अभिषेक शर्मा ,कवि ऋषभदेव साहू ,भूपेंद्र शर्मा, राजकुमार धर द्विवेदी, मोहन शोभा मोहन श्रीवास्तव, नितेश ठाकुर शोभा देवी शर्मा, यशवंत यदु, अनीता दुबे, शकुंतला तरार, देवाशीष अधिकारी, श्रीमती रीमा अधिकारी, माहेश्वरी पांडे, पुनीत कृष्णा डॉ एके सिंह डॉ बीना सिंह, सुदीप शर्मा, छबिलाल सोनी,

अनीता झा, शरदेन्दु झा,कल्याणी तिवारी,रजनीश श्रीवास्तव,कवि कुमार जगदलवी, मीनाक्षी बाजपेई, मन्नू लाल यादव, राजशेखर चौबे, डॉक्टर महेंद्र ठाकुर, विवेक शर्मा इमला, चंद्रशेखर नायडू, उत्तम देवहरे, राकेश उपाध्याय राजाराम रसिक ने नशे के विरोध में तथा मुक्त विषय काव्य पाठ किया। इसके अलावा बड़ी संख्या में साहित्य रसिक उपस्थित थे।

धन्यवाद ज्ञापन डॉ उदय भान सिंह चौहान ने किया।

यह जानकारी संस्था की महिला प्रकोष्ठ की सचिव सुमन शर्मा वाजपेई ने दी है।

# प्रवीण वशिष्ठ केंद्रीय सतर्कता आयोग में सतर्कता आयुक्त के रूप में नियुक्त

**समाज जागरण**

भारत के राष्ट्रपति ने दिनांक 12 दिसंबर, 2025 के वारंट के माध्यम से और केंद्रीय सतर्कता आयोग अधिनियम, 2003 की धारा 4 (1) के तहत प्रदत्त शक्ति के आधार पर श्री प्रवीण वशिष्ठ को केंद्रीय सतर्कता आयोग में सतर्कता आयुक्त के रूप में नियुक्त किया है।




श्री प्रवीण वशिष्ठ ने 16 जनवरी, 2026 को भारत के राष्ट्रपति द्वारा सीवीसी अधिनियम 2003 की धारा 5 (3) में निहित प्रावधान के अनुसरण में अधिकृत केंद्रीय सतर्कता आयुक्त के समक्ष सतर्कता आयुक्त के रूप में शपथ ली और शपथ-पत्र पर हस्ताक्षर किए।

श्री प्रवीण वशिष्ठ भारतीय पुलिस सेवा के बिहार कैडर के 1991 बैच के अधिकारी हैं। उनका तीन दशकों से अधिक का विशिष्ट करियर रहा है, जिसमें उन्होंने कानून प्रवर्तन, संकटकालीन कार्रवाई, सुरक्षा और प्रबंधन जैसे विविध और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सेवाएं दी हैं।

श्री प्रवीण वशिष्ठ बिहार के आर्थिक अपराध विभाग और आपराधिक जांच विभाग में महानिरीक्षक के रूप में कार्य कर चुके हैं। पुलिस अधीक्षक के रूप में उन्होंने रांची, दुमका और गढ़वा जैसे संवेदनशील जिलों में कानून व्यवस्था बनाए रखी। उन्होंने सीबीआई में पुलिस अधीक्षक और पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं।

केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर श्री प्रवीण वशिष्ठ ने गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव, अपर सचिव, विशेष अधिकारी (ओएसडी) और विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा) के रूप में महत्वपूर्ण विभागों का कार्यभार संभाला है।

शपथ ग्रहण समारोह में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी), केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय सतर्कता आयोग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

केंद्रीय सतर्कता आयोग अधिनियम, 2003 के तहत एक केंद्रीय सतर्कता आयुक्त और दो सतर्कता आयुक्तों की नियुक्ति का प्रावधान है। सतर्कता आयुक्त का कार्यकाल चार वर्ष का होता है या जब तक वह 65 वर्ष की आयु प्राप्त नहीं कर लेता।

# हाई बोल्टेज तार में चिड़ियां फस जाने से विद्युत आपूर्ति बाधित

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वणासीं। सातों महुआ स्थित हरहुआ उपकेंद्र से निकले हाई बोल्टेज तार में चिड़ियां फंसने से हरहुआ क्षेत्र के दर्जनों गांव की विद्युत आपूर्ति शुक्रवार सुबह 5 बजे से बाधित रही।

हरहुआ विद्युत उपकेंद्र के कर्मचारियों ने बताया कि सुबह लगभग 5 बजे हरहुआ उपकेंद्र का 33 केवीए का केबल बॉक्स फट जाने से सुबह 3 घंटे तक आपूर्ति बंद रही जैसे ही केबल बॉक्स को सही करके सप्लाई चालू की गई तभी 10 मिनट के बाद हरहुआ क्षेत्र की आपूर्ति बंद हो गई दो-तीन बार उपकेंद्र द्वारा ट्राई करने के बाद आपूर्ति शुरू नहीं हुई तो कर्मचारी क्षेत्र में फाल्ट ढूंढने के लिए निकले तो भटौली स्थित बेर के बगीचा के पास एक चिड़िया फंसी हुई थी। जिसके चलते काजी सराय बाजार डीपीएस स्कूल के समीप 11000 लाइन के तार कई जगह से टूट गए थे जिसको जोड़ने में काफी समय लगा लगभग 12:30 बजे विद्युत आपूर्ति चालु हुई। सुबह 5 बजे से ही बिजली कट जाने से बच्चों को स्कूल जाने के लिए नहाने , पानी पीने के लिए पशुओं को पीने के लिए व व्यापारियों को दुकान में सुबह अंधेरा होने के कारण काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

# अपने उत्तर दायित्वों का निर्वहन करेंगी प्रशिक्षित आंगनबाड़ी कार्यकत्री: विमल कुमार सिंह

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। अभिभावकों और लाभार्थियों के साथ संवाद स्थापित कर पोषण व शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अपने उत्तर दायित्वों का निर्वहन करेंगी प्रशिक्षित नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां तो लक्ष्य सम्भव है।



उक्त बातें जिला ग्राम्य विकास संस्थान परमानंदपुर में नवनियुक्त आँगनबाड़ी कार्यकत्रियों के सात दिवसीय आवासीय आधारभूत प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर सम्बोधित करते हुए जिला प्रशिक्षण अधिकारी विमल कुमार सिंह ने कही।

इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्बोधित करती हुई बाल विकास परियोजनाधिकारी मधुरिमा ने कहा कि सात दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रदान की जाने वाली जानकारी को आप सभी प्रतिभागी अच्छी तरह से सीखें जिसके माध्यम से अपने कार्यक्षेत्र में जाकर उत्कृष्ट कार्य करें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के सात दिवसों में मास्टर ट्रेनर पुष्पा सिंह द्वारा प्रशिक्षुओं को आईसीडीएस विभाग का परिचय, आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से लाभार्थियों को दी जाने वाली सेवाएं, आंगनबाड़ी की भूमिका, पोषण का महत्व, पोषक तत्वों के प्रकार, जीवन के सुनहरे एक हजार दिन, गर्भावस्था के दौरान मातृ पोषण, अनुपूरक पुष्टाहार, प्रधानमंत्री वंदना योजना, वृद्धि निगरानी, पोषण ट्रैकर एप्लिकेशन, डेली ट्रैकिंग, बाल मैत्री, स्वच्छता सुविधाओं का मानक आदि के बारे में जानकारी दी जाएगी और सत्र के दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अभ्यास भी कराया जाएगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना चकिया से 12, सकलडीहा से 14, बरहनी से 09 व चाहनिया से 11 इस प्रकार प्रथम सत्र में जनपद चन्दौली से कुल चयनित 46 नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर ज्येष्ठ अनुदेशक संजय कुमार, सत्र प्रभारी सुरेश तिवारी, किरन पाण्डेय, शालू, प्रियंबदा, संध्या, राधा, संजना, प्रियंका, किरन, इंदू, सोनी, प्रीती, ज्योति, श्वेता, वर्षा, संगीता, रूबी, पूनम, निशा, राजकुमारी, मुन्नी, खुशी, खुशबू, अर्चना आदि की उपस्थिति रही।

# वंदे मातरम चित्रकला कार्यशाला का भव्य उद्घाटन माननीय न्यायमूर्ति सुधीर नारायण के कर कमलों से

**कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा के संयोजन में राज्य ललित कला अकादमी की वंदे मातरम कला कार्यशाला 17 जनवरी को**

**समाज जागरण**

प्रयागराज। विख्यात चित्रकार रवीन्द्र कुशवाहा के संयोजन में राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश दिवस के अतर्गत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में वंदे मातरम पर आधारित चित्रांकन हेतु तीन दिवसीय वंदे मातरम कला कार्यशाला का भव्य उद्घाटन माननीय न्यायमूर्ति सुधीर नारायण संस्कार भारती पंडाल किला चौराहा माघमेला शिविर में 17 जुलाई 2026 को करेंगे। विशिष्ट अतिथि उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक सुदेश शर्मा तथा संस्कार भारती प्रयागराज महानगर की अध्यक्ष डॉ ज्योति मिश्रा होगी तथा संस्कार भारती के महामंत्री



विभव शंकर मिश्रा कलाकारों का उत्साह वर्धन करेंगे। इस कला कार्यशाला के मेंटोर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सचिन सैनी के निर्देशन में चित्रकार शुभम कुशवाहा, सौरभ सोनी, सर्वेश पटेल, प्रिया सिंह एवं युग सिंह वंदे मातरम थीम पर 15 मीटर लम्बे कैनवास पर भावपूर्ण चित्रण करते हुए अपनी कला का जलवा बिखेरेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश दिवस पर 24 जनवरी 2026 को राजधानी लखनऊ में यह चित्र प्रदर्शित होंगे। राज्य ललित कला अकादमी के अध्यक्ष डॉ सुनील विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष गिरीशचद्र मिश्र व निदेशक अमित कुमार अग्निहोत्री का संयोजक रवीन्द्र कुशवाहा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार के इस देश भक्तिपूर्ण कार्यक्रम को निष्ठापूर्वक अंजाम देने के लिए राज्य ललित कला अकादमी ने रवीन्द्र कुशवाहा पर पूर्ण विश्वास जताया है। इस शुभ अवसर पर संस्कार भारती के सभी पदाधिकारी है वह कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

# किसानों के लिए ऐतिहासिक सुधार: केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नए सीड एक्ट की दी जानकारी

**समाज जागरण**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शि-ावराज सिंह चौहान ने आज मीडिया से बात करते हुए नए सीड एक्ट की विशेषताओं और उसके किसानों पर होने वाले प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह विधेयक किसानों की सुरक्षा, बीज की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने वाला ऐतिहासिक कदम है।

**हर बीज की पूरी कहानी अब किसानों तक पहुँचेगी**

मीडिया के सवालों के जवाब में केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि अब देश में बीज की ट्रेसिबिलिटी की व्यवस्था स्थापित की जाएगी। उन्होंने बताया, ॒हमने कोशिश की है कि ऐसा सिस्टम बने, जिसमें यह पूरा पता चल सके कि बीज कहां उत्पादित हुआ, किस डीलर ने दिया और किसने बेचा।॒ हर बीज पर दफ कोड होगा, जिसे स्कैन करते ही किसान यह जान सकेगा कि वह बीज कहां से आया है। इससे घटिया या नकली बीज न केवल रोके जा सकेंगे बल्कि यदि वे बाजार में आएंगे भी तो जिम्मेदार व्यक्ति पर शीघ्र कार्रवाई संभव होगी।

**अब घटिया बीज सिस्टम में आएंगे ही नहीं**

कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने बताया कि जैसे ही ट्रेसिबिलिटी लागू होगी, नकली या खराब बीज की पहचान तुरंत हो जाएगी। उन्होंने कहा, खराब बीज आएंगे ही नहीं, और अगर आएंगे तो पकड़े जाएंगे। जिसने खराब बीज दिया, उसे दंड दिया जाएगा। इससे किसानों को भ्रमित करने वाली कंपनियों और डीलरों की मनमानी पर लगाम लगेगी।

**बीज कंपनियों का रजिस्ट्रेशन होगा अनिवार्य**

श्री चौहान ने कहा कि अब हर सीड कंपनी का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा, जिससे यह साफ रहेगा कि कौन सी कंपनी अधिकृत है। उन्होंने कहा, पंजीकृत कंपनियों की जानकारी उपलब्ध रहेगी और कोई भी अनधिकृत विक्रेता बीज नहीं बेच पाएगा। इससे बाजार में फर्जी कंपनियाँ खत्म होंगी और किसानों को सही स्रोत का बीज मिलेगा।

**परंपरागत बीजों पर कोई पाबंदी नहीं**

केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह ने इस भ्रम को दूर किया कि नया कानून किसानों के परंपरागत बीजों पर रोक लगाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा, किसान अपने बीज बो सकते हैं, दूसरे किसान को बीज दे सकते हैं। स्थानीय स्तर पर जो परंपरागत बीज विनिमय की परंपरा है, वो जारी रहेगी। इसमें कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने उदाहरण दिया कि ग्रामीण इलाकों में बोनी के समय किसान आपस में बीज लेतेझदेते हैं और बाद में उसे सवा गुना वापिस कर देते हैं, यह पारंपरिक प्रणाली आगे भी जारी रहेगी।

**"अब घटिया बीज बेचने वालों को 30 लाख तक जुमार्ना और सजा"**

श्री शिवराज सिंह ने कहा कि बीजों की गुणवत्ता पर अब किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री चौहान ने कहा, ॒अभी तक 500 रुपये तक का जुमार्ना था, अब प्रस्ताव है कि 30 लाख रुपये तक जुमार्ना हो और अगर कोई जानबूझ-ाकर अपराध करता है तो सजा का भी प्रावधान है।॒ उन्होंने कहा कि सब कंपनियां खराब नहीं हैं, लेकिन जो किसान को धोखा देंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

**ICAR और देसी कंपनियां रहेंगी मैदान में मजबूत**

कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह ने कहा कि सीड एक्ट में तीनों स्तर पर प्रावधान किए गए हैं- सार्वजनिक क्षेत्र (क्ठअफ, कृषि विश्वविद्यालय, KVKs), देसी कंपनियां जो उच्च गुणवत्ता के बीज बनाती हैं, विदेशी बीजों के लिए उचित मूल्यांकन व्यवस्था।उन्होंने कहा, विदेश से आने वाले बीज पूरी तरह जांच और मूल्यांकन के बाद ही स्वीकृत होंगे। हमारे सार्वजनिक और देसी निजी क्षेत्र को मजबूत बनाया जाएगा ताकि किसानों तक अच्छे बीज पहुंचें।

**किसानों को जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान**

किसानों में अवेयरनेस की कमी पर पूछे गए सवाल पर श्री चौहान ने कहा, हमने विकसित कृषि संकल्प अभियानजैसे प्रयास शुरू किए हैं ताकि वैज्ञानिक, अधिकारी और प्रगतिशील किसान गांवों तक जाकर किसानों को अवेयर कर सकें।॒ उन्होंने बताया कि देश के सभी 731 कृषि विज्ञान केंद्र किसानों को बीजों की गुणवत्ता, बीज चयन और शि-ाकायत निवारण की जानकारी देने में प्रमुख भूमिका निभाएंगे।

**नकली बीज बेचने वालों पर सख्त सजा**

केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह ने एक बार फिर दोहराया कि अब यदि कोई जानबूझकर घटिया बीज तैयार करेगा या बेचेगा, तो उसके खिलाफ 3 साल तक की जेल और 30 लाख तक का जुमार्ना संभव है। उन्होंने कहा, पहले यह मामला कमजोर था, अब हम इसे प्रभावी बना रहे हैं ताकि किसान को न्याय मिले।

**1966 का पुराना कानून अब होगा आधुनिक**

उन्होंने कहा कि 1966 का सीड एक्ट पुराने समय का था जब न तकनीक थी न डेटा। अब हम एक आधुनिक कानून ला रहे हैं, जो ट्रेसिबिलिटी, डिजिटल रिकॉर्ड और जवाबदेही के सिद्धांत पर आधारित है ताकि भविष्य में कोई भी किसान

# मृत पुत्र की आखिरी ख्वाहिश पूरी कर परिजनों ने दी भावुक श्रद्धांजलि

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। शिवपुर क्षेत्र में पिछले दिनों एक स्कूल में गोली से जान गंवाने वाले हेमंत पटेल की याद में परिजनों ने उनकी अधूरी इच्छा को पूरा



कर भावुक श्रद्धांजलि दी। कैलाश पटेल के युवा पुत्र हेमंत की मृत्यु से पूर्व यह ख्वाहिश थी कि वह स्कॉर्पियो-एन गाड़ी खरीदे।

शुक्रवार को परिजनों ने हरहुआ स्थित एक एजेंसी के शोरूम से स्कॉर्पियो-एन गाड़ी खरीदी। इस दौरान गाड़ी के भीतर हेमंत पटेल की तस्वीर रखी गई, वहीं वाहन के बाहर भी उसकी फोटो लगाकर नमन किया ।

मृत पुत्र की याद में परिजनों द्वारा की गई इस पहल की चर्चा होती रही। लोगों ने कहा कि बेटे की आखिरी इच्छा को पूरा कर परिजनों ने एक भावनात्मक और संवेदनशील उदाहरण पेश किया। इस दौरान कैलाश पटेल, जितेंद्र सिंह पटेल, नीतीश पटेल, निलेश पटेल मौजूद रहे।

# गोसाईपुर गांव में लगे ट्रांसफार्मर का क्षमता बढ़ा

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। सेवापुरी के गोसाईपुर गांव में विद्युत आपूर्ति को बेहतर बनाने के लिए विद्युत विभाग ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। शुक्रवार को गांव में लगे 63 केवीए ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाकर 100 केवीए कर दी



गई है ।लंबे समय से गोसाईपुर गांव के ग्रामीण बिजली के बढ़ते लोड के कारण लो वोल्टेज, बार-बार फ्यूज उड़ने और विद्युत आपूर्ति बाधित होने जैसी समस्याओं से जूझ रहे थे। ग्रामीणों की लगातार शिकायतों और मांग को देखते हुए विभाग ने यह निर्णय लिया ।नए 100 केवीए ट्रांसफार्मर के स्थापित होने से अब गांव में बिजली आपूर्ति अधिक सुचारू और स्थिर हो सकेगी। इससे न केवल घरेलू उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी, बल्कि सिंचाई कार्यों के लिए बिजली पर निर्भर किसानों को भी काफी सुविधा होगी ।ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के इस कदम का स्वागत किया है और कहा कि इससे उनके दैनिक जीवन में काफी सुधार आएगा ।विद्युत अधिकारी ने आश्वस्त किया है कि भविष्य में भी आवश्यकतानुसार विद्युत ढांचे को मजबूत किया जाएगा, ताकि उपभोक्ताओं को निर्बाध और बेहतर सेवा मिल सके।

# हेड कांस्टेबल के साथ साइबर फ्रॉड

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। चोलापुर थाना में तैनात हेड कांस्टेबल मणिशंकर जायसवाल ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनके साथ साइबर फ्रॉड हुआ है। उन्होंने अपने 5 महीने के बेटे के इलाज के लिए डॉक्टर की अपॉइंटमेंट बुक करने के लिए गूगल पर सर्च किया था, तभी एक अज्ञात नंबर से संपर्क हुआ और उन्हें एक ऐप डाउनलोड करने के लिए कहा गया। इसके बाद उनके अकाउंट से 2.48 लाख रुपये की ठगी हो गई ।चोलापुर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# प्रधानमंत्री 17-18 जनवरी को पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे

प्रधानमंत्री 17 जनवरी को दोपहर लगभग 12:45 बजे मालदा का दौरा करेंगे और मालदा टाउन रेलवे स्टेशन पर हावड़ा और गुवाहाटी के बीच चलने वाली भारत की पहली स्लीपर ट्रेन वंदे भारत (कामाख्या) को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद, दोपहर लगभग 1:45 बजे, प्रधानमंत्री मालदा में एक सार्वजनिक समारोह में 3,250 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई रेल और सड़क अवसंरचना परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। 18 जनवरी को दोपहर लगभग 3 बजे, प्रधानमंत्री हुगली जिले के सिंगूर में लगभग 830 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, आधारशिला रखने और हरी झंडी दिखाने का कार्य करेंगे।

प्रधानमंत्री मालदा का दौरा करेंगे और कई परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके साथ ही पश्चिम बंगाल और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में कनेक्टिविटी को मजबूत करने और विकास में तेजी लाने के उद्देश्य से 3,250 करोड़ रुपये की लागत वाली कई रेल और सड़क अवसंरचना परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री मालदा टाउन रेलवे स्टेशन का दौरा करेंगे, जहां वे हावड़ा और गुवाहाटी (कामाख्या) के बीच चलने वाली भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। वे गुवाहाटी (कामाख्या)-हावड़ा वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को वर्चुअल रूप से भी हरी झंडी दिखाएंगे। आधुनिक भारत की बढ़ती परिवहन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विकसित की गई, पूरी तरह से वातानुकूलित वंदे भारत स्लीपर ट्रेन यात्रियों को किफायती किराए पर हवाई यात्रा जैसा अनुभव प्रदान करेगी। यह लंबी दूरी की यात्राओं को तेज, सुरक्षित और अधिक सुविधाजनक बनाएगी। हावड़ा-गुवाहाटी (कामाख्या) मार्ग पर यात्रा के समय को लगभग 2.5 घंटे तक कम करके, यह ट्रेन धार्मिक यात्रा और पर्यटन को भी काफी बढ़ावा देगी।

प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल में चार प्रमुख रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे, जिनमें बलुरघाट और हिली के बीच नई रेल लाइन, न्यू जलपाईगुड़ी में अगली पीढ़ी की माल ढुलाई रखरखाव सुविधाएं, सिलीगुड़ी लोको शेड का उन्नयन और जलपाईगुड़ी जिले में वंदे भारत ट्रेन रखरखाव सुविधाओं का आधुनिकीकरण शामिल है। इन परियोजनाओं से यात्री और माल ढुलाई परिचालन मजबूत होगा, उत्तरी बंगाल में रसद दक्षता में सुधार होगा और क्षेत्र में रोजगार के अवसरों का सृजन होगा।

प्रधानमंत्री न्यू कूचबिहार-बमनहाट और न्यू कूचबिहार-बॉक्सिरहाट के बीच रेल लाइनों के विद्युतीकरण को राष्ट्र को समर्पित करेंगे, जिससे तेज, स्वच्छ और अधिक ऊर्जा-कुशल ट्रेन संचालन संभव हो सकेगा।

प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से चार नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों-नई जलपाईगुड़ी-नागरकोइल अमृत भारत एक्सप्रेस; नई जलपाईगुड़ी-तिरुचिरापल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस; अलीपुरद्वार-एसएमवीटी बेंगलुरु अमृत भारत एक्सप्रेस; अलीपुरद्वार-मुंबई (पनवेल) अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। इससे किफायती और विश्वसनीय लंबी दूरी की रेल कनेक्टिविटी में सुधार होगा। ये सेवाएं आम नागरिकों, छात्रों, प्रवासी श्रमिकों और व्यापारियों की आवागमन संबंधी जरूरतों को पूरा करेंगी और साथ ही अंतर-राज्यीय आर्थिक और सामाजिक संबंधों को मजबूत करेंगी।

प्रधानमंत्री एलएचबी कोचों से सुसज्जित दो नई ट्रेन सेवाओं- राधिकापुर-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस और बालुरघाट-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस-को भी हरी झंडी दिखाएंगे। ये ट्रेनें क्षेत्र के युवाओं, छात्रों और आईटी पेशेवरों को बेंगलुरु जैसे प्रमुख आईटी और रोजगार केंद्रों तक सीधी, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करेंगी।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राजमार्ग-31डी के धूपगुड़ी-फलाकाटा खंड के पुनर्निर्माण और चार लेन के निर्माण के लिए आधारशिला रखेंगे। यह एक महत्वपूर्ण सड़क परियोजना है जो क्षेत्रीय सड़क संपर्क में सुधार लाएगी और उत्तरी बंगाल में यात्रियों और माल की सुगम आवाजाही को सुविधाजनक बनाएगी।

# दूसरे क्वार्टर फाइनल में शहडोल ने उमरिया को दी पटखनी, सात विकटों से जीत के बाद किया सेमीफाइनल में प्रवेश

**समाज जागरण**

बुढार । नगर के स्व. कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में खेली जा रही अखिल भारतीय विधायक गोल्ड कप क्रिकेट प्रतियोगिता का दूसरा क्वार्टर फाइनल डीसीए शहडोल और डीसीए उमरिया के बीच खेला गया, मैच में डीसीए शहडोल की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए उमरिया पर सात विकटों से जीत दर्ज की।



**टॉस के दौरान ये रहे उपस्थित**

आज के मैच में टॉस के दौरान अतिथियों के तौर पर नगर परिषद बुढार के उपाध्यक्ष शेखर चौधरी, बीआरसी समन्वयक सीताराम दुबे रहे जिन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया एवं टॉस की औपचारिकताएं पूरी की।

**टॉस जीतकर डीसीए शहडोल ने चुना क्षेत्ररक्षण**

मैच का टॉस शहडोल ने जीता और में पिच नमी की भांपते हुए कप्तान ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया , गेंदबाजी का यह निर्णय शहडोल के लिए तब उपयोगी हुआ जब मैच के पहले ही ओवर में उमरिया का सलामी बल्लेबाज आउट हो गया। शहडोल की टीम की अनुशासित गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण ने उमरिया की बल्लेबाजी के दौरान उनके बल्लेबाजों को बांधे रखा, जिसके कारण उमरिया की टीम ने निर्धारित बीस ओवरों में 9 विकटों के नुकसान पर महज 140 रन बना पाई, उमरिया की की तरफ से बल्लेबाज अमन त्रिपाठी ने 61 रन और अभय राउत ने हिमांशु ने 22 एवं रनों का योगदान दिया , शहडोल की ओर से गेंदबाज अभिनव सिंह ने विकेट लिए और यश पाटीदार , यतींद्र मोहन तथा ओमनारायण ने 2-2 विकेट लिए।

**चौदहवें ओवर में ही लक्ष्य हुआ हासिल**

141 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी शहडोल की टीम ने ताबड़तोड़ अंदाज में अपनी पारी की शुरूआत की ,शहडोल की इस तूफानी बल्लेबाजी से उमरिया के गेंदबाज पूरी पारी के दौरान नहीं उबर पाए । शहडोल की टीम ने चौदहवें ओवर में ही सात विकटों से यह मैच अपने नाम कर लिया । शहडोल की ओर से बल्लेबाज सत्यार्थ शुक्ला ने 38, सचिन विश्वकर्मा ने 31 और अभिनव सिंह ने 30 रन बनाए । शहडोल टीम की ओर से शानदार आलराउंड प्रदर्शन करने वाले अभिनव सिंह को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया , जिन्हें नगर के युवा व्यवसायी यश तलरेजा ने पुरस्कृत किया।

**ये रहे टीमों के प्रायोजक**

टूनार्मेंट में आज शहडोल टीम के प्रायोजक शानू छाबड़ा और जानू छाबड़ा रहे जबकि उमरिया टीम के प्रायोजक राजवाड़ा रेस्टोरेंट के प्रोपराइटर राजकुमार गुप्ता और अभिनव गुप्ता रहे । मैच में अंपायरिंग आनंद त्रिपाठी और नृपेंद्र सिंह ने की , जबकि मैच का आंखों देखा हाल कलाम मोहम्मद , अजय द्विवेदी और सुधीर शर्मा ने सुनाया। मैच के स्कोरिंग का दायित्व मो. याहया एवं राहुल दुबे ने संभाला । पिच क्यूरेटिंग का जिम्मा अमृतांशु मिश्रा और साहिल ताम्रकार ने संभाला।

**ये हैं आयोजन समिति के सदस्य**

इस पूरे आयोजन समिति के प्रमुख बुढार के पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष कैलाश विशनानी तथा सदस्यों के रूप में अनिल सोनी , श्रीनिवास द्विवेदी, पवन नियर्सेस, अवधेश पांडे (पिंटू) , राजीव त्रिपाठी , राकेश त्रिपाठी , महेंद्र त्रिपाठी , योगेंद्र सिंह, जुगुल किशोर मिश्रा पुष्पराज सिंह इत्यादि प्रमुख हैं ।

# उमरिया में पत्रकारों ने जिलेभर के प्रशासनिक अधिकारियों के रवैये के खिलाफ उठाई आवाज

**समाज जागरण विजय तिवारी**

उमरिया।जिले में प्रशासन और मीडिया के बीच बढ़ती दूरी अब खुलकर सामने आ गई है। पत्रकारों ने आरोप लगाया है कि जिला मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने कर्मचारियों को मौखिक रूप से निर्देश दिए हैं कि वे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया या पत्रकार को बाइट न दें। साथ ही यह भी कहा गया है कि कार्यालयों में पत्रकारों को बैठने तक के लिए न कहा जाए।प्रेस क्लब के महासचिव हीरा सिंह ने बताया कि ये आदेश भले ही लिखित रूप में न हों, लेकिन व्यवहार में पूरी सख्ती के साथ लागू किए जा रहे हैं। पत्रकारों का कहना है कि जब अधिकारी संवाद से बचेंगे, तो जनता तक सही और संतुलित जानकारी कैसे पहुंचेगी। इस रवैये को पत्रकारों ने लोकतांत्रिक मूल्यों और प्रेस की स्वतंत्रता के खिलाफ बताया है।इन्हीं






हालातों के चलते उमरिया जिले के पत्रकारों ने 16 जनवरी 2026 को प्रस्तावित प्रेस इनफॉरमेशन ब्यूरो (पीआईबी) की मीडिया वार्ता का सामूहिक बहिष्कार करने का निर्णय लिया। पत्रकारों का स्पष्ट कहना है कि जब स्थानीय स्तर पर प्रशासन संवाद के दरवाजे बंद कर रहा है, तब औपचारिक सरकारी कार्यक्रमों में शामिल होना केवल प्रतीकात्मक रह जाता है।गौरतलब है कि पत्र सूचना कार्यालय, भारत सरकार, भोपाल द्वारा 15 जनवरी 2026 को मीडिया कवरेज हेतु आमंत्रण जारी किया गया था। आमंत्रण के अनुसार प्रेस इनफॉरमेशन ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, भोपाल द्वारा विकसित भारतझ्जी राम जी 2025 अधिनियम पर मीडिया वातार्लाप कार्यक्रम आयोजित किया जाना था। यह कार्यक्रम 16 जनवरी 2026, शुक्रवार को प्रातः 11 बजे होटल स्वर्णिम, उमरिया में प्रस्तावित था।पत्रकारों का कहना है कि एक तरफ सरकार मीडिया से संवाद और पारदर्शिता की बात करती है, वहीं दूसरी ओर जिला स्तर पर अधि कारियों द्वारा पत्रकारों से दूरी बनाए रखने के निर्देश दिए जा रहे हैं। यह विरोधाभास न केवल सवाल खड़े करता है, बल्कि प्रशासन की मंशा पर भी संदेह पैदा करता है।प्रेस क्लब पदाधिकारियों ने साफ किया है कि यह बहिष्कार किसी एक कार्यक्रम या संस्था के खिलाफ नहीं, बल्कि उस सोच के खिलाफ है जो सवालों से बचने के लिए सूचना के रास्ते बंद करना चाहती है। पत्रकारों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने अपना रवैया नहीं बदला और संवाद की प्रक्रिया बहाल नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# रेंजर पवन ताम्रकार की 'गुंडागर्दी' के खिलाफ फूटा जन-आक्रोश, न्याय के आस मे दूसरे दिन भी गूंजे रेंजर मुदार्बाद के नारे

## रेंजर पवन ताम्रकार ने खाली ट्रैक्टर किया जप्त, ड्राइवर को बंधक बनाकर जानवरों की तरह पीटने का संगीन आरोप

**समाज जागरण**

इंट्रो- पद की गरिमा जब 'वसूली' की भूख के आगे नतमस्तक हो जाए तो रक्षक ही भक्षक की खाल ओढ़ लेता है। बिजुरी वन परिक्षेत्र में रेंजर पवन ताम्रकार के नेतृत्व में 'जंगलराज' का जो वीभत्स खेल चल रहा है उसने न केवल फॉरेस्ट विभाग की साख को राख कर दिया है बल्कि सरकारी कुर्सी को भी कलंकित किया है। तानाशाही की पराकाष्ठा देखिए-सड़क पर चलते खाली ट्रैक्टरों को अवैध रूप से जप्त करना अब बहादुरी बन गई है और बेगुनाह ड्राइवरों को बंधक बनाकर जानवरों की तरह पीटना रेंजर की नई कार्यशैली। 25 हजार रुपये की अवैध 'रंगदारी' न मिलने पर गरीब मजदूरों पर हाथ उठाना और उन्हें बर्बाद करने की धमकी देना किसी लोक सेवक की मयार्दा नहीं बल्कि एक संगठित जुल्म है। रेंजर पवन ताम्रकार के इस कथित भ्रष्टाचार और खूनी तानाशाही के खिलाफ अब ग्रामीणों का सब्र सैलाब बनकर फूट पड़ा है जो सिस्टम के माथे पर एक गहरा कलंक है। बिजुरी। भ्रष्टाचार और तानाशाही जब सीमा लांघ जाती है तो जनता का आक्रोश सड़कों पर सैलाब बनकर निकलता है। कुछ ऐसा ही मंजर बिजुरी वन परिक्षेत्र कार्यालय के सामने देखने को मिल रहा है जहाँ रेंजर पवन ताम्रकार की वर्दी वाली हठधर्मिता के खिलाफ ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। रक्षक ही जब भक्षक बन जाए और नियम-कायदों को ताक पर रखकर अवैध वसूली का खेल खेलने लगे तो सिस्टम से भरोसा उठना लाजिमी है। 25 हजार की 'रंगदारी' और बेगुनाह ड्राइवर की पिटाई ने फॉरेस्ट विभाग की साख को तार-तार कर दिया है। दूसरे दिन भी जारी रहा धरना कोठी गांव से खाली ट्रैक्टर उठाकर वाहवाही लूट रहे रेंजर आक्रोश का आलम यह है कि बुधवार को दूसरे दिन भी ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन जारी रहा। ग्रामीणों का आरोप है कि रेंजर पवन ताम्रकार ने अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करते हुए कोठी गांव से एक खाली ट्रैक्टर (MP65ZA7949) को जबरन उठवा लिया। विभाग में अपनी झूठी वाहवाही लूटने के लिए रेंजर निर्दोष वाहन स्वामियों को निशाना बना रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने साफ कहा कि जब तक न्याय नहीं मिलता, वे पीछे नहीं हटेंगे। अवैध वसूली का खेल- 25 हजार मांगे, मना करने पर ड्राइवर को बंधक बनाकर पीटा मामले की जड़ में रेंजर की कथित 'उगाही' की भूख है।

पीड़ित ट्रैक्टर मालिक रवि सिंह बघेल ने पुलिस को बताया कि उनके ड्राइवर ओम कुशवाहा को रास्ते में रोककर वनकर्मियों ने 25 हजार रुपये की मांग की। जब ड्राइवर ने पैसे देने से असमर्थता जताई, तो उसे बंधक बना लिया गया। आरोप है कि रेंजर ने खुद ड्राइवर के साथ बर्बरतापूर्ण मारपीट की और गाड़ी को राजसात (जप्त) कर बर्बाद करने की धमकी दी। रेंजर मुदार्बाद के नारों से दहला विभाग- नियमों की आड़ में चल रही लूट रेंज कार्यालय के सामने न्याय कि मांग कर रहे ग्रामीणों व दर्जनों ट्रैक्टर मालिकों ने रेंजर पवन ताम्रकार मुदार्बाद के नारे लगाए। ग्रामीणों का कहना है कि रेंजर नियमों की आड़ लेकर सिर्फ और सिर्फ पैसे ऐंठने का काम कर रहे हैं। बिना किसी ठोस कारण के खाली वाहनों को रेंज ऑफिस में खड़ा करना मान वाधिकारों का खुला उल्लंघन है। इस कृत्य से विभाग के छोटे कर्मचारियों से लेकर बड़े अफसरों तक की छवि धूमिल हो रही है। अनधिकृत दबाव और मानसिक प्रताड़ना ग्रामीणों ने घेरा प्रशाशन को प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन पर तीखे सवाल दागते हुए कहा कि क्या रेंजर को अवैध तरीके से ग्रामीणों को परेशान करने की खुली छूट दे दी गई है? अवैध जप्ती और ड्राइवर को बंधक बनाना एक संगीन अपराध है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रेंजर अनधिकृत रूप से दबाव बनाकर लोगों को डरा रहे हैं ताकि वे उनकी अवैध मांगों के आगे झुक जाएं। यह स्थिति बिजुरी क्षेत्र में जंगलराज की ओर इशारा कर रही है।

**पीड़ित ने पुलिस से कार्यवाही की उठाई मांग**

पीड़ित पक्ष ने बिजुरी थाना प्रभारी को लिखित शिकायत सौंपकर रेंजर पवन ताम्रकार व अन्य लोगो के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। पीड़ित के साथ गंभीर मारपीट व मेडिकल परीक्षण होने के बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है

अब देखना यह है कि गरीब ड्राइवर के साथ जिस तरह गंभीर रूप से मारपीट की गई है उस पर क्या कार्यवाही लेती है इस पूरे मामले पर प्रशासन को गंभीरता से संज्ञान लेकर कार्यवाही की आस मे ग्रामीण और ट्रैक्टर मालिक प्रदर्शन में बैठे हुए हैं!

# जिलाअध्यक्ष के रूप में एक वर्ष का सफल कार्यकाल पूर्ण होने पर स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल।भाजपा जिला अध्यक्ष के रूप में 1 वर्ष का सफल कार्यकाल पूर्ण होने पर स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन शुक्रवार को भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी जिला शहडोल की जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने भाजपा जिला अध्यक्ष के रूप में एक वर्ष का सफल कार्यकाल पूर्ण होने पर अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया आयोजित स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ फीता काटकर किया आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 95 लोगों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण विशेषज्ञों से कराया एवं विभिन्न प्रकारों की जांच भी निशुल्क कराई गई 80 लोगों को निशुल्क चश्मा का वितरण किया गया यह स्वास्थ्य शिविर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ एवं श्री राम हेल्थ केयर सेंटर के संचालक श्री विजय दुबे एवं उनकी टीम द्वारा डॉ. सिद्धार्थ सिंह एवं डॉ.अभिषेक गर्ग व अन्य डॉक्टरों की टीम ने स्वास्थ्य सिविल में अपना सहयोग देकर स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाया स्वास्थ्य शिविर के पश्चात शहडोल नगर के कुश भाव ठाकरे जिला चिकित्सालय में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर मरीजों को फल का वितरण भी किया। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी ने एक वर्ष का



सफल कार्यकाल पूर्ण होने पर जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी ने शहडोल नगर के गंज रोड स्थित श्री विराटेश्वरी धाम दुर्गा माता मंदिर पहुंच कर मां भगवती की पूजा अर्चना की एवं आशीर्वाद प्राप्त किया एवं अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय में कार्यकताओं ने भाजपा जिला अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया साथी ही नगर के न्यू गांधी चौक एवं बुढार चौक स्थित मनोज टीवीएस के संचालक भाजपा जिला कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता एवं उनके सहयोगियों के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष जी के एक वर्ष का सफल कार्यकाल पूर्ण करने पर भव्य स्वागत किया एवं इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष जी ने हमेशा की तरह सहज और सरल भाव से कार्यकताओं से मिलते हुए एवं कार्यकताओं को मिठाई खिला कर कार्यकताओं का अभि वादन किया जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण के साथ मकर संक्रांति के पावन शुभ अवसर पर खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जहां समस्त भाजपा कार्यकताओं एवं आम जनमानस ने खिचड़ी सहभोज में शामिल होकर अपनी सहभागिता निभाई। इस दौरान कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं जैतपुर विधायक श्री जयसिंह मरावी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, पूर्व विधायक प्रमिला सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश जगबानी ,गिरधर प्रताप सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता,भूपेंद्र मिश्रा ,संतोष लोहानी ,राकेश सोनी महेश भागदेव, जिला महामंत्री अमित मिश्रा पुष्पेंद्र पटेल, सौरभ गोले, विनय केवट, कविता सिंह मार्को, राजेश्वर उदानियां, जगन्नाथ शर्मा, सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकताओं ने सफल कार्यकाल की बधाई दी।

# 32 वर्षीय महिला ने पेड़ से फांसी लगाकर की आत्महत्या , तीन मासूम बच्चों के सिर से उठा मां का साया

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**

सोनभद्र/विण्ढमगंज। विकासखंड विधि अंतर्गत ग्राम पंचायत हरनाक छार के चर्क पथली टोला में शुक्रवार सुबह एक 32 वर्षीय महिला द्वारा पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। इस हृदय विदारक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतका की पहचान ललिता देवी पत्नी अमरीश पनीका के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों ने घर के समीप स्थित पेड़ पर महिला का शव लटकता देखा, जिसके बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। बताया जा रहा है कि घटना के समय घर पर केवल दो महिलाएं मौजूद थीं, जो आपस में सगी बहनें हैं। उस समय घर में कोई भी पुरुष सदस्य मौजूद नहीं था। ललिता देवी अपने पीछे तीन छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गई हैं, जिनमें एक पुत्र और दो पुत्रियां शामिल हैं। मां की असामयिक मौत से बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में गहरा दुख और संवेदना व्याप्त है तथा हर कोई बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता जता रहा है। घटना की सूचना सुबह करीब 7 बजे ग्राम प्रधान को दी गई। सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान प्रतिनिधि निरंजन सोनी मौके पर पहुंचे और तत्काल स्थानीय प्रशासन एवं विण्ढमगंज पुलिस को अवगत कराया। सूचना पाकर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाकर अपने कब्जे में लिया तथा आवश्यक पंचनामा कार्रवाई पूरी की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतका के मायके पक्ष को घटना की सूचना दे दी गई है। उनके पहुंचने के बाद आगे की विधिक प्रक्रिया पूरी की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए निष्पक्ष जांच की जाएगी। ग्रामीणों के अनुसार, ललिता देवी शांत और सरल स्वभाव की महिला थीं। किसी से उनका विवाद होने की जानकारी सामने नहीं आई है। इस दुखद घटना के बाद चर्क पथली टोला सहित आसपास के गांवों में शोक का माहौल बना हुआ है। प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया गया है।

# ग्रामोदय से अभ्युदय योजना तक होगी समाज के अंतिम व्यक्ति की पहुंच मालाचुआ सेक्टर बैठक संपन्न

**समाज जागरण**

उमरिया-- मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के व्दारा पाली विकास खंड के अंतर्गत जन अभियान के सेक्टर क्रमांक 04 की बैठक का कुशल आयोजन बीते दिवस ग्राम पंचायत भवन मालाचुआ में किया गया। बैठक में शासन की महत्वाकांक्षी ग्रामोदय से अभ्युदय योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का वास्तविक लाभ दिलाना है । बैठक में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रविन्द्र कुमार शुक्ला ने पहले कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के माध्यम से जन परिषद के नेटवर्क का उपयोग कर प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत में योजनाओं की जानकारी और पिछले दो वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने का रखा गया है। आगे




आपने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत ग्राम स्तर पर ग्रामोत्सव, चौपाल, जनरैली एवं श्रमदान जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन, शिक्षा, स्वावलंबन, सामाजिक समरसता तथा नशामुक्त समाज और स्वस्थ समाज के निर्माण हेतु जन जागरण किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। श्री शुक्ला ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन व्दारा समाज के कल्याण की योजनाओं को लगातार प्रभावी रूप से लागू करने के लिए कृत संकल्पित है फिर भी आम लोगों तक योजनाओं की जानकारी नहीं पहुंचने से योजनाये मूर्त रूप नहीं ले पा रही है , जन अभियान परिषद इस कड़ी को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुचा कर शत प्रतिशत लोगों तक वांछित योजनाओं को पहुंचाने का अथक प्रयास कर रही हैं और इस मुकाम को हासिल करना हमारा संकल्प है। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक श्रीमती पुष्पा टेकाम, नवांकुर संस्था वैशाली फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती अनीता सिंह, परामर्शदाता कौशलेश कुमार सिंह सहित प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी, नवांकुर संस्था के सदस्य, छात्र-छात्राएँ एवं क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में परामर्शदाता कौशलेश कुमार सूर्यवंशी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# कलेक्टर ने अमरपुर में धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण

**समाज जागरण**

उमरिया ।कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मानपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत अमरपुर में धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया तथा प्रबंधक से अब तक की गई खरीदी , परिवहन, किसानो के लिए की गई व्यवस्था आदि के संबंध में पूछताछ की । उन्होने कहा कि खरीदी केंद्र से धान के उठाव मे तेजी लाई जाए।



# करोड़ों की सड़क एक हफ्ते में उखड़ी, पीडब्ल्यूडी की कार्यप्रणाली पर सवाल

**विवेक कुमार**
**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज विकास खण्ड के अंतर्गत नगराम थाना क्षेत्र स्थित बलसिंह खेड़ा गांव में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा हाल ही में कराए गए सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई गई यह सड़क महज एक सप्ताह में ही उखड़ने लगी है, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।ग्रामीणों के अनुसार गांव के अंदर आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से पीडब्ल्यूडी विभाग ने कुछ दिन पहले सड़क निर्माण कार्य कराया था। शुरूआत में ग्रामीणों को उम्मीद थी कि अब वर्षों पुरानी समस्या से निजात मिलेगी, लेकिन उनकी उम्मीदें जल्द ही टूट गईं। सड़क की गिट्टियां जगह-जगह से निकलने लगी हैं, सतह टूट चुकी है और कई स्थानों पर गड्ढे बन गए हैं।स्थिति यह है कि रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले बाइक सवार और



पैदल यात्री फिसलकर गिर रहे हैं। बीते दिनों कई लोग चोटिल भी हो चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग और ठेकेदार की ओर से अब तक कोई सुध नहीं ली गई है।ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है और मानकों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया। नाम न छापने की शर्त पर कुछ ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण के समय भी गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए गए थे, लेकिन ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों ने किसी की बात नहीं सुनी।ग्रामीणों में बढ़ते आक्रोश को देखते हुए अब गांव में आंदोलन की स्थिति बनती नजर आ रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई और दोषी ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो वे जिला प्रशासन का घेराव करने को मजबूर होंगे ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी विभाग और जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने और सड़क का दोबारा गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने की मांग की है। उनका कहना है कि सरकारी धन की इस तरह बबार्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और ग्रामीणों को कब तक सुरक्षित और टिकाऊ सड़क नसीब होती है।

# मोहनलालगंज पुलिस टीम को मिली बड़ी सफलता

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज कस्बे से लापता युवक को दो घंटे में बरामद कर परिवाजनों को सौंपा गया मोहनलालगंज कस्बा चौकी इंचार्ज अतुल सिंह व दरोगा परेवज आलम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए लापता को मात्र 2 घंटे के भीतर शकुशल बरामद कर लिया इस अभियान में सिपाही विकास जायसवाल और जितेंद्र सिंह का विशेष सहयोग रहा. सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल छानबीन शुरू की और विभिन्न संभावित स्थानों पर



तलाश कर युवक को सुरक्षित खोज निकाला बरामदगी के बाद युवक को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया किशोर के मिलते ही परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस टीम का आभार जलते हुए मोहनलालगंज पुलिस टीम की मानवीय संवेदन शीलता की प्रशंसा भी की

# सीएम डैशबोर्ड पर आधारित विकास कार्यों एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) डीएम अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर आधारित विकास कार्यों एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला धिकारी ने लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति न होने पर संबंधित अधि कारियों को कड़ी फटकार लगाई और सुधार के सख्त निर्देश दिए।

डीएम ने स्पष्ट किया कि सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित आंकड़ों के अनुसार जनपद की रैंकिंग में सुधार प्राथमिकता है, इसके लिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा के दौरान वन विभाग की प्रगति असंतोषजनक पाई गई। बैठक में डीएफओ के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी जताते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं उनके स्थान पर उपस्थित क्षेत्रीय वन अधिकारी द्वारा संतोषजनक उत्तर न दिए जाने पर उनका वेतन रोकने के आदेश भी दिए गए। इसके अलावा राजकीय प्रक्षेत्र



मवी के सुदृढ़ीकरण कार्य में ढिलाई पाए जाने पर डीएम ने डीएचओ का वेतन तब तक रोके जाने के निर्देश दिए, जब तक कार्य पूर्ण नहीं हो जाता। फैमिली आईडी में त्रुटियों को लेकर भी कड़े निर्देश जारी किए गए। बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा करते हुए डीएम ने प्रगति तेज करने के निर्देश दिए और इस योजना को लेकर अलग से समीक्षा बैठक आयोजित करने के आदेश भी दिए। राजस्व कार्यों की समीक्षा में उन्होंने लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण पर विशेष जोर दिया। निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान डीएम ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को गुणवत्ता से कोई समझौता न करते हुए कार्य समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ विनय कुमार तिवारी, एडीएम सत्येन्द्र सिंह, सीएमओ डॉ. अनिल कुमार, पीडी डीआरडीए प्रेम चंद, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी ज्योति प्रजापति मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री तथा पूर्व सांसद के कर कमलों द्वारा घाघर नदी पुल का नव निर्माण हवन-पूजन के साथ हुआ शुभारंभ

•~60 वर्ष पूर्व निर्मित जर्जर जीर्ण-शीर्ण घाघर नदी पुल का होगा 432,02 करोड़ लागत से नव निर्माण, लोगों में हर्ष

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**



गुरमा/ सोनभद्र। वर्षों से उपेक्षित 60 वर्ष पूर्व सीमेंट फैक्ट्री के समय से बनी मारकुंडी-गुरमा जिला जेल मुख्यमार्ग स्थित मीना बाजार घाघर नदी पुल काफी जीर्ण शीर्ण हो चुका था तथा इसी मार्ग से जिला के आलाधिकारी समेत जिला कारागार के बंदी, पीएसी, पुलिस प्रशासन समेत आम जनमानस के भी वाहनों का आवागमन को लेकर काफी खतरा बना हुआ था। जो इसके निर्माण को लेकर क्षेत्रीय प्रबुद्ध जनप्रतिनिधियों, जिला जेल प्रशासन भी लिखित मौखिक समेत समाचार पत्रों, पोर्टल आदि के माध्यम से भी दर्जनों बार अवगत करवाया गया था।जिसे संज्ञान में लेते हुए जिला प्रशासन ने शासन स्तर से घाघर नदी पर नव निर्माण पुल की स्वीकृति होने से लोगों में हर्ष की लहर दौड़ गई। जिस आशा उम्मीद को समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार सिंह गोंड तथा पुर्व सांसद नरेंद्र सिंह कुशवाहा द्वारा शुक्रवार को घाघर नदी पुल का नवनिर्माण विधि-विधान, हवन-पूजन कर कार्य का शुभारंभ किये जाने से आसपास के क्षेत्रों में हर्ष की लहर दौड़ गयी है। इस कार्यक्रम के शुभारंभ से पुर्व भाजपा के कार्यकताओं ने समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार सिंह गोंड तथा पूर्व सांसद नरेंद्र कुशवाहा का फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य रुप से भाजपा मण्डल अध्यक्ष चोपन, राहुल प्रताप सिंह, तेजधारी यादव, सत्यदेव पाण्डेय, मीनू चौबे, अमरनाथ पनिका, मशालू गिरी, जिलाजीत यादव, जय मंगल गोंड, अधिशासी अभियंता प्रीति पटेल, जितेंद्र सिंह, रवि मौर्या जेई, सदानंद मौर्या जेई, बलवंत सिंह इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# जनता दर्शन में एसपी सोनभद्र ने सुनीं जनसमस्याएं, समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं धैर्यपूर्वक सुना गया। जनता दर्शन में उपस्थित फरियादियों द्वारा भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, गुमशुदगी, धोखा धड़ी सहित अन्य पुलिस संबंधी समस्याओं से पुलिस अधीक्षक सोनभद्र को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा प्रत्येक फरियादी की समस्या को व्यक्तिगत रूप से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि जनता की शिकायतों का निस्तारण संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं कानून के दायरे में किया जाए तथा किसी भी फरियादी को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि जिन प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही अपेक्षित है, उनमें तत्काल प्रभाव से कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जनता दर्शन कार्यक्रम के माध्यम से आमजन की समस्याओं को सीधे सुनकर समाधान करने का उद्देश्य पुलिस-जन संवाद को मजबूत करना एवं आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करना है। जनता दर्शन के दौरान संबंधित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## दो वर्षों से हैंडपंप खराब, पानी के लिए विद्यालय से बाहर जाते है छात्र, हादसों का रहता है खतरा

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**

सोनभद्र। विकासखंड कर्मा अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बैडांड़ परिसर में लगे दो हैंडपंप बीते दो वर्षों से खराब होकर बंद पड़े हैं। इनमें से एक हैंडपंप तो स्थापना के मात्र दस दिन बाद ही खराब हो गया था। विद्यालय प्रबंधन द्वारा कई बार मौखिक रूप से तथा एक बार लिखित शिकायत ग्राम प्रधान, ग्राम



पंचायत विकास अधिकारी और विकासखंड अधिकारी कर्मा को देने के बावजूद अब तक न तो मरम्मत हो सकी और न ही संचालन शुरू कराया जा सका है। हैंडपंप बंद होने के कारण छात्रों को पेयजल के लिए करीब 200 मीटर दूर उच्च प्राथमिक विद्यालय बैडांड़ के परिसर तक जाना पड़ता है। इससे बच्चों को काफी असुविधा होती है। सबसे बड़ी परेशानी मध्याह्न भोजन पकाने और वितरण में सामने आ रही है, जहां पानी की उपलब्धता न होने से कामकाज प्रभावित हो रहा है। अभिभावक राजकुमार ने बताया कि बीते दो वर्षों में कई बार हैंडपंप की मरम्मत की मांग की गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। टोल फ्री नंबर पर भी कई बार शिकायत दर्ज कराने के बाद समस्या जस की तस बनी हुई है। इस स्थिति से अभिभावकों में असंतोष है और छात्र लगातार परेशानियों का सामना कर रहे हैं।

## महाकुम्भ खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन कबड्डी पुरुष तथा खो-खो,कबड्डी बालिका के परिणाम घोषित

शनिवार को होगा फाइनल परिणाम की घोषणा

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**



गुरमा/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के पटवध स्थित राजा बलदेव दास विडला सोन घाटी इण्टर मीडिएट कालेज सलखन के प्रागंण में तीन दिवसीय महाकुंभ खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुभारम्भ मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान योगेंद्र बहादुर सिंह द्वारा किया गया। खिलाड़ियों से रुबरु होते हुए परिचय कराया गया। खेलकूद के दूसरे दिन के परिणाम में कबड्डी पुरुष में बहुअरा विजेता व डाला उपविजेता, खो-खो बालिका में गुरमुरा प्रथम व अटल आवासीय द्वितीय तथा कबड्डी बालिका में राजा बलदेव दास बिरला विजेता वअटल आवासीय उपविजेता घोषित किये गये। इसअवसर पर मुख्य रुप से भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष डाला दीपक दूबे, अशोक दूबे, राजा बल देव दास बिड़ला विद्यालय के प्रधानाचार्य आर.डी.सिंह, आनंद जाय सवाल शंभू, रमेश, स्पोर्टिंग संतोष जायसवाल समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## पिपरी पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण, 12 घंटे के भीतर दो अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी की वाशिंग मशीन बरामद

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**




सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक जनपद सोनभद्र द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान-क्षेत्राधिकारी पिपरी के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार राय थाना पिपरी के कुशल नेतृत्व में थाना क्षेत्र में घटित चोरी की घटनाओं के अनावरण एवं बरामदगी हेतु चलाए गए अभियान के दौरान थाना पिपरी पर पंजीकृत मु0अ0सं0-10/2026 धारा 303 (2), 317(2) बीएनएस से संबंधित अभियुक्तों को 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया गया।

उक्त अभियान के अंतर्गत उ0नि0 दिलीप कुमार सिंह थाना पिपरी जनपद सोनभद्र द्वारा मय हमराह हे0का0 महेश कुमार सरोज एवं हो0गा0 सत्यनारायण यादव के साथ कार्यवाही करते हुए निम्न अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से चोरी की गई वाशिंग मशीन बरामद की गई। गिरफ्तारी उपरांत अभियुक्तों को माननीय न्यायालय भेजा गया।

## अनियंत्रित आटो पलटी चालक सहित एक घायल

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**

चोपन/ सोनभद्र। जुगैल थाना क्षेत्र अंतर्गत चतरवार में घोरिया गांव की तरफ से चोपन आ रही आटो अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे संड़क के किनारे खड़ा नोहन राम पुत्र सुखलाल उम्र 17 वर्ष निवासी चतरवार घायल हो गया वहीं चालक उदीत पुत्र कमलेश उम्र 26 वर्ष निवासी दुरावल रावट्सगंज भी घायल हो गया मौके पर पहुंचे लोगों ने तत्काल एंबुलेंस से चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया गनीमत रहा कि आटो में कोई सवारी नहीं थे अन्यथा घायलों की संख्या बढ़ सकती थी।

# मछली पालन आर.एस. सिस्टम में भारी अनियमितता, सब्सिडी के नाम पर सरकारी धन की लूट

सरकार की महत्वाकांक्षी योजना केवल कागजों तक ही सिमट कर रह गयी।

**अनिल कुमार अग्रहरि/ समाज जागरण**



डाला/ सोनभद्र। जनपद में मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा 60 प्रतिशत सब्सिडी पर स्थापित कराए जा रहे आर.एस. (री-सकुर्लेटिंग सिस्टम) सिस्टम अब भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ते नजर आ रहे हैं। कागजों में पूर्ण दिखाए गए कई आर.एस. सिस्टम मौके पर अधूरे और अनुपयोगी पाए गए हैं, जिससे सरकार की मंशा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अगोरी खास में रामदेव पुत्र मुन्नू तथा चेरो केवट पुत्र सूर्यजीत के नाम पर बनाए गए आर.एस. सिस्टम को विभागीय अभिलेखों में पूर्ण दशार्या गया है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयान कर रही है। इससे पहले भी अगोरी खास में बने अधूरे आर.एस. सिस्टम को लेकर जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की गई थी, जिस पर विभाग ने रिपोर्ट लगाते हुए कार्य पूर्ण कराने का आदेश जारी करने की बात कही थी। बावजूद इसके आज तक मौके पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। इसी तरह ग्राम खराहरा के देवखड़ में बना आर.एस. सिस्टम भी सरकार के मछली पालन को लेकर देखे जा रहे सपनों को ठेंगा दिखा रहा है। सिस्टम न तो पूरी तरह तैयार है और न ही मछली पालन के लायक, लेकिन भुगतान और कागजी कार्रवाई पूरी दिखाई जा चुकी है। जानकारी के अनुसार 60 प्रतिशत सब्सिडी के लालच में बिचौलिए किसानों को बहला-फुसलाकर योजना में शामिल कराते हैं और सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है। जबकि किसानों की आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर है कि योजना के तहत आवश्यक 40 प्रतिशत अंशदान स्वयं लगाना उनके लिए न केवल मुश्किल बल्कि लगभग नामुमकिन है। मामले में जब जिम्मेदार सहायक निदेशक मत्स्य अधिकारी सोनभद्र से सवाल किया गया तो उन्होंने पल्ला झाड़ते हुए कहा कि काम सरकार का है, सरकार जाने। जिसने फील्ड में जाकर फोटो खींचकर पेमेंट कराया है और यदि कार्य नियमानुसार नहीं बना है तो उसकी जिम्मेदारी जांचकर्ता और फील्ड ऑफिसर की है। अगर कार्य गलत भी है तो मैं आरसी नहीं काट सकता। बार-बार मुकदमा झेलने और ट्रांसफर के बाद मैं जिम्मेदार नहीं बनना चाहता। मत्स्य विभाग के इस बयान से साफ है कि जिम्मेदारी तय करने के बजाय अधिकारी एक-दूसरे पर दोष मढ़ने में लगे हैं।

नतीजतन मछली पालन योजना जनहित की बजाय भ्रष्टाचार का बड़ा जरिया बनती जा रही है। यदि समय रहते उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना केवल कागजों तक ही सिमट कर रह जाएगी।

## कृषि प्रदर्शनी एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम आयोजित

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) सोनभद्र में कृषि प्रदर्शनी एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़ा कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डायट प्राचार्य एवं उप शिक्षा निदेशक मुकुल आनंद पाण्डेय के निर्देशन में हुआ। इस आयोजन में डायट प्रवक्ता, परिषदीय



विद्यालयों के शिक्षक और डीएलएड प्रशिक्षुओं ने सक्रिय सहभागिता की। प्रदर्शनी में कृषि एवं पर्यावरण से जुड़े विभिन्न नवाचारी मॉडलों को प्रदर्शित किया गया। इसमें श्रीअन्न आधारित फसलों, मसाला उत्पादक राज्यों, वर्षा जल संचयन, वैश्विक ऊष्मन, औषधीय पौधों के उपयोग सहित कई विषयों पर मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे। प्रदर्शनी का मूल्यांकन निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ. सुनील कुमार मौर्या, हरिबंश सिंह और राजेश मौर्या द्वारा किया गया। अवलोकन के उपरांत प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कारों की घोषणा की गई। कार्यक्रम में डायट प्रवक्ता सौरभ सिंह, जिज्ञासा यादव, शंकर सिंह, डॉ. अरमा देवी, जयेंद्र शंकर मिश्र, मनोज सिंह, अवधेश सिंह, समजर सिंह सहित अन्य शिक्षक एवं प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

## डंपर ने क्रेटा कार को मारा जोरदार टक्कर, कार सवार डिवाइड पार, बचे बाल बाल।

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**




डाला/ सोनभद्र। डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के डाला चढ़ाई पर बकुल होटल के बगल में पुलिया के मिजार्पुर से शक्तिनगर शक्ति नगर बैढ़न जा रही कार को पिछे टक्कर मारकर डिवाइडर ढकाते हुए दुसरे साइड कार को पहुंचा दिया गया।

मिली जानकारी के मुताबिक डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के डाला चढ़ाई बंद खनिज बैरियर के पास मिजार्पुर से शक्तिनगर बैढ़न जा रही क्रेटा कार जा रही थी उसी दौरान पिछे से आकर चार सौ फीट का टीपर ने कार को टक्कर मारकर घसिश्ते हुए डिवाइडर पार कर पुलिया से पहले से रखी गई गिट्टी में घुस गया। जिसके उपरांत स्थानीय लोगों ने तत्काल कार में एक मे एक ही परिवार पति पत्नी और दो बच्चे को कार से सुरक्षित बाहर निकलवाया गया वहीं इस घटना में कार क्षतिग्रस्त हो गया गलीमत रहा कार सवारों में कोई घायल नहीं हुआ। जहां सूचना पाकर मौके पर पहुंची डायल 112 नम्बर पुलिस व डाला चौकी की पुलिस मौके पर पहुंचकर टीपर व टीपर चालक को डाला चौकी ले जाया गया।

# सिंदुरिया की सौ वर्ष पुरानी रामलीला में नारद मोह का शानदार मंचन

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



चोपन/ सोनभद्र। ग्राम पंचायत सिंदुरिया में कड़ाके की ठंड के बावजूद ग्रामीणों ने अद्भुत श्रद्धा और अनुशासन के साथ प्रभु श्रीराम की रामलीला का मंचन किया। ब्राह्मण कलाकारों ने पूर्ण ब्रह्मचर्य पालन करते हुए नारद मोह लीला का भावपूर्ण प्रदर्शन किया, जिसमें हास्य, भक्ति और आध्यात्मिक संदेश का सुंदर समन्वय देखने को मिला। दर्शकों ने तालियों से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।यह सौ वर्ष से अधिक पुरानी रस रामलीला मुकुट पूजा से शुरू होकर सीता विवाह तक की लीलाओं का मर्यादित मंचन करती है। ग्राम्य संस्कृति से गहराई से जुड़ी यह परंपरा अपनी शुद्धता और मौलिकता के लिए क्षेत्र में प्रसिद्ध है। ठंड में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जो आस्था की अमिट मिसाल है। समापन पर सीता विवाह के दिन पांडेय परिवार द्वारा भव्य भंडारा आयोजित किया जाएगा, जिसमें ग्रामीण प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ लेंगे। रामलीला समिति में अध्यक्ष सुरेश पांडेय, विद्या शंकर पांडेय, व्यास मुरली तिवारी, डॉ. राम गोपाल तिवारी, उदय नारायण पांडेय, रामनारायण पांडेय, प्रेम शंकर पांडेय, प्रभु नारायण पांडेय, श्री राम पांडेय, दिनेश पांडेय, विशाल पांडेय, कामेश्वरी चौबे, गोविंद राम चौबे, विजय पांडेय, अशोक पांडेय, महावीर पांडेय, कमलेश पांडेय सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# खड़ंजे का ईट उखाड़ कर नाली निर्माण में लगाए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**



सोनभद्र/विंढमगंज। विकासखंड दुद्धी के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुडिसेमर के मालिया नदी के किनारे यादव बस्ती में पूर्व में लगे ईट के खड़ंजे को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के द्वारा उखाड़ कर नए नाली निर्माण कराए जाने से स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है मौके पर मौजूद क्षेत्र पंचायत सदस्य विनोद पासवान ग्रामीण जय मौर्य ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सरजू यादव के द्वारा मनमाने तरीके से खुद के जेसीबी से पूर्व में ईंट के बने खड़ंजे को उखाड़ कर नए नाली के निर्माण में ईट का प्रयोग किया जाना विकास कार्यों में धन का दुरुपयोग है ग्राम प्रधान प्रतिनिधि की इतनी मनमानी बढ़ गई है कि आम ग्रामीणों को मलीया नदी तक आने-जाने में ईट से बने खड़ंजे से काफी सहूलियत हुआ करता था परंतु ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के द्वारा नए ईट की खरीददारी करके नाली का निर्माण करना चाहिए था परंतु सरकारी धन का गमन करने के उद्देश्य से खड़ंजे को जेसीबी से उखाड़ कर नाली का निर्माण कराया जा रहा है जो सरासर गलत है वही ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सरजू यादव ने कहा कि मैं खड़ंजे के ईंट का उपयोग नाली निर्माण में किया हूं अगर ग्रामीणों को ऐतराज है तो ईंट का भुगतान में नहीं कराऊंगा। इस मौके पर विनोद बी डी सी बनवारी, नितिस, जय मौर्य, मनोज पुर्व बी डी सी, राकेश, हृदय कुशवाहा, चंदन, दिलीप, गोलू, उदय, राजेश, करमु यादव साहित्य दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ में सतीश भाटिया बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**योगेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**

ओबरा/ सोनभद्र। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी



ने उत्तर प्रदेश प्रदेश की इकाई में व्यापक परिवर्तन करते हुए ओबरा निवासी वरिष्ठ पत्रकार सतीश भाटिया को उत्तर प्रदेश का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया है।उक्त आशय की जानकारी महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय ने दी। प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए पर श्री सतीश भाटिया ने कहा कि वे पत्रकारों के हित के लिए सदैव समर्पित रहेंगे। पत्रकारों के साथ अन्याय बर्दाश्त नही किया जाएगा।

# कार बाइक के भिड़ंत से तीन युवक घायल, संजीवनी चिकित्सालय में उपचार जारी।

**योगेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**




शक्तिनगर/ सोनभद्र। शक्तिनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार शाम एक सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल हो गए। घटना शक्तिनगरझवाराणसी मुख्य मार्ग पर बोदरा बाबा के समीप उस समय हुई, जब एक कार और बाइक के बीच तेज रफ्तार में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग मौके पर जुट गए। सूचना मिलते ही शक्तिनगर पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से एनटीपीसी संजीवनी चिकित्सालय पहुंचाया, जहां सभी का इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार घायलों की स्थिति फिलहाल स्थिर बनी हुई है। घायलों की पहचान जॉन पुत्र सोमल समथ उम्र लगभग 25 वर्ष, लुम्भा पुत्र बुधिराम उम्र लगभग 17 वर्ष तथा मंजीत बड़ा पुत्र पाला बड़ा उम्र लगभग 24 वर्ष के रूप में हुई है। तीनों घायल बैगा बस्ती बलिया नाला जयंत के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने दुर्घटनास्थल से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया। इस संबंध में थाना प्रभारी कमल नयन दुबे ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए मामले की विस्तृत पड़ताल की जाएगी।

# जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक सम्पन्न

टीकाकरण अभियान में लाये तेजी- मुख्य विकास अधिकारी

**योगेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**



सोनभद्र। कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय), बैठक में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, आई०सी०डी०एस० विभाग, पंचायती राज विभाग, नगर पालिका एवं नगर पंचायत के जनपद एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि दुर्गम क्षेत्रों के रिक्त उपकेन्द्रों पर रोटेश नवाइज नियमित ए०एन०एम० की तैनाती की जाये, जिससे टीकाकरण का कवरेज बढ़ाया जा सकें। प्रत्येक स्वास्थ्य इकाई पर साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये तथा जो कर्मी साफ-सफाई के लिये नियुक्त किया गया है उसके कार्यों में लापरवाही पायी जाती है तो चयनित एजेंसी को सूचित कर तत्काल हटाये जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ किया जाये। विभिन्न कार्यक्रमों जैसे आयुष्मान कार्ड, एन०सी०डी० स्क्रिनिंग, टेली कंसलटेशन इत्यादि में न्यूनतम उपलब्धि वाले कम से कम 20 सी०एच०ओ० को प्रतिदिन जनपद मुख्यालय पर प्रातः 10.00 बजे बुलाकर उनको प्रशिक्षित किया जाये। लक्ष्य के सापेक्ष ए०एन०सी० पंजीकरण एवं प्रसव की समीक्षा आप्शा एवं ए०एन०एम० स्तर पर करते हुए स्थिति में सुधार लाया जाये। प्रत्येक माह हुए मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु की आडिट कराते हुए लाईन लिस्ट एवं आडिट रिपोर्ट समिति के समक्ष प्रस्तुत करें। माह फरवरी 2026 तक एन०सी०डी० स्क्रिनिंग सी०एच०ओ० के माध्यम से शत-प्रतिशत स्क्रिनिंग कराने के निर्देश दिये गये। समिति द्वारा डी०पी०ओ० आई०सी०डी०एस० को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक माह ब्लाक स्तर पर सैम बच्चों की सूची सम्बन्धित अधीक्षक/प्रभारी चिकित्साधिकारी से साझा करते हुए बच्चों का उचित चिकित्सकीय प्रबन्धन कराते हुए सी०एच०ओ० के माध्यम से ई-कवच पोर्टल पर उपलोड कराना सुनिश्चित करें। आर० बी०एस० के० के अन्तर्गत ब्लाक-बमनी, चोपन, घोरावल एवं म्योरपुर तथा सपोर्टिव सुपर विजन के अन्तर्गत ब्लाक-बभनी, चोपन, म्योरपुर एवं रावट्र्सगंज में वाहन संचालित नहीं है सम्बन्धित अधीक्षक / प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया

कि एक सप्ताह के अन्दर जेम पोर्टल के माध्यम से वाहन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 पंकज कुमार राय विभिन्न विभागों के अधिकारीगण व कर्म चारीगण उपस्थित रहें।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पहुर महरहा रोड़ पर गुरूवार की शाम बाइक से आ रहे 50 वर्षीय अधेड़ को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए गोपालगंज सीएचसी लाये। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार बिन्दकी कस्बा निवासी ओम प्रकाश का पुत्र सुरेन्द्र गुरूवार की शाम कानपुर से बाइक द्वारा घर आ रहा था। जब वह कल्यानपुर थाने के पहुर महरहा रोड़ पर पहुंचा तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने घायल को सराकरी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए गोपालगंज सीएचसी पहुंचा जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

# संदिग्ध अवस्था में फांसी लगा युवती ने दी जान

## मृतका के पिता ने लगाया हत्या का आरोप

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम उमर गहना में गुरूवार की शाम संदिग्ध अवस्था में 18 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। वहीं मृतका के परिजनों ने गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगा। जानकारी के अनुसार बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के कोरईयां गांव निवासी रामसागर की पुत्री कोमल ने एक वर्ष पूर्व विकास से प्रेम विवाह किया था। बताते है कि गुरूवार की शाम उसने संदिग्ध अवस्था में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। पोस्ट मार्टम हाउस में मृतका का पिता रामसागर ने बताया कि उसकी पुत्री ने प्रेम विवाह किया था। शादी के कुछ महीनों बाद ससुराली जन दहेज की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसकी पुत्री गला दबाकर हत्या कर दी और आत्महत्या का रूप देने लिए शव को फांसी पर लटका दिया। वहीं पुलिस ने का कहना है कि पोस्ट मार्टम रिर्पोट के बाद ही मौत का कारण ज्ञात हो सकेगा।

# युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। थाना सुल्तानपुर घोष क्षेत्र के बेंचू का पुरवा मजरे करमेपुर में एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी।इंस्पेक्टर तेज बहादुर सिंह के नेतृत्व में मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मायके पक्ष के परिजनों के आने की बात कहकर कुछ देर तक पुलिस को शव नहीं उठाने दिया गया। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। मृतिका का पति गुजरात में रहता है।पति-पत्नी के बीच मोबाइल से बातचीत हुई और इसके बाद यह घटना घटित हो गई। जानकारी के अनुसार उक्त गांव में रामबाबू पटेल की पत्नी 26 वर्षीया प्रतिभा पटेल ने अज्ञात कारणों से साड़ी के फंदे से मौत को गले लगा लिया।मृतिका का मायका बरगदहा टेनी थाना खागा है।मृतिका के एक वर्ष का बेटा और तीन वर्ष की बेटी हैं।बताया जाता है कि गुजरात से मृतका के पति ने परिवार के लोगों को बताया कि घर जाइए आपकी बहू फांसी लगा लेगी। मृतका के सास ससुर उस समय प्लाट पर थे।सास और ससुर जब घर पहुंचे तो अंदर से दरवाजा बंद था।खिड़की से देखा गया तो प्रतिभा पटेल का शव फंदे से झूल रहा था।

# संदिग्ध अवस्था में जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। बिन्दकी पति से झगड़ कर संदिग्ध अवस्था में जहरीला पदार्थ खा लिया महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज करके आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के दरबेशाबाद गांव में प्रीति देवी (28) पत्नी हरिकेश की मौत हो गई। शुक्रवार को दोपहर मामले की जानकारी 112 पर दी गई जिसके चलते पुलिस मौके पर पहुंची। जानकारी पाते कोतवाली पुलिस भी पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने पूरे मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक महिला के दो पुत्री आरसी देवी (7 ) तथा शिवाजंलि (3) है। बताया जाता महिला और उसके पति हरिकेश के बीच कई दिनों से विवाद चल रहा था। महिला ने पति के खिलाफ मारपीट की शिकायत पुलिस से किया था। पुलिस ने पति के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की थी जिस पर संदिग्ध अवस्था में दिवंगत ने जहरीला पदार्थ खा लिया उसकी मौत हो गई।

# तरुण यादव बने यूपी रोलर स्पोर्ट्स के जिला फिरोजाबाद कोऑर्डिनेटर।

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! उत्तर प्रदेश रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन की नई प्रदेश कार्यकारिणी में अहम जिम्मेदारी मिली है। नोएडा में आयोजित संघ की वार्षिक आम सभा में नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें तरुण यादव को जिला



फिरोजाबाद का कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। भारतीय रोलर स्केटिंग फेडरेशन से मान्यता प्राप्त उत्तर प्रदेश रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन की इस बैठक में संघ अध्यक्ष संदीप भटनागर और प्रदेश महासचिव धर्मेंद्र राठौर ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की। तरुण यादव की नियुक्ति पर खेल जगत और खिलाड़ियों में खुशी की लहर है। संघ पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में फिरोजाबाद में रोलर स्पोर्ट्स को नई पहचान और मजबूती मिलेगी।

# प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर पलटी, आधा दर्जन यात्री घायल।

**अनिल कुमार अग्रहरि/ समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के तेलगुडवा से विंढमगंज जा रही प्राइवेट सवारी बस कोटा बाजार से पहले सामुदायिक स्वास्थ्य उप केंद्र के पास अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें लगभग आधा दर्जन महिला पुरुष एक स्कूली छात्र सहित को हल्का फुल्का चोट लग गई। मिली जानकारी मुताबिक शुक्रवार को सुबह लगभग साढ़े आठ बजे तेलगुडवा से प्राइवेट बस से 45 सवारी भरकर विंढमगंज जा रही थी उसी दौरान चोपन थाना क्षेत्र के कोटा बाजार से पहले सामुदायिक स्वास्थ्य उप केंद्र के पास बस का स्टेरिंग बोल्ट टूट गया जिसके कारण बस अनियंत्रित होकर पलटते हुए सड़क के किनारे झाड़ियों में जा गिरी। वहीं बस में सवार मिजार्पुर निवासी निरंकार विश्वकर्मा ने बताया कि तेलगुडवा से इसी में बैठ कर कोन जा रहें थे और इस घटना में हमको भी हल्का फुल्का चोट आई है और इस घटना जिसमें सम्पतिया उम्र लगभग 70 वर्ष पत्नी स्व. लक्ष्मण निवासी सलईयाडीह, सविता देवी पत्नी कृपाशंकर, अरबिन्द साह पुत्र विन्देश्वरी मधेपुरा, सरोज पुत्री सुदामा निवासी पतगड़ी के समेत तीन महिलाएं का दाहिने हाथ में चोट लगी, दो बच्चों के सिर में चोट आई इसके साथ पुरुष घायल हो गए जिसमें कुल लगभग सात आठ यात्रियों को चोट आई है। वहीं स्थानीय लोगों घटना के बाद तत्काल मौके पर पहुंचकर बस में सवार सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकलवाया गया। इसके साथ आनन फानन में सभी घायलों को सुविधा अनुसार कोटा के साथ अन्य जगहों पर उपचार हेतु भेजवाया गया। इस दौरान कोटा प्रधान प्रहलाद चोरों मौके पर पहुंचकर घटना की जायजा ली। जहा बस चालक गटई चौबे ने बताया कि तेलगुडवा निर्माण कार्य चल रहा जिसके कारण सड़क उंचा खाला हो गया और हम सड़क किनारे से जा रहे थे तभी अचानक से स्टेरिंग बोल्ट टूट गया जिसके उपरांत बस अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे पलट गई वहीं बात करें तो घटना के घंटों बाद भी चोपन थाना पुलिस व ऐम्बुलेंस मौके पर नहीं पहुंच सकी थी जिसके कारण स्थानीय लोगों में नाराजगी का माहौल बना रहा। वहीं सविता देवी पत्नी कृपा शंकर निवासी डहकूडडी कोटा को किसी निजी क्लिनिक में उपचार करवाया जा रहा था जहां घायल की स्थिति नाजुक देखते हुए चिकित्सक ने वाराणसी रेफर कर दिया गया।

# अधेड़ की गला रेतकर हत्या , बहन व भाभी पर किया हमला, भाभी की मौत

**घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है व्याप्त**
**सूचना पर मौके में अधिकारी, भारी पुलिस बल तैनात**

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के हसवा में शुक्रवार की दोपहर दिल को दहला देने वाली घटना उस वक्त घट गयी। जब युवक ने जंगल में 45 वर्षीय अधेड़ की गला रेतकर हत्या करने के बाद घर वापस आया और बहन पर ताबडतोड धारदार हथियार से हमला करने लगा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। बीच बचाव करने पहुंची भाभी पर भी धारदार हथियार से हमलाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना को अंजाम देने बाद युवक मौके से फरार हो गया। नन्द व भाभी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने भाभी को मृत घोषित कर दिया। वहीं नन्द हालत गंभीर देख कानपुर के लिए रेफर कर दिया। घटना के बाद से हसवा में दहसत का व्याप्त हो गयी। घटना की सूचना पर पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंच घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद अधेड़ के शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार हसवा निवासी हसमतउल्ला का पुत्र आमिर उर्फ बदलू जो वर्तमान समय एम पी में नौकरी कर रहा है। घर उसकी पत्नी जिकरा परवीन 22 वर्ष बहन मन्नू 26 साल घर पर थी। बताते है कि शुक्रवार की दोपहर देवर दिलदार हसवा निवासी फैजान पुत्र राजू जंगल में गला रेतकर हत्या कर दी। उसके बाद वह घर वापस आया और बहन मन्नू पर धारदार हथियार से ताबडतोड वार करने लगा। जिससे बहन गंभीर रूप से घायल हो गयी। बीच बचाव करने पहुंची भाभी जिकरा परवीन पर भी दिलदार ने ताबडतोड कई वार कर दिया। जिससे नन्द व भाभी गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना को अंजाम देने के बाद दिलदार मौके से फरार हो गया। उधर यह मंजर पास पडोस के लोगो में हडकम मच गया। तभी किसी ने इसकी सूचना क्षेत्रीय पुलिस को दे दी। जिस पर भारी पुलिस बल मौके में पहुंच घायल नन्द व भाभी को सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा जहां चिकित्सक ने जिकरा परवीन को मृत घोषित कर दिया। वहीं नन्द मन्नू की हालत गंभीर देख कानपुर हैलेट के लिए रेफर कर दिया।

जबकि पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को विच्छेदन ग्रह भेज दिया। घटना किन कारणों से हुयी है इसकी जानकारी नहीं लग सकी है। उधर पुलिस हत्यारे की तलाश में संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

# कोमल फाउंडेशन द्वारा कम्बल वितरण, जरूरतमंद महिलाओं व वृद्ध माताओं को मिली राहत।

## - समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग की सहायता करना हम सभी का नैतिक दायित्व है: प्रेमचन्द उपाध्याय

**समाज जागरण**




फिरोजाबाद। शीत ऋतु के मद्देनजर कोमल फाउंडेशन द्वारा कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन शनिदेव मंदिर के निकट जलेसर रोड पर किया गया। कार्यक्रम में जरूर तमंद महिलाओं एवं वृद्ध माताओं को कम्बल वितरित किए गए। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचंद उपाध्याय, कोमल फाउंडेशन के अध्यक्ष अश्वनी कुमार राजौरिया तथा संस्था की निर्देशिका श्रीमती नीतेश राजौरिया (नीतू) ने संयुक्त रूप से कम्बल वितरण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचंद उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग की सहायता करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। इस प्रकार के सेवा कार्य सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं।
कोमल फाउंडेशन के अध्यक्ष अश्वनी कुमार राजौरिया ने कहा कि ठंड के मौसम में निर्धन, असहाय महिलाओं एवं वृद्ध माताओं को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कोमल फाउंडेशन आगे भी मानव सेवा के ऐसे कार्य निरंतर करता रहेगा। वहीं निर्देशिका श्रीमती नीतेश राजौरिया (नीतू) ने कहा कि महिलाओं और वृद्धजनों की सेवा ही सच्ची सेवा है। जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान लाना ही संस्था की सबसे बड़ी उपलब्धि है। कम्बल व अन्य सामग्री पाकर सभी जरूरतमंद महिलाओं एवं वृद्ध माताओं के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। स्थानीय लोगों ने कोमल फाउंडेशन के इस मानवीय प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान कोमल फाउंडेशन के लाखन सिंह, कुन्दन सिंह, चिराग उपाध्याय, जिया उपाध्याय, अर्पित राजौरिया, कशिश, सृष्टि, महेन्द्र, जोगेश देवी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।

# राष्ट्रीय गणित दिवस के वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में बाल वैज्ञानिकों ने दिखाई प्रतिभा

**समाज जागरण**



शिकोहाबाद:- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिलाधिकारी फिरो जाबाद रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य एवं जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार के निर्देशन में डी आर इंटर कॉलेज माधौगंज, शिकोहाबाद में राष्ट्रीय गणित दिवस के जनपद स्तरीय वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य ओम प्रकाश यादव एवं जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विजय प्रताप सिंह यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, फिरोजाबाद, राजीव गुप्ता, प्रतिनिधि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, शिकोहाबाद, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कृष्ण मोहन सिंह, ओम प्रकाश यादव एवं अश्वनी कुमार जैन द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। सभी अतिथियों ने सभी बाल वैज्ञानिकों के मॉडलों, पोस्टरो का अवलोकन किया एवं उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विजय प्रताप सिंह ने गणित के जादूगर देश के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को नमन करते हुए सभी बाल वैज्ञानिकों के गणित के मॉडलों एवं पोस्टरों की सराहना करते हुए जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की। राजीव गुप्ता ने जनपद के सभी बाल वैज्ञानिकों के कार्यो की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की की। कृष्ण मोहन सिंह ने सभी विद्यार्थियों को नवाचार के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही व्याख्यानकर्ता इंजीनियर अभिषेक एवं सौरव प्रकाश द्वारा देश के महान गणतिज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के कार्यो एवं गणित विषय पर जनपद के विभिन्न विद्यालयों के 270 विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की गई। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र- छात्राओं ने गणितीय मॉडल प्रस्तुत किए। जिसमें कोणों के प्रकार, थ्री डी नेट शेप, ग्राफ इन्वर्स, ट्रिग्नोमेट्री पार्क, वर्ग विधि,वर्ग प्रमेय, इंटरसेक्शन ऑफ सेट, एल सी एम, नंबर सिस्टम, लाइन्स एंड एंगल्स आदि मॉडल प्रस्तुत किए। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने गणित पर विभिन्न आकर्षक पोस्टर प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन दीपक ओहरी, संजय शर्मा और दिनेश चाहर ने किया। गणित मॉडल प्रदर्शनी में प्रथम स्थान नैतिक, द्वितीय स्थान हिमांशी एवं तृतीय स्थान रिषभ और रियांशु ने प्राप्त किया। गणित पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पल्लवी, द्वितीय स्थान स्वेता एवं तृतीय स्थान अभय भारती और अनमोल ने प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद की ओर से प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन अश्वनी कुमार जैन ने किया। सभी अतिथियों का आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में गौरव प्रकाश, दुन्द्रसेन यादव, शुभांकर यादव, अंकुश गुप्ता, भूपेंद्र सिंह, भगेन्द्र सिंह, प्रेमस्वरूप, अभय पचौरी, श्रीमती कीर्ति तेनगुरिया, अनीता यादव, हरगिन्द्र एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# जनप्रतिनिधियों ने 162 ग्रामीणों को आवासों की सोपे प्रमाण पत्र !

**समाज जागरण ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद ! प्रदेश सरकार की जनक ल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने और माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सबका साथ-सबका विकास के संकल्प को साकार करने हेतु जिला प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में 162 पात्र लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पक्के घर के प्रमाण पत्र सौपें पक्की छत का यह तोहफा निराश्रित महिलाओं, दिव्यांगों और वंचित समुदायों को प्रदान किया गया, जिससे उन्हें सुरक्षा और सामाजिक गरिमा दोनों मिल सके, जिसमें पहली किस्त 40 हजार रुपए इनके खातें में पहुच चुकी है व नींव भराई के बाद दूसरी किस्त शीघ्र ही इनके खातें मे प्रदान की जाएगी, इस अवसर पर मॉडल आवास का उद्घाटन विधायक प्रेमपाल धनगर और भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने किया, इस मॉडल आवास को बनाने का उद्देश्य लाभार्थियों को यह दिखाना है कि किस प्रकार कम लागत में एक मजबूत सुंदर और सर्वसुविधा युक्त घर का निर्माण किया जा सकता है, विधायक ने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वह अपने आवास का निर्माण इसी मानक गुणवत्ता के अनुरूप करें। इस अवसर पर बोलते हुए विधायक प्रेमपाल धनगर ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के विपरीत वर्तमान शासन की योजनाएं बिना किसी भेदभाव और पूरी पारदर्शिता के साथ धरातल पर पहुंच रही हैं, उन्होंने जोर देकर कहा कि आज बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो गई है और लाभार्थियों के हक का पैसा सीधे उनके खातों में पहुंच रहा है, प्रदेश में किसान, मजदूर और महिलाएं पूरी तरह सशक्त हो रही है, इस अवसर पर बोलते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अंत्योदय का सपना साकार हो रहा है, हर गरीब के सिर पर अपनी छत हो, इस लक्ष्य के साथ शासन और प्रशासन मिलकर काम कर रहे हैं। प्रमाण पत्र पाकर लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी और उत्साह दोनों दिखाई दिया, इस अवसर पर लाभार्थी आरती देवी जो की विधवा हैं और आकलपुर दामोदरपुर की रहने वाली हैं, उन्होंने भावुक होकर कहा कि बरसात में हमेशा यह डर सताता रहता था, कि कहीं मेरा छप्पर गिर न जाए, परंतु माननीय मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी के प्रयासों से मेरा अपना पक्का घर होगा, यह मेरे लिए किसी अविस्म रणीय पल से कम नहीं है, इसी तरह एक दिव्यांग महावीर सिंह ने भी पक्का आवास मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए माननीय मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी को कोटि-कोटि धन्यवाद दिया,

इसी तरह आरती, हरीश प्रताप, भगवान देवी सुमन, सचिन, पुष्पा देवी, दीनू, राधेश्याम, जूली देवी को भी इस अवसर पर आवास प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख लक्ष्मी नारायण यादव, जसराना ब्लॉक प्रमुख संध्या लोधी, परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी, डीसी मनरेगा सुभाष चंद्र और खंड विकास अधिकारी नवीन कुमार भी मौजूद रहें।

# केला देवी मंदिर से निकली कलश यात्राः 1108 कुंडीय मृत्युंजय मां पीतांबरा महायज्ञ को लेकर फिरोजाबाद में उत्साह

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद ! 1108 कुंडीय मृत्युंजय मां पीतांबरा महायज्ञ के आयोजन से पहले शुक्रवार को शहर में कलश यात्रा निकाली गई। यह महायज्ञ 6 मार्च से 17 मार्च तक बच्चू बाबा आश्रम, राजा का ताल पर आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन को पूरे अंचल के लिए एक ऐतिहासिक धार्मिक अनुष्ठान माना जा रहा है।
केला देवी मंदिर से शुरू हुई इस कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यज्ञाधीश रामदास महाराज ने यात्रा का नेतृत्व किया। रामदास महाराज ने बताया कि 1108 कुंडीय मृत्युंजय मां पीतांबरा महायज्ञ 6 मार्च से 17 मार्च तक चलेगा। इसके अलावा, मातृशक्ति कलश यात्रा 7 मार्च को निकाली जाएगी। धार्मिक परंपराओं के अनुसार, श्री वेद भगवान यात्राएं भी अलग-अलग तिथियों में आयोजित होंगी।

**श्री वेद भगवान यात्राओं का कार्यक्रम इस प्रकार हैः**

16 जनवरीः सुबह 11 बजे हनुमान रोड से यात्रा शुरू होकर गोपाल आश्रम पर विश्राम करेगी। 17 जनवरीः यात्रा राधा कृष्ण मंदिर से प्रारंभ होकर रामनगर छारबाग तिराहा पर विश्राम करेगी। 18 जनवरीः सुहाग नगर स्थित माता मंदिर से यात्रा शुरू होकर महावीर नगर मंदिर पर विश्राम करेगी। 19 जनवरीः नगला भाऊ हनुमान मंदिर से यात्रा प्रारंभ होकर रहना सहित विभिन्न क्षेत्रों से गुजरते हुए क्लब चौराहा पर विश्राम करेगी। कलश यात्रा के दौरान पूरा शहर भक्ति गीतों, मंत्रोच्चार और जयघोष से गूंज उठा। इस अवसर पर महापौर कामिनी राठौर सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर धार्मिक परंपरा का निर्वहन किया। कलश यात्रा के कारण शहर का वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को आध्यात्मिक चेतना और सनातन संस्कृति से जोड़ने वाला बताया। आयोजकों के अनुसार, महायज्ञ के दौरान देश-प्रदेश से संत-महात्माओं का आगमन होगा और प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान, प्रवचन एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# जसराना पुलिस ने 180 केस प्रॉपर्टी का किया विनष्टीकरण

## फिरोजाबाद में न्यायालय के आदेश पर हुई नियमानुसार कार्रवा

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद! जसराना थाने में विभिन्न मामलों से संबंधित कुल 180 माल-मुकदमाती (केस प्रॉपर्टी) का नियमानुसार विनष्टीकरण किया गया। यह कार्रवाई जसराना पुलिस टीम द्वारा की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देश पर थानों में लंबित केस प्रॉपर्टी के निस्तारण और विनष्टीकरण के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण में, माननीय न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिकोहाबाद, फिरोजाबाद के आदेश का पालन करते हुए यह विनष्टीकरण संपन्न हुआ। इस प्रक्रिया के दौरान उप जिलाधिकारी जसराना राजेश कुमार शुक्ला, क्षेत्राधिकारी जसराना प्रेम प्रकाश पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक थाना जसराना राजेश कुमार पाण्डेय, निरीक्षक अपराध दिनेश कुमार वर्मा और हेड मोहर्रिर विक्रम सिंह मौजूद रहे। विनष्टीकरण की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी कराई गई।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ व्यक्ति की हुई दर्दनाक मौत

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के दाढ़ी होटल के सामने आज शुक्रवार शाम लगभग 7:00 बजे मौर्या मेडिकल स्टोर के पास अज्ञात वाहन के टक्कर से अधेड़ व्यक्ति कि हुआ दर्दनाक मौत। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मौर्य मेडिकल स्टोर बारी के पास एक व्यक्ति राम प्रवेश पुत्र सीता राम निवासी बारी डाला उम्र करीब 50 वर्ष की मौत हो गई है स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी डाला पुलिस को दे दिया। मौके पर पहुंची डाला पुलिस ने मृतक व्यक्ति को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई।

# कफ सिरप मामले में वारंट बी पर लखनऊ व वाराणसी से 3 आरोपियों को लाया जाएगा सोनभद्र

## न्यायालय से वारंट बी कर लिया गया है हासिल, अब एसआईटी खंगालेगी हवाला कारोबार की चेन.

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। कफ सिरप तस्करी मामले में रैकेट का भंडाफोड़ करने के साथ-साथ सोनभद्र एसआईटी इसके जरिए हवाला कारोबार की भी एक दूसरे से जुड़े हुए लिंक का पता लगाने में जुट गई है. सोनभद्र में हुई बरामदगी और झारखंड के रांची से यहां के लिए दिखाई गई फर्जी आपूर्ति के तार वाराणसी और सहारनपुर से जुड़े पाए गए हैं. पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के लिए न्यायालय से वारंट बी हासिल कर लिया गया है. अब तीनों आरोपियों को आज यानी 17 जनवरी को सोनभद्र लाया जाएगा. उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों में फैले कफ सिरप तस्करी के रैकेट पर करारी चोट करने वाली सोनभद्र पुलिस अब तस्करी से जुड़े हवाला कारोबार की लिंक का पता लगाने में जुट गई है. तस्करी के पैसों के हवाला के जरिए लेन देन के मामले में पिछले दिनों वाराणसी पुलिस ने एक साथ पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था. 23 करोड़ के फर्जी लेन देन की पुष्टि भी हुई थी. पकड़े गए पांच आरोपियों में वाराणसी रोहनिया के स्वप्निल केशरी और दिनेश यादव भी शामिल थे. पांचो ने पूछताछ मे शुभम जायसवाल के लिए काम करने की बात स्वीकार की थी. अवैध लेन देन का लिंक बिहार, पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश तक जुड़ा पाया गया था. तस्करी से मिलने वाली रकम या तो सोने के रूप में या फिर हवाला के जरिए नोटों की गड्डी वाराणसी पहुंचाए जाने की जानकारी मिली थी. इसी तरह एसटीएफ लखनऊ ने कफ सिरप तस्करी का सिंडिकेट चल रहे सहारनपुर निवासी सगे भाई अभिषेक शर्मा और शुभम शर्मा को दबोचा था. इस गिरोह के तार गाजियाबाद और सोनभद्र में हुई बरामदगी



से जुड़े पाए गए हैं. पूर्व सांसद का करीबी बर्खास्त सिपाही आलोक सिंह, अमित टाटा का नाम इस गिरोह से पहले ही जुड़ चुका है. इस गिरोह ने भी वाराणसी के जरिए पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश तक सिरप की तस्करी की थी. अब वाराणसी- लखनऊ के इन गिरोहों के तार सोनभद्र में दर्ज मामलों से जुड़े मिले हैं. प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर स्वप्निल केशरी, दिनेश यादव और अभिषेक शर्मा के खिलाफ संबंधित न्यायालय से वारंट बी हासिल कर लिया गया है. अब इंस्पेक्टर सदानंद राय की अगुवाई वाली एसआईटी आरोपियों को वारंट बी पार लाकर पूछताछ की प्रक्रिया पूरी करने की कवायद में जुट गई है. पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के अनुसार, एसआईटी ने वाराणसी में पकड़े गए दो और लखनऊ में गिरफ्तार एक आरोपी के खिलाफ वारंट बी हासिल किया है. उनसे कफ सिरप तस्करी और जांच के दौरान आए तथ्यों- जानकारियों के संबंध में पूछताछ की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

# किशनगंज में स्मैक, अवैध लॉटरी और बालू खनन पर जनप्रतिनिधियों ने जताई चिंता

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



जिले में बढ़ती आपराधिक एवं सामाजिक समस्याओं को लेकर विधायक मो. कमरुल होदा के साथ सांसद मोहम्मद जावेद आजाद ने पुलिस प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है। जनप्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक को एक लिखित पत्र सौंपकर जिले में फैल रही नशाखोरी, अवैध लॉटरी, अवैध बालू खनन, ओवरलोड वाहनों की अवैध इंट्री तथा खगड़ा मेला में हो रही अनैतिक गतिविधियों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है।

पत्र में उल्लेख किया गया है कि किशनगंज की युवा पीढ़ी तेजी से सूखा नशा (स्मैक) जैसे घातक नशे की गिरफ्त में आ रही है, जिससे समाज का भविष्य प्रभावित हो रहा है। जनप्रतिनिधियों ने नशा तस्करों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर इस पर प्रभावी रोक लगाने की आवश्यकता बताई है।

उन्होंने यह भी बताया कि जिले में अवैध लॉटरी की छपाई और बिक्री लगातार जारी है। लॉटरी के लालच में फंसकर आम जनता आर्थिक रूप से बर्बाद हो रही है, जिससे सामाजिक असंतोष भी बढ़ रहा है।

पत्र में वाहनों की अवैध इंट्री और ओवरलोडिंग को भी एक गंभीर समस्या बताया गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की पक्की सड़कें जर्जर हो रही हैं। कई मामलों में इंट्री से बचने के प्रयास में तेज रफ्तार वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने से लोगों की जान तक चली गई है।

जनप्रतिनिधियों ने जिले में बिना वैध बंदोबस्ती के हो रहे अवैध बालू खनन पर भी चिंता जताई है। कई नदी घाटों पर खुलेआम बालू निकासी की जा रही है, जिससे नदी कटाव की समस्या गंभीर होती जा रही है।

इसके अलावा ऐतिहासिक खगड़ा मेला में जुआ, शराबनशी और अश्लील गतिविधियों को लेकर भी पत्र में आपत्ति दर्ज कराई गई है। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि इससे समाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। विधायक मो. कमरुल होदा और सांसद मोहम्मद जावेद आजाद ने पुलिस अधीक्षक से सभी बिंदुओं पर शीघ्र जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

# पोठिया में महिलाओं की सुरक्षा व अधिकारों को लेकर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



पौठिया में राहत संस्था एवं MASH Agro Foods Ltd के संयुक्त तत्वावधान में एकदिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध तथा अंतरिम शिकायत समिति की भूमिका के बारे में जानकारी देना था।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉ. फरजाना बेगम ने महिलाओं से जुड़े कानूनों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर सुरक्षित वातावरण में कार्य करना हर महिला का मौलिक अधिकार है। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की असुविधा या उत्पीड़न की स्थिति में महिलाएं बिना भय के अंतरिम शिकायत समिति के समक्ष अपनी शिकायत रख सकती हैं। साथ ही उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों की पहचान करने और ईमानदारी से कार्य करने का संदेश दिया।

इस अवसर पर अगममीर अब्दुल खालिक ने कहा कि संस्था का उद्देश्य सभी कर्मचारियों को सुरक्षित और सम्मानजनक कार्य वातावरण प्रदान करना है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यदि किसी को भी किसी प्रकार की परेशानी होती है तो संस्था पूरी तरह उनके साथ खड़ी रहेगी और उन्हें न्याय दिलाने का प्रयास करेगी। वहीं डॉ. आशिक बोड्र्स ने कहा कि कार्यस्थल पर सभी को कानून की जानकारी होनी चाहिए और उसका पालन करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि गठित अंतरिम शिकायत निवारण समिति प्रभावी है और इसमें सभी को समान रूप से न्याय मिलेगा।

कार्यशाला में सैकड़ों महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और गरिमा की रक्षा की शपथ ली तथा यह संकल्प लिया कि वे न तो किसी प्रकार की हिंसा करेंगे और न ही हिंसा सहेंगे। यदि किसी के साथ अन्याय होता है तो वे उसके विरोध में खड़े होंगे और उसे न्याय दिलाने में सहयोग करेंगे।

कार्यक्रम में राहत संस्था की कर्मी यासमीन परवीन एवं बाबी नाच की भी सक्रिय उपस्थिति रही।

# आईसीडीएस योजनाओं की समीक्षा, प्रगति में तेजी लाने के निर्देश

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

16 जनवरी। जिलाधिकारी विशाल राज की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय वेश्म में आईसीडीएस (समेकित बाल विकास सेवाएं) की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आईसीडीएस अंतर्गत



संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अंतर्गत जनवरी 2026 तक शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश सभी सीडीपीओ को दिया। साथ ही प्रत्येक सीडीपीओ को प्रतिमाह कम से कम दो अति कुपोषित बच्चों को एनआरसी (पोषण पुनर्वास केंद्र) भेजने का निर्देश दिया गया।

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने बताया कि मनरेगा एवं आईसीडीएस के अभिसरण से 55 आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्य प्रस्तावित है, जिनमें से 16 केंद्रों पर कार्य प्रारंभ हो चुका है। शेष 39 केंद्रों पर भूमि विवाद अथवा भूमि की अनुपयुक्तता के कारण कार्य शुरू नहीं हो सका है। इस पर जिलाधिकारी ने अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर शीघ्र भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

बैठक में सभी सीडीपीओ को अपनी चल-अचल संपत्ति का विवरण दो दिनों के भीतर समर्पित करने का निर्देश दिया गया। वहीं विद्युत विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने हेतु संबंधित केंद्रों की सूची विद्युत विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया गया।

बैठक में यह जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के क्रियान्वयन में किशनगंज जिला राज्य स्तर पर प्रथम स्थान पर है। वहीं एफआरएस रैंकिंग में जिला 29 दिसंबर 2025 को पांचवें स्थान पर था, जो 16 जनवरी 2026 को 11वें स्थान पर पहुंच गया है। इस पर जिला पदाधिकारी ने रैंकिंग सुधारने हेतु प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए।

# पैक्स को सीसी नहीं मिलने व सीएमआर नहीं निकलने से धान खरीद प्रभावित

**वीरेंद्र चौहान समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**



किशनगंज जिले में सरकार द्वारा किसानों को उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से पैक्स के माध्यम से धान अधिप्राप्ति की व्यवस्था की गई है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका अपेक्षित लाभ किसानों को नहीं मिल पा रहा है। स्थिति यह है कि किसान ऑनलाइन आवेदन करने के बावजूद पैक्स के माध्यम से धान नहीं बेच पा रहे हैं और मजबूरन बिचौलियों के हाथों कम दाम पर धान बेचने को विवश हैं।

कोचाधामन प्रखंड अंतर्गत नजरपुर पैक्स अध्यक्ष रयान अंजुम ने बताया कि इस वर्ष धान अधिप्राप्ति में भारी गिरावट आई है। पैक्स किसानों को अधिक लाभ दिलाना चाहता है, लेकिन सरकार द्वारा समय पर सीसी (कैश क्रेडिट) उपलब्ध नहीं कराए जाने से परेशानी उत्पन्न हो रही है। कभी सीसी दी जाती है तो कभी रोक दी जाती है, जिससे खरीद प्रक्रिया बाधित हो रही है। इसके अलावा सीएमआर (कस्टम मिल्ड राइस) का उठाव नहीं होने के कारण भी धान अधिप्राप्ति प्रभावित है।

उन्होंने बताया कि इसी कारण कोचाधामन प्रखंड के सभी पैक्स अध्यक्ष किसानों के हित में प्रयासरत होने के बावजूद 20 दिसंबर के बाद से एक भी लॉट की खरीदारी नहीं कर सके हैं। अब तक एक भी लॉट सीएमआर नहीं गिर पाया है। सीसी नहीं मिलने के कारण किसानों को बिचौलियों के पास धान बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

वहीं अलता कमलपुर पैक्स अध्यक्ष ने बताया कि इस वर्ष पहले की तरह धान खरीद संभव नहीं हो पा रही है। अब तक केवल 5 से 6 लॉट की ही खरीद हो सकी है। एफएक्यू ग्रेड का चावल उपलब्ध नहीं होने के कारण सीएमआर नहीं गिर पाया है, जबकि हर वर्ष इस समय तक 6 से 7 लॉट का सीएमआर जमा कर दिया जाता था। उन्होंने कहा कि इस बार लक्ष्य भी कम निर्धारित किया गया है और सीसी की उपलब्धता नहीं होने से कार्य प्रभावित हो रहा है। सरकार को सभी आवश्यक संसाधन समय पर उपलब्ध कराने चाहिए।

हिम्मतनगर पैक्स अध्यक्ष ने बताया कि पैक्स 24 घंटे किसानों के साथ जुड़कर उन्हें अधिक लाभ दिलाने का प्रयास करता है। धान की खरीद की गई है, लेकिन समय पर सीसी नहीं मिलने के कारण किसानों को भुगतान नहीं हो रहा है। जितनी खरीद हुई है, उतना भी सरकार को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

हिम्मतनगर पैक्स अध्यक्ष महजूब आलम ने सरकार से मांग की है कि समय पर सीसी उपलब्ध कराई जाए, सीएमआर का उठाव सुनिश्चित किया जाए और अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएं, ताकि धान अधिप्राप्ति सुचारू रूप से हो सके और किसानों को उनका वाजिब हक मिल सके।

# पटना में राम लखन सिंह यादव की 20वीं पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के अनीसाबाद स्थित आर.एल.एस.वाई. कॉलेज परिसर में शुक्रवार को कॉलेज के संस्थापक, महान स्वतंत्रता सेनानी व पूर्व केंद्रीय मंत्री शेर-ए-बिहार राम लखन सिंह यादव की 20वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में शोकसभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुरेंद्र प्रसाद ने की।

शोकसभा के दौरान उपस्थित शिक्षकों और कर्मचारियों ने स्वर्गीय राम लखन सिंह यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने उनके जीवन, संघर्ष और शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद किया। प्राचार्य प्रो. सुरेंद्र प्रसाद ने कहा कि राम लखन बाबू भले ही आज हमारे बीच शारीरिक रूप से मौजूद नहीं हैं, लेकिन उनके विचार और कार्य आज भी समाज को दिशा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का उनका सपना आज भी प्रेरणास्त्रोत है। डॉ. प्रो. महेंद्र सिंह ने कहा कि बिहार के शैक्षणिक क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने में राम लखन सिंह यादव की अहम भूमिका रही। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के कमजोर वर्गों तक शिक्षा पहुंचाने के लिए समर्पित कर दिया।

कार्यक्रम में प्रो. शंकर प्रसाद सिंह, प्रो. अशोक सिंह, प्रो. अनिल कुमार, प्रो. रामबीनेश्वर सिंह, प्रो. वीरेन्द्र प्रसाद यादव, प्रो. परिहार, प्रो. राय श्रीपाल सिंह, प्रो. घनश्याम चौधरी, प्रो. रामजीवन यादव, प्रो. प्रसिद्ध कुमार, प्रो. मनीष भारती, प्रो. बीडी यादव, प्रो. अशोक यादव, रामजी राय, रविन्द्र कुमार सहित कॉलेज के कई शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राम लखन सिंह यादव के आदर्शों को आत्मसात करने के संकल्प के साथ किया गया।

# मकर संक्रांति पर रेड क्रॉस ने सैकड़ों जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

मकर संक्रांति के अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा सैकड़ों बेसहारा, वृद्ध एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। गुरुवार को तेघरिया स्थित गायत्री शक्तिपीठ के प्रांगण में रेड क्रॉस के चेयरमैन डॉ. इच्छित भारत के नेतृत्व में यह कंबल वितरण अभियान चलाया गया।

कड़ाके की ठंड को देखते हुए रेड क्रॉस की ओर से चिन्हित किए गए निर्धन,




असहाय एवं वृद्ध लोगों को कंबल वितरित किए गए, जिससे उन्हें ठंड से राहत मिली। इस अवसर पर चेयरमैन डॉ. इच्छित भारत ने कहा कि भीषण ठंड में जरूरतमंदों की सहायता करना एक मानवीय कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण असहाय न रहे, इसके लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

उन्होंने कहा कि ऐसे सामाजिक एवं सेवा कार्य समाज में आपसी सहयोग, करुणा और सद्भावना को मजबूत करते हैं। इन आयोजनों से न केवल जरूरतमंदों को राहत मिलती है, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा का भी संचार होता है।

रेड क्रॉस के सचिव मिक्की साहा ने बताया कि संस्था द्वारा यह अभियान आगे भी जारी रखा जाएगा। अलग-अलग स्थानों पर जाकर वृद्धों एवं असहाय लोगों तक पहुंचकर उन्हें कंबल देने का संकल्प रेड क्रॉस ने लिया है।

इस अवसर पर सौरभ कुमार, सुमित साहा, सुदामा राय, प्रवीर प्रसुन्न, हेमंत चौधरी, गगन साहा, परमानंद यादव, सोहन मंडल, पंचानंद सिंह सहित रेड क्रॉस के सदस्य एवं कई सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# पटना में अपराधियों ने मारी एक युवक को गोली, हालत गम्भीर

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के मसौढ़ी थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर रात आपसी रंजिश के दौरान अपराधियों ने एक युवक को गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का इलाज दानापुर स्थित एक निजी अस्पताल में चल रहा है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और अपराधियों की तलाश तेज कर दी गई है। जानकारी के अनुसार यह वारदात मसौढ़ी थाना क्षेत्र के शाहबाद इलाके में हुई। रात के समय अचानक गोली चलने की आवाज सुनकर इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोग जब अपने घरों से बाहर निकले तो उन्होंने सड़क पर एक युवक को खून से लथपथ हालत में पड़ा देखा। घायल युवक की पहचान 22 वर्षीय ऋतिक कुमार के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत इलाज के लिए पटना के दानापुर स्थित हाईटेक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम उसका इलाज कर रही है चिकित्सकों के अनुसार गोली शरीर के अंदर फंसी हुई है और उसकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही मसौढ़ी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके को घेर लिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ शुरू की। शुरूआती जांच में पुलिस ने मौके से एक गोली का खोखा बरामद किया है। मामले की पुष्टि करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कमल मीणा ने बताया कि गोली लगने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। उन्होंने कहा कि घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत पर पुलिस लगातार नजर बनाए हुए है। पुलिस अधिकारी के अनुसार मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और किसी भी संभावना को नजरअंदाज नहीं किया जा रहा है। पुलिस अपराधियों की पहचान के लिए घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। इसके साथ ही प्रत्यक्षदर्शियों से भी पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आपसी रंजिश या पुरानी दुश्मनी की आशंका नजर आ रही है। हालांकि पुलिस का कहना है कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, किसी नतीजे पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या यह घटना किसी पुराने विवाद का नतीजा है या इसके पीछे कोई अन्य कारण छिपा हुआ है।

# श्री सूर्य राघव महोत्सव का शानदार आगाज सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) शुक्रवार को एक दिवसीय श्री सूर्य राघव महोत्सव बड़ेम का शानदार आगाज श्री सूर्य राघव मंदिर परिसर में कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार सरकार और जिला प्रशासन औरंगाबाद के सौजन्य से आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन नबीनगर के विधायक चेतन आनंद,अपर समाहर्ता जयप्रकाश नारायण,जिला कला एवं सांस्कृतिक पदाधिकारी पप्पू राज,कार्यवाहक प्रमुख लव सिंह, बीडीओ अरुण सिंह न्यास समिति के अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, जिला पार्षद हरि राम सहित अन्य गणमान्य लोगों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजेश कुमार सिंह ने किया ।कार्यक्रम में आगंतुक अतिथियों को स्वागत अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं हरित पौधा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ बिहार गीत से हुआ। कार्यक्रम में स्वागत गान दानिका म्यूजिक संस्थान के छात्राओं ने आप आए है यहां खिल गया हर सुमन स्वागतम्-स्वागतम्...." से किया ।वही सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत संबोधन जिला कला एवं सांस्कृतिक पदाधिकारी पप्पू राज ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन बीडीओ अरुण सिंह ने किया ।कार्यक्रम को आगंतुक पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में आए नबीनगर के विधायक चेतन आनंद ने कहा कि अपनी संस्कृति को बिहार के लोग आज भी संजो के रखें हैं ।उन्होंने कहा कि जो प्यार गांव में आज देखने को मिलता है वो शहरी परिवेश में देखने को नहीं मिलता है ।विधायक ने कहा कि नबीनगर से उनका पारिवारिक रिश्ता है ।श्री सूर्य राघव मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने बताया कि बड़ेम में लगातार चौथी बार महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है ।उन्होंने बताया कि यह मंदिर इकलौता मंदिर है जिसमें भगवान भाष्कर के गोद मे प्रभु श्री राम और माता सीता विराजमान है ।औरंगाबाद जिला का बड़ेम इकलौता ऐसा गांव है जहां सबसे अधिक महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाता है ।वही कार्यक्रम में उद्घाटन सत्र के बाद दानिका संस्थान के छात्राओं द्वारा छठ गीत गाकर सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम में दानिका संस्थान के छात्राओं ने बारहमासा सहित कत्थक नृत्य कर दर्शकों को तालियां बजाने को प्रेरित किया ।वहीं सृष्टि लक्ष्मी, तान्या मउवार, सनोज सागर, अंतरा घोष, जैसे कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत एक से बढ़कर एक भक्ति ,हिंदी ,भोजपुरी गीतों की प्रस्तुति कर दर्शकों की वाह वाही बटोरी। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर बड़ेम थानाध्यक्ष अमरजीत चौधरी दल बल के साथ तैनात रहे ।इस दौरान पीओ नबीनगर, पूर्व मुखिया लाल गोविंद सिंह,पूर्व मुखिया प्रिंस प्रताप सिंह,गुड्डू सिंह ,सुनील बॉस,शिक्षक धनंजय सिंह, मनीष कुमार सिंह, संजीव सिंह, शिक्षक नेता अशोक पांडेय,परवेज आलम, राजा भारत, मराछु कुमार सहित अन्य गणमान्य एवं बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

# पटना के दुल्हिन बाजार में माले ने किया प्रदर्शन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के दुल्हिन बाजार संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर देशव्यापी प्रतिरोध दिवस के तहत दुल्हिन बाजार प्रखंड में भाकपा (माले) के सदस्यों एवं किसानों द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन प्रखण्ड मुख्यालय परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में किसान, मजदूर और संगठन के कार्यकर्ता शामिल हुए।




प्रदर्शनकारियों ने केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए किसानों की लंबित मांगों को अविलंब पूरा करने की मांग की। प्रमुख मांगों में सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर धान की खरीद सुनिश्चित करना, धान खरीद मूल्य में बढ़ोतरी करना, तथा नरेगा एवं मनरेगा योजनाओं को पूरी क्षमता के साथ फिर से बहाल करना शामिल रहा। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले नेता लड्डू वर्मा ने कहा कि सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण किसान आर्थिक संकट से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य की घोषणा के बावजूद जमीनी स्तर पर धान की खरीद नहीं हो रही है, जिससे किसान बिचौलियों के हाथों मजबूर हैं।

# पुलिस एनकाउंटर में घायल अपराधी गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के मनेर थाना क्षेत्र में पुलिस के साथ एनकाउंटर के दौरान स्वर्ण कारोबारी को गोली मारकर लूटने वाला कुख्यात अपराधी घायल हो गया। पुलिस मुठभेड़ में घायल नीतीश को पीएमसीएच में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मौके से पिस्टल, कट्टा और 2 खोखा बरामद किया है। गौरतलब है कि नीतीश ने मनेर में स्वर्ण व्यापारी संजय सोनी की दुकान पर लूटपाट के दौरान गोलीबारी की थी। सीसीटीवी फुटेज में उसकी संलिप्ता के बाद पुलिस उनकी तलाश में थी, गुरुवार को दरवेशपुर में पुलिस मुठभेड़ में वह जख्मी हो गया। मुठभेड़ के दौरान मनेर थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार समेत पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें एक अपराधी के पैर में गोली लग गई और वह घायल हो गया। वहीं, दो अन्य अपराधी मौके से फरार होने में सफल रहे। छह दिन पहले बस्ती रोड स्थित गणपति ज्वेलर्स के मालिक संजय सोनी पर लूट के दौरान गोली चलाने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए गई पुलिस टीम पर बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इसके बाद मनेर थाना क्षेत्र के रतन टोलाझ्र सादिकपुर स्थित गंगा नदी के किनारे पुलिस और अपराधियों के बीच काफी देर तक भीषण मुठभेड़ हुई। ज्ञात हो कि नीतीश ने 9 जनवरी को कारोबारी सोनी से गहने लूटने का प्रयास किया था। सोनी के विरोध पर नीतीश ने उसे गोली मारकर जख्मी कर दिया था। पूरा घटनाक्रम पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गए था। नीतीश के साथ लूट पाट करने में दो अन्य अपराधी भी घटनास्थल पर थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर नीतीश की पहचान कर गुरूवार को उसे मनेर में गिरफ्तार करने पहुंची थी। पुलिस को देखते ही नीतीश ने गोली चला दिया। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए गोलीबारी की जिसमें वह जख्मी हो गया। पुलिस सूत्रों का कहना है कि घटना के बाद नीतीश बार बार अपना लोकेशन बदल रहा था। लेकिन, गुरूवार की रात में पुलिस को उसका लोकेशन मनेर के रतनटोला में मिला था।

# केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और दुग्ध उत्पादन मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह ने इजराइल का दौरा किया

**समाज जागरण**

केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और दुग्ध उत्पादन मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह के नेतृत्व में एक उच्च-स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने 13-15 जनवरी 2026 को इजराइल के ईलात में आयोजित "ब्लू फूड सिक्योरिटी: सी द फ्यूचर 2026" विषय पर दूसरे वैश्विक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इजराइल की सफल आधिकारिक यात्रा संपन्न की। यह यात्रा मत्स्य पालन और जलीय कृषि क्षेत्र में भारत और इजराइल के बीच द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मंत्री महोदय ने शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में भाग लिया, जहां उन्होंने इजराइल के कृषि और खाद्य सुरक्षा मंत्री श्री अवि डिक्टर, क्षेत्रीय सहयोग मंत्री श्री डेविड एमसलेम, वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। इस कार्यक्रम में घाना, जॉर्जिया और अजरबैजान के मंत्रियों सहित कई देशों के प्रतिनिधियों और जॉर्डन, मोरक्को, रोमानिया, फिलीपींस आदि के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

मंत्री महोदय ने खाद्य सुरक्षा और नीली अर्थव्यवस्था पर आयोजित वैश्विक मंत्रिस्तरीय पैनल चर्चा में भी भाग लिया, जहां उन्होंने मत्स्य पालन क्षेत्र में भारत की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और वैश्विक मत्स्य पालन और जलीय कृषि को मजबूत करने में भारत की बढ़ती भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने वैश्विक खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए सतत नीली अर्थव्यवस्था प्रथाओं, नवाचार, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और जिम्मेदार संसाधन प्रबंधन के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया।

इस यात्रा के दौरान मंत्री महोदय ने इजरायल के कृषि मंत्री द्वारा उद्घाटन की गई एग-टेक इनोवेशन प्रदर्शनी का दौरा किया और मत्स्य पालन, जलीय कृषि, ब्लू फूड और समुद्री नवाचार के क्षेत्र में काम कर रहे स्टार्टअप्स के साथ बातचीत की, जिससे सतत क्षेत्रीय विकास को गति देने में प्रौद्योगिकी और नवाचार की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया।

# महोत्सव में छात्राओं ने दिखाया रंगोली और पेंटिंग का हुनर

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के बड़ेम गांव स्थित सूर्य राघव महोत्सव के दौरान श्री सूर्य राघव मंदिर परिसर में छात्राओं ने रंगोली और पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी कलात्मक



प्रतिभा का प्रदर्शन किया और दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया । छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के कलात्मक भावनात्मक और धार्मिक दृष्टिकोण पर आधारित रंगोली बनाकर जनजागरूकता का संदेश दिया ।वहीं पेंटिंग प्रतियोगिता में भी छात्राओं ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया ।इस दौरान नबीनगर विधान सभा क्षेत्र के विधायक चेतन आनंद ने छात्राओं के प्रतिभा को खूब सराहा वहीं प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया साथ ही सभी छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

# पथ निर्माण कार्य मे ग्रामीणों की शिकायत मिलने पर सांसद ने उपायुक्त को दिया जाँच के आदेश , कार्वाई की माँग

**भुनेश्वर कुमार महातो, संवाददाता – समाज जागरण**



बेरमो / ऊपरघाट : बोकारो जिले के नावाडीह प्रखण्ड क्षेत्र में हो रहे पथ निर्माण पर ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं। इस मामले को ग्रामीणों द्वारा गिरिडीह सांसद से पथ की जांच की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। साथ ही ग्रामीणों ने सांसद को शिकायती पत्र भी सौंपा है। ग्रामीणों की लिखित आवेदन शिकायत मिलने पर स्थानिय गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने संज्ञान मे लिया और बोकारो उपायुक्त को दिया जाँच के आदेश एवं कानूनी कार्रवाई की माँग किया है। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने बताया कि नावाडीह प्रखण्ड में कई कार्य हो रही है। उन्होंने सभी कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए स्पष्ट किया कि जनता के पैसे की लूट किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही जांच रिपोर्ट आते ही उचित कार्रवाई की जाएगी। सांसद ने ग्रामीणों से अपील की है कि जब तक मानक के अनुरूप काम न हो, तब तक वे निर्माण आगे न बढ़ने दें। सांसद ने यह भी कहा कि गुणवत्ता सुनिश्चित करना न केवल विभाग की जिम्मेदारी है, बल्कि जनता के पैसे का सही उपयोग करना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। सांसद ने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में केवल टिकाऊ और मजबूत सड़कें ही बनाई जाएंगी। वही सांसद प्रतिनिधि सोनु चौधरी ने सबसे बड़ी शिकायत यह थी कि ढलाई के समय विभाग का कोई भी इंजीनियर कार्यस्थल पर मौजूद नहीं रहता, जिससे संवेदक मनमाने तरीके से काम कर रहा है। उन्होंने संवेदकों को हिदायत देते यह भी कहा कि सांसद किसी भी निर्माण कार्य में लापरवाही और घटिया सामग्री के उपयोग को बर्दाश्त नहीं करेंगे । उन्होंने उपायुक्त महोदय को आग्रह किया कि ऐसी परियोजनाओं पर सख्त निगरानी रखें और किसी भी कार्य में अनियमितता पाए जाने पर त्वरित कार्रवाई करें। जिससे किसी भी कार्य का गुणवत्ता का ख्याल रखा जा सके।

# झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, कुकड़ू में विशेष अभिभावक-शिक्षक बैठक सम्पन्न

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**



ईचागढ़ : झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, कुकड़ू में विशेष अभिभावक शिक्षक बैठक (SPTM) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं शाल देकर किया गया। बैठक में छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, उपस्थिति, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तथा भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद् उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, कुकड़ू प्रखंड की प्रमुख प्रतिमा वाला सिंह पातर, झारखंड आंदोलनकारी सह समाजसेवी सुनील महतो तथा वॉर्डन सह शिक्षिका पूजा होता उपस्थित थे। अतिथियों ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था व छात्राओं के अनुशासन की सराहना की और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विभिन्न कार्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सर्टिफिकेट एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं छात्राओं की निरंतर प्रगति में सहयोग देने वाले सभी अभिभावकों को भी शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया, जिससे कार्यक्रम स्थल पर प्रसन्नता का माहौल रहा।

विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि अभिभावक-शिक्षक संवाद से छात्राओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलता है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

# परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में अभिभावक शिक्षक सम्मलेन।

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़ ।प्रखंड के रमुआ स्थित परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में शुक्रवार को अभिभावक शिक्षक सम्मलेन का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि मुख्य रूप से उपस्थित थे ।कार्यक्रम की



अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संजय कुमार और संचालन विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुनील कुमार के द्वारा किया गया ।विद्यालय प्रशासन द्वारा आयोजित समारोह में शैक्षणिक सत्र उत्कृष्ट विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया ।पुरस्कृत होने वाली छात्राओं में परी कुमारी,लक्ष्मी कुमारी, चाहत कुमारी,शिवानी कुमारी,अंतरा कुमारी,प्रियंका कुमारी ,काजल कुमारी,विशाखा मिश्रा,ज्योति कुमारी,अंशु कुमारी,रानी कुमारी,साक्षी कुमारी,लाडली कुमारी,दीपशिखा कुमारी,शिवानी कुमारी शामिल थी ।मौके पर विद्यालय के शिक्षक समेत विद्यालय की छात्राएं उपस्थित थीं।

# चौका आदारडीह में दो दिवसीय टुसू मेला का आयोजन, चुमकी रानी ने जमाया रंग

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**



ईचागढ़ : कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के चौका आदारडीह गांव में मकर पर्व के अवसर पर दो दिवसीय टुसू मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक साव ने फीता काटकर किया ।मेले के अंतिम दिन बंगला एल्बम की मशहूर गायिका चुमकी रानी ने अपने लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनके साथ आई झूमर टीम ने एक से बढ़कर एक गीत और नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को पूरी तरह उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान हजारों की संख्या में मौजूद दर्शकों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का जमकर आनंद उठाया ।हालांकि इस वर्ष मेले में टुसू की संख्या अपेक्षाकृत कम देखने को मिली। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अशोक साव ने कहा कि टुसू मेला हमारी पारंपरिक संस्कृति का अहम हिस्सा है, जिसे सहेजकर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि संस्कृति ही हमारी पहचान है और इसे आगे की पीढ़ी तक पहुंचाना जरूरी है ।मेले में ग्राम प्रधान रघुबर कुमार, अभिराम बनर्जी, कालोबरन सिंह मुंडा, पंचायत समिति सदस्य मंगल सिंह मुंडा, डॉ. दिलीप कुमार, रमेश गोप, गणेश महतो, राहिन महतो सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व दर्शक उपस्थित हुए।

# शिक्षा निकेतन हाई स्कूल में व्यापार मेला का हुआ आयोजन- मधुप मनोहर।

**मिंटू कुमार समाज जागरण**



हजारीबाग। शिक्षा निकेतन उच्च विद्यालय कोर्रा में आज व्यापार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें अनेकों विद्यार्थियों ने जायकेदार और स्वादिष्ट पकवान बनाकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया और व्यापार मेला को सजाया। कक्षा 4 के आदित्य कुमार अंकुश कुमार अंशु कुमार ने पानी पूरी कक्षा 5 की अनीता ,गुनगुन और हिना ने दही पापड़ी चाट,आर्यन कुमार ,पायल कुमारी, आयुष कुमार ने कटोरी चाट, मैगी कटलेट ,कक्षा 6 की तनु प्रिया ने इडली चटनी कक्षा 7की खुशी गुप्ता और अर्चना रानी ने चाय पकौड़ा कक्षा 8 के अर्जुन ने पानी पूरी,शालिनी और तमन्ना ने पकोड़े ,कॉफी कक्षा 9 की पलक महिमा और श्रेया ने मंचूरियन आफरीन ,आलिया ,शिफा ने झालमुरी,संदीप और विलास ने ब्रेड पकोड़ा, निशु और शगुन ने गरमा गरम कचोरी और सब्जियों से सबको लुभाया ।कक्षा 10 के आयुष राव सबसे अधिक व्यापार करने वाले विद्यार्थी बने , जिसे विद्यालय के प्रधानाचार्य मधुप मनोहर के द्वारा बेस्ट सेलर अवार्ड से नवाजा गया ।विद्यालय में प्रायः विभिन्न प्रकार की गतिविधियां कराई जाती है, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास किया जा सके ।इस आयोजन को सफल बनाने में सभी शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा ।सभी शिक्षक गण और विद्यार्थियों ने इस व्यापार मेले का खूब लुफ्त उठाया।

# बंदोबस्ती जमीन को बलपूर्वक कब्जाने की कोशिश:कवल

**समाज जागरण दीपक सरकार**

छत्तरपुर प्रखंड क्षेत्र के पंचायत कवल के ग्राम कवल मे सर्वे खतीयानअनुसार खाता 65प्लॉट 152 रकवा 103.75भूमि गारमंजूरआ मालिकाना है जो जंगल झड़ी के रुपए मे दर्ज है। मौजा पंजी दो के अनुसार रैयत तिलेशरी देवी पति रामलखन यादव, उमेश कुमार यादव पिता रामलखन यादव, दिलीप कुमार यादव पिता रामलखन यादव, रिकेश कुमार यादव पिता रामलखन यादव,को कुल 9.98एकड़ भूमि बंदोबस्त की गई है, इनलोगो के द्वारा



1987से लगातार जोत कोड कर खेती की जा रही है ।और 2003मे अंचलाधिकारी के जांच उपरांत इनलोगो के नाम से बंदोबस्त जमीन की कर दी गई है ।लेकिन कुछ असमाजिक व्यक्तिओ के बहकावे मे आकर 9 जनवरी 2026को अचानक हरी भुईया, संतोष भुईया, अशोक भुईया श्यामा भुईया, प्रशाद भुईया, ग्नोरी भुईया सुखड़ी भुईया सुखदेव भुईया नन्हू राम श्रावण राम अकलेश भुईया प्रदीप भुईया बिफान भुईया सूरज भुईया सुनर भुईया अमारिक भुईया संजय राम बसंत भुईया के द्वारा उक्त जमीन पर इस वर्ष खेती नहीं होने के कारण झोपडी लगाकर मालिकाना हक दिखाई जा रही है,इनलोगो के द्वारा न्यालय मे भी अपिल की गई थी जिसमे 2007मे जांच के लिए आदेश छत्तरपुर अंचलाधिकारी को सौपा गया था, जांचउपरांत रिपोर्ट 2009मे अंचलाधिकारी द्वार न्यालय को रिपोर्ट भेज दी गई है, जिसमे रिपोर्ट के अनुसार उस भूमि पर कोई दखल कबजा नहीं दर्शाई गई,रैयत तिलेशरी देवी पति रामलखन यादव, उमेश कुमार यादव पिता रामलखन यादव, दिलीप कुमार यादव पिता रामलखन यादव, रिकेश कुमार यादव पिता रामलखन यादव,को कुल 9.98एकड़ भूमि बंदोबस्त की गई है, इसके बाद इन्होने अपनी जोत कोड कर खेती करने लगे और जमीन का रसीद भी रैयत कटवा रहे है

# अजय आर्ट फ्लेक्स प्रिंटिंग का सातवां ब्रांच मेहता कॉम्पलेस मे उद्घाटन : लक्ष्मीनागर छत्तरपुर

**समाज जागरण दीपक सरकार**




पलामूः छत्तरपुर नगर क्षेत्र अंतर्गत सरैडीह रोड स्थित लक्ष्मीनागर मेहता कॉम्पलेस मे अजय आर्ट फ्लेक्स प्रिंट का आज सातवां ब्रांच का उद्घाटन बिहार राज्य के राजद प्रदेश महासचिव सह औरंगाबाद जिला के जिला परिषद उपाध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह के द्वारा किया गया ।साथ ही अजय आर्ट को आर्ट कला एवं डिजिटल फ्लेक्स प्रिंटिंग के क्षेत्र मे इसी तरह आगे भी बढेने की सुभकामनाए दी।

फ्लेक्स प्रिंट के प्रॉपराइटर अजय आर्ट ने बताया की इससे पहले हमने छः ब्रांच औरंगाबाद, इमामगंज, जपला, उटारी, अम्बा,सासाराम,मे हमने खोल रखा है और बहुत अच्छी रिस्पॉन्स भी व्यक्तियों के द्वारा मिला रही, हमारी फ्लेक्स प्रिंट की गुणवता भी ग्राहकों को अच्छी दी जाती है, यही उम्मीद और हौसला के साथ आज हमने छत्तरपुर मे भी सातवे फ्लेक्स प्रिंटिंग का ब्रांच ओपनिंग की, जिससे नगर क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रो के सामाजिक, राजनीतीक एवं किसी भी प्रकार के पोस्टर बैलेट फ्लेक्स प्रिंट के लिए सरैडीह रोड लक्ष्मीनागर मेहता कॉम्पलेस कुमार इलेक्ट्रोनिक एवं संजय आर्ट के बगल मे स्थित है। मौके पर उपस्थित राजद प्रदेश महासचिव सह औरंगाबाद जिला परिषद उपाध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह, प्रमोद मेहता,श्री राम टेंट डोमन प्रजापति संजय आर्ट,पवन कुमार क्रांति डीजे एवं सैकड़ो के सख्या आर्ट कला से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

# केंद्र ने मिजोरम में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए 15वें वित्त आयोग के अनुदान जारी किए

केंद्र सरकार ने पंद्रहवें वित्त आयोग (एकसवी-एफसी) के अनुदानों के तहत मिजोरम के ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए 15.20 करोड़ रुपये जारी किए हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान जारी की गई यह राशि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अप्रतिबंधित अनुदानों की दूसरी किस्त है। इस धनराशि से राज्य की सभी 808 पात्र ग्राम परिषदों को लाभ मिलेगा।

पंचायती राज मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय (पेयजल एवं स्वच्छता विभाग) के जरिए भारत सरकार ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए राज्यों को पंद्रहवें वित्त वर्ष के अनुदान जारी करने की अनुशंसा करती है, जिसे वित्त मंत्रालय जारी करता है। आवंटित अनुदान अनुशंसित किए जाते हैं और एक वित्तीय वर्ष में दो किस्तों में जारी किए जाते हैं। अप्रतिबंधित अनुदानों का उपयोग ग्रामीण स्थानीय निकाय संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची में निहित उनतीस विषयों के अंतर्गत स्थान-विशिष्ट आवश्यकताओं के लिए करते है, इसे वेतन और अन्य स्थापना लागतों पर खर्च नहीं किया जा सकता। बद्ध अनुदानों का उपयोग बुनियादी सेवाओं के लिए किया जा सकता है, जिनमें (क) स्वच्छता और खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) स्थिति का रखरखाव, जिसमें घरेलू अपशिष्ट प्रबंधन एवं उपचार, विशेष रूप से मानव मल एवं मल कीचड़ प्रबंधन शामिल होना चाहिए; और (ख) पेयजल आपूर्ति, वर्षा जल संचयन और जल पुनर्चक्रण शामिल हैं।

# स्टार्टअप इंडिया नए भारत का एक निर्णायक आंदोलन बनकर उभरा है: प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी

**समाज जागरण**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्टार्टअप इंडिया की दस साल की यात्रा को लाखों सपनों और युवा कल्पनाओं से आकारित क्रांति बताते हुए कहा कि यह पहल एक सरकारी योजना से कहीं आगे बढ़कर नए भारत का एक निर्णायक आंदोलन बन गई है। उन्होंने राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के भारत मंडपम में स्टार्टअप संस्थापकों, नवप्रवर्तकों और युवा उद्यमियों को संबोधित करते हुए यह बात कही।

भारत सिर्फ दस वर्षों में विश्व के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम के रूप में उभरा है, उन्होंने कहा कि स्टार्टअप्स की संख्या वर्ष 2014 में 500 से कम से बढ़कर आज दो लाख से अधिक हो गई है, जबकि यूनिकॉर्न की संख्या चार से बढ़कर लगभग 125 हो गई है, जिसमें भारतीय स्टार्टअप्स लगातार आईपीओ लॉन्च कर रहे हैं, रोजगार सृजित कर रहे हैं और वैश्विक ध्यान आकर्षित कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अकेले वर्ष 2025 में लगभग 44 हजार स्टार्टअप पंजीकृत हुए - जो किसी एक वर्ष में सबसे अधिक संख्या है - यह स्टार्टअप इकोसिस्टम की तीव्र गति को दशार्ता है। कृषि, फिनटेक, मोबिलिटी, स्वास्थ्य और सस्टेनेबिलिटी जैसे क्षेत्रों के युवा नवोन्मेषकों के साथ हुई बातचीत को याद करते हुए उन्होंने कहा कि उनके विचार, आत्मविश्वास और महत्वाकांक्षा एक ऐसे नए भारत को दशार्ते हैं जो वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री ने युवाओं से मिलकर संतोष व्यक्त किया और बड़े सपने देखने के उनके साहस की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्टार्टअप इंडिया ने उन्हें नवाचार के लिए खुला आसमान दिया है और आज उपस्थित कई युवा उद्यमी स्वयं भारत की स्टार्टअप सफलता की कहानी में भविष्य के उदाहरण बनेंगे।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज से दस वर्ष पहले प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के समक्ष एक नई विचारधारा प्रस्तुत की थी, जिसमें युवाओं से रोजगार चाहने वालों की जगह रोजगार सृजनकर्ता बनने का आह्वान किया गया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इस परिवर्तन को स्पष्ट रूप से साकार होते देखकर देश को गर्व है।

श्री गोयल ने याद दिलाया कि जब वर्ष 2016 में स्टार्टअप इंडिया पहल शुरू की गई थी, तब देश में लगभग 400 स्टार्टअप ही थे। आज यह आंदोलन काफी व्यापक हो चुका है और उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के साथ दो लाख से अधिक स्टार्टअप पंजीकृत हैं। उन्होंने आगे कहा कि इन स्टार्टअप्स ने देश भर में लगभग 21 लाख रोजगार सृजित किए हैं।

स्टार्टअप इंडिया के व्यापक प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए मंत्री महोदय ने कहा कि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोहों में छात्रों और शिक्षकों से बातचीत के दौरान उन्होंने युवाओं में एक नए आत्मविश्वास को देखा है। उन्होंने कहा कि कई कैंपस "मिनी शार्क टैंक" में तब्दील हो गए हैं, जहां छात्र अपने विचारों को यथार्थ में बदलने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि यह बदलाव प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और निरंतर प्रोत्साहन के कारण संभव हो पाया है।

श्री गोयल ने आईआईटी मद्रास के नवाचार केंद्र में स्टार्टअप्स के साथ काम करने के अपने अनुभव को स-झा करते हुए कहा कि वे छात्रों के उत्साह, रचनात्मकता और समस्या-समाधान क्षमताओं से बेहद प्रभावित हुए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनकी प्रतिभा और कौशल वैश्विक चुनौतियों का सामना करने और विश्व मंच पर नवाचार का प्रदर्शन करने की भारत की क्षमता को दशार्ते हैं।

मंत्री महोदय ने बताया कि भारतीय स्टार्टअप वर्तमान में डीप टेक, आर्-टीफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, क्वांटम कंप्यूटिंग, एग्री-टेक, स्पेस टेक, ड्रोन टेक्नोलॉजी, एयरोस्पेस और रॉकेट टेक्नोलॉजी सहित 50 से अधिक क्षेत्रों में सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था के सभी आवश्यक और उच्च प्रभाव वाले क्षेत्रों में स्टार्टअप फल-फूल रहे हैं। श्री गोयल ने याद दिलाया कि स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए सरकार ने वर्ष 2016 में 10 हजार करोड़ रुपये का फंड ऑफ फंड्स गठित किया था ताकि स्टार्टअप्स को प्रारंभिक पूंजी उपलब्ध कराई जा सके और उन्हें सोच-समझकर जोखिम उठाने में सक्षम बनाया जा सके। पहली किश्त के सफल उपयोग के बाद, पिछले केंद्रीय बजट में 10 हजार करोड़ रुपये की दूसरी किश्त स्वीकृत की गई थी। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य इस फंड का एक बड़ा हिस्सा डीप टेक और हाई-टेक क्षेत्रों में लगाना है ताकि युवा उद्यमिता को और अधिक प्रोत्साहन मिल सके।

मंत्री महोदय ने आगे बताया कि प्रधानमंत्री ने अनुसंधान, विकास और नवाचार के लिए 1 लाख करोड़ रुपये के कोष की घोषणा की है, जो शोधकताओं, वैज्ञानिकों और स्टार्टअप्स को वैश्विक मानकों के अनुरूप गहन प्रौद्योगिकी में उन्नत अनुसंधान करने में सहायता करेगा। श्री गोयल ने बताया कि स्टार्टअप अब देश के हर कोने में मौजूद हैं, जिनमें से लगभग 50 प्रतिशत द्वितीय और तृतीय श्रेणी के शहरों से शुरू हुए हैं, जो यह दशार्ता है कि स्टार्टअप क्रांति वास्तव में एक भारतीय आंदोलन बन गई है। उन्होंने पूर्वोत्तर क्षेत्र को एक प्रमुख उदाहरण के रूप में उद्धृत करते हुए सिक्किम में स्टार्टअप्स के सराहनीय कार्य और असम में चाय उत्पादकों और युवाओं के बीच आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए किए जा रहे सहयोग का उल्लेख किया। दक्षिण भारत में आंध्र प्रदेश देश की ड्रोन राजधानी के रूप में उभर रहा है, जबकि कर्नाटक और तमिलनाडु डीप टेक और एआई स्टार्टअप्स के केंद्र बन गए हैं।

श्री गोयल ने कहा कि विश्व भारत को लेकर बेहद आशावादी है और विदेशी प्रतिनिधिमंडलों और मुक्त व्यापार समझौते की वाताओं के दौरान कई देशों ने भारत के साथ स्टार्टअप संबंध स्थापित करने में गहरी रुचि दिखाई है। उन्होंने अनुमान लगाया कि लगभग 100 देश अंतर-स्टार्टअप समन्वय मंचों के माध्यम से भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम के साथ सहयोग करने के इच्छुक हैं।

मंत्री महोदय ने अपने संबोधन का समापन इस विश्वास के साथ किया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बोया गया स्टार्टअप इंडिया का बीज फलता-फूलता रहेगा और 140 करोड़ भारतीयों द्वारा साझा किए गए 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत ने स्टार्टअप इंडिया पहल के एक दशक पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने देश में एक सशक्त, समावेशी और नवाचार-आधारित उद्यमशीलता इकोसिस्टम के निर्माण के लिए किए गए निरंतर नीतिगत प्रयासों के दस वर्षों का जश्न मनाया। आज राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के आयोजन और राज्यों की स्टार्टअप रैंकिंग और राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कारों के 5वें संस्करण के परिणाम घोषणा समारोह के साथ यह उत्सव अपने चरम पर है। इस समारोह में स्टार्टअप इकोसिस्टम के सभी प्रमुख हितधारक एक साथ आए हैं।

# पीयूष गोयल ने कहा - प्रौद्योगिकी-आधारित स्टार्टअप पर्यटन और कौशल विकास में व्यापक बदलाव ला सकते हैं

**समाज जागरण**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में स्टार्टअप पे चर्चा संवाद को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नए और उभरते भारत में सबसे स्पष्ट बदलाव देश के युवाओं में बढ़ता आत्मविश्वास है। उन्होंने कहा कि आज के युवा जोखिम उठाने, उद्यमशीलता अपनाने और नए विचारों पर काम करने को अत्यंत इच्छुक हैं। यह करियर विकल्पों को लेकर पहले जो झिझक थी उसमें उल्लेखनीय परिवर्तन का संकेत है। श्री गोयल ने कहा कि यह आत्मविश्वास नवाचार और भविष्योन्मुखी विकास के प्रति भारत की मानसिकता में मूलभूत बदलाव को दशार्ता है।

श्री गोयल ने संवाद के दौरान, कई व्यवसायिक संस्थापकों और सफल उद्यमियों से बातचीत की। उच्च विकास क्षमता वाले क्षेत्रों के सवाल पर श्री गोयल ने पर्यटन और कौशल विकास को चिन्हित किया। उन्होंने कहा कि ये क्षेत्र राष्ट्रीय आवश्यकताओं और उद्यमशीलता दोनों में महत्वपूर्ण अवसर प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने बड़ी आबादी विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचने में इन क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी को समेकित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कंप्यूटिंग और साइबर सुरक्षा जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए देश में कार्यबल तैयार करने हेतु प्रशिक्षण, पुनः प्रशिक्षण और दोबारा कौशल विकास के महत्व पर बल दिया।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने मुक्त व्यापार समझौतों-एफटीए के बारे में कहा कि दुनिया की विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ भारत के हाल के समझौते स्टार्टअप और उद्यमियों को महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि इन समझौतों से निवेशकों में निश्चितता और विश्वास उत्पन्न होगा साथ ही भारतीय वस्तुओं और सेवाओं के लिए नए बाजार खुलेंगे। उन्होंने स्टार्टअप्स को निवेश आकर्षित करने और वैश्विक विस्तार के लिए विदेशों के साथ स्टार्टअप-टू-स्टार्टअप सहयोग और साझेदारी तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री गोयल ने सेवा, गतिशीलता, भुगतान, संवहनीयता, नवीकरणीय ऊर्जा और उन्नत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अवसरों की चर्चा की।

डीप-टेक इनोवेशन (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग, जैव प्रौद्योगिकी, रोबोटिक्स और एडवांस्ड मैटेरियल्स इत्यादि) पर श्री गोयल ने पूरे देश में हो रही प्रगति पर संतोष और आशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हाल की नीतिगत चचाओं में डीप-टेक विकास पर अधिक ध्यान केंद्रित हुआ है और सरकार द्वारा घोषित 10 हजार करोड़ रुपये के दूसरे स्टार्टअप फंड ऑफ फंड्स से डीप-टेक स्टार्टअप्स, विशेष रूप से इनके विकास के शुरूआती और महत्वपूर्ण चरणों में काफी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि देशभर के इनक्यूबेटरों (स्टार्टअप्स के लिए ऐसा केंद्र जो शुरूआती चरण के व्यवसायों को ऑफिस स्पेस, मार्गदर्शन, वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करता है) और शैक्षणिक संस्थानों के साथ उनकी बातचीत से इस क्षेत्र में अच्छी प्रगति दिखी है।

श्री गोयल ने हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों से संबंधित मुद्दों पर कारीगरों को डिजिटल और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पहुंच प्रदान करने के लिए माल प्रबंधन में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल की चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम)- माल को पटल पर लाने, प्रक्रिया डिजिटलीकरण और बाजार पहुंच सुगम बनाकर तथा ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स के साथ समेकन सहित, सहयोग के लिए तत्पर है।

भारत के अंतरिक्ष स्टार्टअप परितंत्र का उल्लेख करते हुए श्री गोयल ने कहा कि अभी इस क्षेत्र में 350 से अधिक स्टार्टअप संचालित हैं, जिनके मूल में डीप-टेक नवोन्मेष है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र दो अरब डॉलर से अधिक का बन चुका है और सरकार का आगामी वर्षों में कई यूनिकॉर्न कंपनियों (एक अरब डॉलर से अधिक कारोबार वाली कंपनियां) के उदय को बढ़ावा देने का लक्ष्य है। संवाद में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग सचिव श्री अमरदीप सिंह भाटिया, विभाग के संयुक्त सचिव श्री संजीव, भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी बोट के सह-संस्थापक और मुख्य विपणन अधिकारी श्री अमन गुप्ता, ओयो रूम्स के संस्थापक और समूह मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री रितेश अग्रवाल और स्किनकेयर और हेयरकेयर कंपनी मिनिमलिस्ट के सह-संस्थापक श्री मोहित यादव मौजूद रहे।

# भारत-जर्मनी समझौते से दूरसंचार और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी में नवाचार को बढ़ावा

जर्मनी के चांसलर श्री फ्रेडरिक मर्ज.की 12-13 जनवरी 2026 को भारत की आधिकारिक यात्रा के दौरान भारत और जर्मनी ने दूरसंचार सहयोग पर एक संयुक्त आशय घोषणा पत्र (जेडीआई) पर हस्ताक्षर किए। इस संयुक्त घोषणा पत्र पर भारत सरकार की ओर से सचिव (दूरसंचार) श्री अमित अग्रवाल और जर्मनी सरकार की ओर से भारत में जर्मन राजदूत डॉ. फिलिप एकरमैन ने हस्ताक्षर किए।

भारत के प्रधानमंत्री और जर्मनी के चांसलर के बीच हुई वाताओं के प्रमुख परिणामों में से एक के रूप में जेडीआई पर हस्ताक्षर किए गए। यह घोषणापत्र भारत सरकार के दूरसंचार विभाग (डीओटी) और जर्मनी की सरकार के डिजिटल परिवर्तन और सरकारी आधुनिकीकरण मंत्रालय (बीएमडीएस) के बीच संपन्न हुआ।

संयुक्त घोषणापत्र दूरसंचार और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के लिए दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जो भारत-जर्मनी संबंधों को बढ़ावा देने और निरंतर उच्च स्तरीय जुड़ाव पर आधारित है।

जेडीआई नियमित परामर्श और उच्च स्तरीय वार्षिक बैठकों के लिए एक ढांचा स्थापित करता है, जिसे समर्पित कार्य समूहों और सरकार, उद्योग, शिक्षा जगत और अनुसंधान संस्थानों सहित बहु-हितधारक सहभागिता द्वारा समर्थित किया जाता है। ये सहभागिताएं संरचित, परिणामोन्मुखी सहयोग सुनिश्चित करने में सहायक होंगी।

जेडीआई के तहत, दोनों पक्षों ने नियमित रूप से सूचनाओं और सर्वोत्तम प्रणालियों के आदान-प्रदान, उभरती और भविष्य की प्रौद्योगिकियों में सहयोग को बढ़ावा देने और नीति एवं नियामक ढांचे, विनिर्माण और दूरसंचार तथा आईसीटी क्षेत्रों में कारोबारी सुगमता जैसे क्षेत्रों में संयुक्त प्रयासों के माध्यम से सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है।

दोनों पक्षों ने संयुक्त रूप से एक कार्ययोजना विकसित करने की इच्छा व्यक्त की, जिसमें विशिष्ट लक्ष्यों और पारस्परिक हित के क्षेत्रों को चिन्हित किया जाएगा, जिससे दोनों पक्षों की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्ययोजना तैयार हो सकेगी। दोनों देशों ने दूरसंचार और डिजिटल विकास पर आपसी समझ को बढ़ावा देने और साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए प्रासंगिक अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मिलकर काम करने की तत्परता भी व्यक्त की है।

# आयुर्वेद के मुताबिक एक साथ भूलकर भी नहीं खानी चाहिए ये चीजें

**आयुर्वेद एक्सपर्ट किरण गुप्ता जी के मुताबिक, गलत फूड कॉम्बिनेशन को खाने से शरीर में टॉक्सिंस उत्पन्न हो सकते हैं जो पाचन क्रिया को बिगाड़ते हैं और कई तरह की बीमारियों का भी कारण बन सकते हैं. ऐसे में आपको पता होना चाहिए कि किन चीजों को एक साथ भूलकर भी नहीं खाना चाहिए. ताकि सेहत पर कोई गलत असर न पड़े.**

आयुर्वेद एक्सपर्ट किरण गुप्ता जी के मुताबिक, गलत फूड कॉम्बिनेशन को खाने से शरीर में टॉक्सिंस उत्पन्न हो सकते हैं जो पाचन क्रिया को बिगाड़ते हैं और कई तरह की बीमारियों का भी कारण बन सकते हैं. ऐसे में आपको पता होना चाहिए कि किन चीजों को एक साथ भूलकर भी













नहीं खाना चाहिए. ताकि सेहत पर कोई गलत असर न पड़े.

विरुद्ध आहार में दूध और नमक सबसे पहला नाम है. इन्हें एक साथ नहीं खाना चाहिए. क्योंकि दूध ठंडा और मीठे स्वभाव का होता है, जबकि नमक गर्म और तीखा होता है. इनका संयोजन ब्लड प्यूरिफिकेशन और त्वचा पर बुरा प्रभाव डाल सकता है. इससे एलर्जी, त्वचा रोग (फोड़े-फुंसी), पाचन गड़बड़ी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

विरुद्ध आहार में दूध और नमक सबसे पहला नाम है. इन्हें एक साथ नहीं खाना चाहिए. क्योंकि दूध ठंडा और मीठे स्वभाव का होता है, जबकि नमक गर्म और तीखा होता है. इनका संयोजन ब्लड प्यूरिफिकेशन और त्वचा पर बुरा प्रभाव डाल सकता है. इससे एलर्जी, त्वचा रोग (फोड़े-फुंसी), पाचन गड़बड़ी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

दूध और मछली का सेवन भी आयुर्वेद में सख्त मना किया गया है. दोनों का स्वाभाव अलग-अलग होता है . जैसे मछली गर्म तासीर वाली होती है और दूध ठंडी तासीर वाला. ऐसे में इनका साथ में सेवन करने पर यह शरीर में जहर तक पैदा कर सकता है. इससे त्वचा रोग, एलर्जी, एक्ज़िमा तक की शिकायत हो सकती है.

दूध और मछली का सेवन भी आयुर्वेद में सख्त मना किया गया है. दोनों का स्वाभाव अलग-अलग होता है . जैसे मछली गर्म तासीर वाली होती है और दूध ठंडी तासीर वाला. ऐसे में इनका साथ में सेवन करने पर यह शरीर में जहर तक पैदा कर सकता है. इससे त्वचा रोग, एलर्जी, एक्ज़िमा तक की शिकायत हो सकती है.

वैसे तो कई लोग फ्रूट स्मूदी और शेख बना कर पीते हैं लेकिन आयुर्वेद में फल और दूध का सेवन एक साथ नहीं करना चाहिए. खासतौर पर खट्टे फलों का सेवन तो बिल्कुल नहीं करना चाहिए. खट्टे फल दूध को फाड़ सकते हैं और पाचन में समस्या पैदा करते हैं, जिससे गैस, अपच, एसिडिटी जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं. हालांकि, अगर सही तरीके से लिया जाए तो मीठे फल जैसे आम या केले का मिल्कशेक बना सकते हैं.







वैसे तो कई लोग फ्रूट स्मूदी और शेख बना कर पीते हैं लेकिन आयुर्वेद में फल और दूध का सेवन एक साथ नहीं करना चाहिए. खासतौर पर खट्टे फलों का सेवन तो बिल्कुल नहीं करना चाहिए. खट्टे फल दूध को फाड़ सकते हैं और पाचन में समस्या पैदा करते हैं, जिससे गैस, अपच, एसिडिटी जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं. हालांकि, अगर सही तरीके से लिया जाए तो मीठे फल जैसे आम या केले का मिल्कशेक बना सकते हैं.

अक्सर कुछ लोग पेट की कम करने के लिए गर्म पानी में शहद मिलाकर पीते हैं, जो एक विरुद्ध आहार है. जी हां, आयुर्वेद में गर्म पानी/चाय/दूध के साथ शहद सेवन मना किया गया है. आयुर्वेद के अनुसार, शहद को कभी भी गर्म नहीं करना चाहिए. गर्म करने पर यह जहर समान बन जाता है, जो पाचन तंत्र पर असर डालता है.

अक्सर कुछ लोग पेट की कम करने के लिए गर्म पानी में शहद मिलाकर पीते हैं, जो एक विरुद्ध आहार है. जी हां, आयुर्वेद में गर्म पानी/चाय/दूध के साथ शहद सेवन मना किया गया है. आयुर्वेद के अनुसार, शहद को कभी भी गर्म नहीं करना चाहिए. गर्म करने पर यह जहर समान बन जाता है, जो पाचन तंत्र पर असर डालता है.

शहद को घी के साथ भी नहीं खाना चाहिए. अगर घी और शहद को बराबर मात्रा में मिलाकर खाया जाए, तो यह शरीर के लिए जहरीला हो सकता है. जिससे टॉक्सिन बनना और शरीर में असंतुलन बन सकता है. ऐसे में इन विरुद्ध आहार का सेवन करने से बचें.

शहद को घी के साथ भी नहीं खाना चाहिए. अगर घी और शहद को बराबर मात्रा में मिलाकर खाया जाए, तो यह शरीर के लिए जहरीला हो सकता है. जिससे टॉक्सिन बनना और शरीर में असंतुलन बन सकता है. ऐसे में इन विरुद्ध आहार का सेवन करने से बचें.





